Page 11

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10




खेल

**भारत को टेस्ट सीरीज में खराब बल्लेबाजी के बाद भी मौका मिलेगा या नहीं, द्रविड ने दिए...**



देश

**अध्यक्ष जी कार्यकर्ता कुत्ता नहीं होता, मल्लिकार्जुन खरगे की बात पर भड़क गए...**

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • बुधवार • 07 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 58 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 63, 000 | ₹74,500 |



## आज का इतिहास

- 2012 : मालदीव में कई महीनों के राजनीतिक संकट ने राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद के इस्तीफे को खत्म कर दिया।
- 2006 : लाल सलाम में 1200 से अधिक लोगों की हत्या करने के बाद मिस्र के एक नौका को सलाम बोकासिआको डूब गया।

## न्यूज बाइट्स

### गरीब रथ 3 घंटे तो फरक्का 5 घंटे लेट

**नईदिल्ली (ए.)।** मंगलवार को 7 ट्रेन अपने निर्धारित समय से डिले चल रही है। सबसे अधिक लेट फरक्का एक्सप्रेस, गरीब रथ एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस है। ये तीनों गाड़ी 5 घंटे, 3 घंटे देरी से चल रही है। सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस और कामख्या ब्रह्मपुत्र मेल एक्सप्रेस भी घंटों लेट है।

### बिहार में पछुआ हवा से फिर बढ़ी ठंड

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में ठंड फिर से बढ़ने लगी है। एक बार फिर से लोगों को कनकनी महसूस होगी। पटना सहित पूरे राज्य भर में अगले 3 से 4 दिनों तक पछुआ हवा बहेगी। इस वजह से कनकनी बढ़ेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान में भी दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग की माने तो सोमवार की शाम से ही आसमान से बादल छंटने लगे थे। इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावनाएं जताई गई है।

### डीएलएड छात्र अब 13 तक कर सकते हैं पंजीयन

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) पाठ्यक्रम में नामांकन लेने वाले छात्रों के लिए पंजीयन तिथि बढ़ा दी है। प्रशिक्षण सत्र 2023-25 में नामांकन लेने वाले छात्रों के लिए 24 जनवरी से छह फरवरी तक पंजीयन की तिथि तय थी, जिसे बढ़ा कर 13 फरवरी तक कर दी गयी है। समिति ने कहा है कि सभी संस्थानों को छात्रों की संख्या के आधार पर पंजीयन शुल्क अग्रिम जमा करना होगा। इसके बाद ही पंजीयन फॉर्म भरा जाएगा। जितने छात्रों का पंजीयन भरा जाएगा उसके अनुसार प्रत्येक एक छात्रों के लिए 400 रुपये जोड़ कर जमा करना होगा। समिति ने कहा है कि प्रशिक्षण संस्थानों में स्वीकृत सीट के अनुसार ऑनलाइन माध्यमों से समिति की ओर से चयनोपरांत अथवा प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं स्पॉट नामांकन प्रक्रिया में विधिवत नामांकित एवं वैध तथा सही अभ्यर्थित्व वाले छात्रों का ही पंजीयन संस्थान को कराना है। त्रुटि होने पर बाद में किसी भी तरह का संशोधन नहीं किया जाएगा।

### मैट्रिक परीक्षा : छह जिलों के 35 केन्द्रों को बदला गया

**पटना (नि.सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2024 के कई जिलों के परीक्षा केंद्र को बदल दिया है। समिति ने कहा है कि भोजपुर, सीवान, मुंगेर, बेगूसराय, मधेपुरा एवं गोपालगंज जिले के 35 परीक्षा केंद्रों को अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित किया गया है। इन जिलों के केन्द्रों के परीक्षार्थियों का नया एडमिट कार्ड भी जारी कर दिया गया है। पहले से जारी एडमिट कार्ड को रद्द कर दिया गया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कैबिनेट में 14 एजेंडों को मिली मंजूरी

# जिले में बनेंगे 2165 पंचायत भवन, इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को 10 हजार रुपये देगी सरकार

निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को 10 हजार रुपये देने वाली है। सभी सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों को बीटेक के सातवें सेमेस्टर में यह प्रोत्साहन राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बिहार कैबिनेट की बैठक में 14 एजेंडों पर मुहर लगाई गई।

बिहार सरकार 2,165 पंचायत भवन बनाएगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में 1,083 और सामान्य क्षेत्र में 1,082 भवन बनेंगे। इस पर 6 हजार करोड़ 10 लाख 38 हजार 707 करोड़ खर्च होंगे। बिहार में एनडीए सरकार के गठन के बाद कैबिनेट की यह दूसरी और मंत्रियों के बंटवारे के बाद पहली बैठक है। इससे पहले हुई कैबिनेट मीटिंग में चार एजेंडों पर मुहर लगाई गई थी। राज्य मंत्रिमंडल ने एनआईटी में एग्जीब्यूशन संटेर भवन के निर्माण को मंजूरी दी है। इसके लिए 47।76 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा विज्ञान प्रविधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय में सीधी नियुक्ति के लिए 2022 में निकाले गए विज्ञापन के लिए परीक्षा शुल्क माफ कर दिया गया है। इसका लाभ 34677 आवेदकों को होगा। इस बैठक में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा समेत अन्य मंत्री शामिल हुए। बता दें कि बिहार में 28 जनवरी को ही एनडीए की सरकार का गठन हुआ था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ दो डिप्टी सीएम और 6 अन्य मंत्रियों ने शपथ ली थी। हाल ही में नए मंत्रियों को विभाग बांटे गए हैं। वहीं बिहार विधान मंडल के बजट सत्र की तिथि बढ़ाने का भी फैसला लिया गया था और फ्लोर टेस्ट को लेकर भी फैसला लिया गया था। बताते चलें कि 12 फरवरी से बिहार विधानमंडल का सत्र शुरू हो रहा है। इसी दिन सरकार विश्वास मत हासिल करेगी।



### ग्रुप डी के आवेदन पर नहीं लगेगी कोई फीस

विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्रीय कार्यालय में ग्रुप डी के आवेदन के लिए कोई फीस नहीं लगेगी। तीन लाख 46 हजार 777 आवेदन करता को लाभ मिलेगा। परीक्षा शुल्क माफी पर कैबिनेट ने मुहर लगाई है।

### इनक्यूबेशन सेंटर भवन बनेगा

एनआईटी पटना में इनक्यूबेशन सेंटर भवन बनेगा। बी प्लस, जी प्लस 4 स्टोरी बिल्डिंग बनेगा। कुल 47.76 करोड़ खर्च से यह इमारत बनेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत दी गई है। पशुपालक को वेटनरी डॉक्टर उनके घर तक पहुंच कर जानवर को स्वास्थ्य देखेंगे। सात निश्चय पार्ट 2 के तहत बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन पर कुल 64 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। उद्योग विभाग के रेजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्ममेंस योजना के लिए 2023-24 से 2026-27 तक 140.74 करोड़ की राशि स्वीकृति किए गए है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की स्वीकृति एक अरब चार करोड़ 90 लाख 45 हजार की योजना केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से चलेगी।

# तीसरे चरण की बिहार शिक्षक भर्ती :10 फरवरी से करें आवदेन, ईबीसी-ओबीसी नहीं होंगे शामिल

निज संवाददाता | पटना

बीपीएससी ने तीसरे चरण की बिहार शिक्षक भर्ती का ऐलान कर दिया है। बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष अतुल प्रसाद ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि बीपीएससी टीआरई फेज-3 के लिए आवेदन की प्रक्रिया 10 फरवरी 2024 से शुरू होगी। इस भर्ती के लिए योग्य अभ्यर्थी 23 फरवरी तक आवेदन कर सकेंगे। 7 मार्च से 17 मार्च तक परीक्षा होगी। अगस्त में बीपीएससी टीआरई 4.0 का आयोजन होगा। जल्द ही आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.bpsc.bih.nic.in का इसका विस्तृत नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा और अभ्यर्थी onlinebpsc.bihar.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। इस भर्ती में कक्षा एक से 12वीं तक के टीचरों की भर्ती की जाएगी।

बीपीएससी चेयरमैन अतुल प्रसाद ने कहा कि एससी-एसटी विभाग की अधियाचना बाद में आने के चलते उसे शिक्षा विभाग की वैकेंसी के साथ ही जोड़ दिया गया था। चूंकि शिक्षा विभाग का सप्लीमेंट्री रिजल्ट नहीं आ रहा है इसलिए एससी-एसटी विभाग का भी नहीं आएगा। ईबीसी बीसी वेलफेयर का सप्लीमेंट्री आ गया है। तो अब टीआरई 2.0 की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। अगस्त में टीआरई 4.0 होगा। इससे पहले मार्च में टीआरई 3.0 होगा। चूंकि सप्लीमेंट्री रिजल्ट नहीं जारी किया जा रहा है इसलिए आप इसे सप्लीमेंट्री एग्जाम के तौर पर ले सकते हैं।



### निगेटिव मार्किंग नहीं होगी

अतुल प्रसाद ने कहा कि बीपीएससी टीआरई 3.0 में नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी क्योंकि अभ्यर्थी उसके लिए तैयार नहीं हैं। आगे जाकर टीआरई में नेगेटिव मार्किंग रखने का सोचा जाएगा, जब अभ्यर्थी पूरी तरीके से बीपीएससी एग्जाम के तौर तरीके से वाकिफ हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार भी मल्टीपल रिजल्ट दिया जाएगा। टीआरई फेज दो की तरह ही फेज तीन में भी एक ही परीक्षा होगी। यह परीक्षा ढाई घंटे की होगी। इसमें भाग एक में भाषा की परीक्षा होगी। भाग 2 सामान्य अध्ययन और भाग तीन संबंधित विषय की परीक्षा होगी। भाग एक यानी भाषा पेपर क्वालिफाइंग विषय होगा। यह 30 नंबर के 30 प्रश्न पूछे जाएंगे। सामान्य अध्ययन 40 नंबर के 40 नंबर के होंगे। वहीं जिस विषय के शिक्षक बनेंगे, उस विषय से 80 नंबर से 80 सवाल पूछे जाएंगे। भाषा में क्वालिफाइ करने के बाद ही मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी। मेन यह तीनों एक ही बुकलेट में होगा।

पब्लिक एग्जामिनेशन बिल लोकसभा में पास हुआ

# पेपर लीक-चीटिंग पर 10 साल जेल, एक करोड़ जुर्माना

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा ने मंगलवार (6 फरवरी) को सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल पर रोक लगाने के लिए 'धोखाधड़ी विरोधी' बिल पास कर दिया। इसके अनुसार अधिकारियों के साथ मिलकर परीक्षा के पेपर लीक करने या उत्तर पुस्तिकाओं के साथ छेड़छाड़ करने वालों को 10 साल तक की जेल और 1 करोड़ का जुर्माना लगेगा। इसके पहले संसद के बजट सत्र के पांचवें दिन यानी मंगलवार को सदन की कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के स्थानीय चुनावों (नगर निगम और पंचायत) में आरक्षण पर चर्चा से शुरू हुई। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार 5 फरवरी को लोकसभा में जम्मू-कश्मीर लोकल बॉडीज लॉज (अमेंडमेंट) बिल 2024 पेश किया था। इधर, राज्यसभा में कंसीडरेशन द कॉन्स्टीट्यूशन (शेड्यूल्ड ट्राइब्स) ऑर्डर (अमेंडमेंट) बिल 2024 और कॉन्स्टीट्यूशन (शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स) ऑर्डर्स (अमेंडमेंट) बिल 2024 पर चर्चा शुरू हुई।

# बालू के अवैध खनन और ढुलाई से लग रहा जाम, सरकार करेगी कार्रवाई

निज संवाददाता | पटना

प्रदेश के सात जिलों की नदियों से अवैध खनन और बालू की ढुलाई का अवैध काम तेजी से बढ़ रहा है। बालू ढोने की वजह से इन जिलों में जाम की समस्या भी बढ़ी है। बढ़ती समस्या को देखते हुए सरकार ने अब इससे सख्ती से निपटने का निर्णय लिया है। सोमवार को मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने इस मुद्दे को लेकर संबंधित सात जिलों के खनन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस की वस्तु स्थिति का आकलन किया और निर्देश दिए कि पुलिस और प्रशासन के सहयोग से रणनीति बनाकर बालू के अवैध खनन और इसकी ढुलाई पर रोक लगाई जाए।

### टीम गठित करने के निर्देश

मुख्य सचिव ने कहा यह गंभीर समस्या है और इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने बैठक में मौजूद आरएस भट्टी को निर्देश दिए कि वे अपने स्तर से जिलों में पुलिस की टीम गठित करें ताकि अवैध बालू का खनन करने और इसकी ढुलाई करने वालों पर नकेल लगाई जा सके। हाल के दिनों में बालू के अवैध खनन और इसे रोकने के लिए की गई कार्रवाई के विरोध में माफियाओं की बढ़ती गतिविधियों पर भी मुख्य सचिव ने नाराजगी जताई और कहा राज्य में इस प्रकार का अवैध कार्य करने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले रणनीति बनाकर दो दिन के अंदर बालू माफिया के खिलाफ कार्रवाई प्रारंभ करें और अपनी रिपोर्ट से राज्य मुख्यालय और मुख्य सचिव कार्यालय को भी अवगत कराएं।

### यहां जाम की समस्या

मुख्य सचिव ने अधिकारियों से संबंधित जिलों का ब्योरा मांगा। उन्हें जानकारी दी गई कि अवैध बालू की ढुलाई की वजह से पटना के अलावा भोजपुर, सारण, बक्सर, अरवल, औरंगाबाद और रोहतास में आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न होती है। साथ ही नदियों से अवैध बालू खनन होने की वजह से सरकार को भारी राजस्व का नुकसान भी उठाना पड़ता है।

# पहली बार राष्ट्रीय स्कूल शतरंज प्रतियोगिता, 29 राज्यों के 1000 से ज्यादा खिलाड़ी ले रहे हिस्सा



निज संवाददाता । पटना

पटना के ज्ञान भवन में 12वीं नेशनल स्कूल चेस चैंपियनशिप-2024 की शुरुआत हो गई है। उद्घाटन मुख्य अतिथि अर्जुन पुरस्कार विजेता और ग्रैंडमास्टर प्रवीण कुमार थिप्से ने किया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और ऑल बिहार चेस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चैंपियनशिप 10 फरवरी तक चलेगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि बिहार के लिए बहुत गर्व की बात है। नेशनल स्कूल चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार बिहार में हो रहा है। इस प्रतियोगिता की भव्यता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि देश के 29 राज्यों से 1000 से ज्यादा खिलाड़ी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। इसमें बिहार के भी 250 खिलाड़ी शामिल हैं।

### प्रतियोगिता में कई आयुवर्ग के खिलाड़ी ले रहे भाग

अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग के बालक और बालिका वर्ग समेत कुल 12 श्रेणियों में मुकाबले होंगे। हर आयुवर्ग के विजेता खिलाड़ियों को कुल 5 लाख से ज्यादा नगद पुरस्कार के अलावा प्रथम तीन स्थान पाने वाले को ट्रॉफी और मेडल भी दिए जाएंगे। अभिभावकों, प्रशिक्षकों और तकनीकी अधिकारियों समेत करीब 2500-3000 लोगों की प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थिति हैं।

# पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, 11 की मौत, कई घायल



**हरदा (मध्य प्रदेश)(ए.)।** मध्य प्रदेश के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हो गया। हादसे में 11 लोगों की मौत बताई जा रही है। कई घायलों की स्थिति गंभीर है। मौके पर मौजूद एनडीआरएफ(नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स) मलबे में दबे लोगों को निकाल रही हैं। टीम जब जेसीबी से मलबा हटा रही थी इस दौरान एक और धमाका हो गया। जिला अस्पताल प्रबंधन के अनुसार 200 से ज्यादा घायल अस्पताल लाए गए हैं। इनमें 132 पुरुष और 98 महिलाएं के साथ बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम भी रेफर किया गया है। पटाखों की यह फैक्ट्री हरदा शहर में ही मगरधा रोड पर बैरागढ़ गांव में है। धमाका मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुआ। धमाके की चपेट में आने से कई राहगीर वाहन समेत दूर उछल गए। धमाका इतना तेज था कि पूरे शहर में इसकी आवाज सुनाई दी। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से देखा जा रहा था। करीब एक घंटे तक धमाके होते रहे। जानकारी मिली है कि फैक्ट्री के आसपास बने घरों में बारूद रखा था। धमाके के बाद 60 घरों में आग लग गई। एहतियातन 100 से ज्यादा घरों को खाली कराया गया है। हरदा के आसपास के 7 जिलों की फायर ब्रिगेड बुलाई गई हैं। आग अभी भी सुलग रही है। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। हरदा एसडीएम केसी परते ने कहा कि फैक्ट्री अनफिट थी।

# अब सरकारी स्कूल के बच्चे क्यूआर कोड स्कैन कर करेंगे पढ़ाई

निज संवाददाता | पटना

अब सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर किसी भी विषय की पुस्तक पढ़ सकेंगे। शिक्षा विभाग ने ई-लॉट्स (ई-लाइब्रेरी टीचर्स एंड स्टूडेंट्स) से सरकारी स्कूलों की किताबें भी डिजिटल किया है। पहले से 12वीं कक्षा तक की सभी पुस्तकों को अब ऑनलाइन कर दिया गया है। सरकारी स्कूलों के बच्चे क्यूआर कोड स्कैन कर किसी भी चैप्टर को ऑनलाइन पढ़ सकते हैं। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद और एससीइआरटी ने सभी विषयों की किताबों को डिजिटल किया है। क्यूआर कोड को स्कैन करते ही किताब बच्चों के मोबाइल में उपलब्ध हो जाएगी, जिसके बाद बच्चे मोबाइल पर अपना मनचाहा पाठ आसानी से पढ़ सकेंगे। शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह को पत्र भेजकर ई-लॉट्स (ई-लाइब्रेरी टीचर्स एंड स्टूडेंट्स) के क्यूआर कोड का प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया है। प्रधानाध्यापक के माध्यम से सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों को ई-लॉट्स (ई-लाइब्रेरी टीचर्स एंड स्टूडेंट्स) को स्कैन कर पढ़ाई के लिए जागरूक करने के लिए कहा गया है। शिक्षा विभाग ने सभी किताबों को क्यूआर कोड के माध्यम से ई-लाटस से लिंक कर दिया है।

# मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया पद प्रभार ग्रहण



**पटना(नि.सं.)।** मंगलवार को मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, डॉ. प्रेम कुमार के द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग का प्रभार ग्रहण करते हुए सरदार पटेल भवन स्थित कार्यालय का भ्रमण किया गया। अपर मुख्य सचिव एवं विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा मंत्री महोदय का स्वागत किया गया। बैठक में अपर मुख्य सचिव, प्रत्यय अमृत, विशेष सचिव, खुर्शीद अकरम, संयुक्त सचिव, नदीमुल गफ्फार सिद्दीकी, विशेष कार्य पदाधिकारी, शैलेश चन्द्र दिवाकर एवं संदीप कुमार उपस्थित थे। मंत्री को विभाग के द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी गयी।

# निजी विश्वविद्यालय के बच्चों को प्रदान करें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : राज्यपाल

- राज्यपाल ने कहा कि निजी विश्वविद्यालय अपनी विभिन्न गतिविधियों के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग करें। वे बच्चों को एनसीसी तथा एनएसएस से भी जोड़ें।



निज संवाददाता | पटना

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने बिहार के निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ राजभवन में बैठक कर वहाँ की गतिविधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की संख्या, पढ़ाये जाने वाले विषय एवं आधारभूत संरचना आदि की जानकारी ली तथा उनसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में निजी विश्वविद्यालयों का भी योगदान है और यहां की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार हेतु सबको मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा को स्थापित करने की जरूरत है और इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों को लागू किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी बच्चों का अधिकार है। निजी विश्वविद्यालयों को प्रयास करना चाहिए कि गांवों के गरीब बच्चों को भी ऐसी शिक्षा मिले और इसके लिए सभी संभव प्रयास किये जाने चाहिए। वे गांवों में जाकर भी बच्चों को मदद कर सकते हैं। विश्वविद्यालय ग्रामीण लोगों की मदद के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी से भी मदद ले सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि निजी विश्वविद्यालय अपनी विभिन्न गतिविधियों के लिए नवीनतम तकनीकों का उपयोग करें। वे बच्चों को एनसीसी तथा एनएसएस से भी जोड़ें। बैठक में राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू, बिहार के निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### दो आरोपी गिरफ्तार

**नारदीगंज।** थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सोमवार की रात पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान संदोहरा गांव का फरार वारंटी नरेश चौधरी व मदन चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वही दूसरी ओर जगजीवन नगर मुसहरी कारु बिगहा निवासी संजय मांझी की पुत्री को अपहरण मामले में 164 के बयान हेतु मंगलवार को न्यायालय भेजा गया है। यह जानकारी थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने दिया.

### छह माह बीत गए,नहीं मिली राशि

**नारदीगंज।** नारदीगंज बाजार में स्थित पंजाब नेशनल बैंक उपभोक्ता सुरेन्द्र प्रसाद ने पीएनबी शाखा प्रबंधक को आवेदन देकर एटीएम से राशि मिलने की शिकायत दर्ज की है। कहा गया कि छह माह बीत गया है,बावजूद राशि नहीं मिल पाया है। बैंक का चक्कर लगाते हुए भी परेशान हो रहा हूं, लेकिन राशि नहीं मिल पा रहा है।कहा गया जबकि एटीएम से बैलेंस भी कट गया है। उन्होंने बताया मेरा खाता संख्या 2727000100124930 है। इस खाता से पांच अगस्त 2023 को 10 बजकर 14 मिनट 36 सेकेंड में एटीएम से नौ हजार रुपये निकाले, तब मेरा खाता से बैलेंस कट गया था, लेकिन उससे राशि नहीं मिल पाया। मामले की शिकायत शाखा प्रबंधक से तत्काल किया,लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी राशि के लिए भटक रहा हूं।जो गंभीर विषय बनकर रह गया है।

### अतिक्रमणकरियों पर चला प्रशासन का डंडा, जप्त किया सामान

**नवादा।** जिले के नवनियुक्त अकबरपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने नेशनल हाईवे 20 के रजौली- नवादा पथ पर फतेहपुर मोड़ के पास बने ओवरब्रिज के नीचे अतिक्रमणकारियों द्वारा दुकान व गुमटी लगाने की मंशा को विफल कर दिया। इसके साथ ही अतिक्रमणकारियों द्वारा लाये गए सामानों को जप्त कर थाना लाया है। बताया गया है कि अकबरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोड़ के समीप सोमवार की रात्रि अचानक फोरलेन कंपनी द्वारा बनाये गये ओवरविज्र के नीचे अवैध रुप से दुकान एवं गुमटी लगाने कुछ लोग चौकी ,ठेला एवं मिठाई का काउंटर लेकर पहुंच गए। इसी दौरान गुमटी लगाने को लेकर लोग आपस में भीड़ गये और मारपीट होने लगी। घटना की सूचना रजौली डीएसपी समेत थानाध्यक्ष को दिया गया। सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी दल बल के साथ फतेहपुर मोड़ पहुंचे और अवैध रुप से ठेला,चौकी, मिठाई का काउंटर लगा रहे लोगों को खदेड़ लाये गये सामानों को जप्त कर थाना लाया । रात्रि होने के कारण सभी लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। बता दें कि 12 जनवरी को सीओ के आदेश पर पुलिस ने ओवरविज्र के नीचे अवैध रुप से दुकान लगाने वाले से विज्र को अतिक्रमण मुक्त करवाते सभी दुकानों को हटा दिया था । बता दें उक्त स्थान पर फतेहपुर के कुछ लोगों के द्वारा विज्र के नीचे दुकान लगाने के नाम पर अवैध रुप से 5 से 10 हजार रुपए प्रति माह बतौर रंगदारी वसूली जाती थी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने फतेहपुर के गुड्डू हलवाई को रंगदारी वसूलने के मामले में जेल भेज दिया था। एकबार फिर जब नये थानाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया तब उक्त लोग के साथ कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा पुनः विज्र के नीचे दुकान कब्जा करने को लेकर लोग पहुंच गये और कब्जा करने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए सभी को खदेड़ दिया।

### हथियार के बल पर बाइक लूटी

**बेगुसराय।** बेगूसराय-वीरपुर-संजात पथ पर रविवार की शाम हथियार के बल पर बदमाशों ने बेगूसराय गाछी टोल निवासी विकास चौधरी की बाइक लूट ली। उनसे बदमाशों ने 11 हजार 500 रुपए व मोबाइल भी छीन लिए। पीड़ित ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें कहा है कि वह फिलहाल मुजफ्फरा में किराए के मकान में रहते हैं। बेगूसराय शो रूम से शाम करीब साढ़े 7 बजे नई मोटरसाइकिल टीवीएस विक्की खरीद कर मुजफ्फरा की ओर लौट रहे थे। तभी लतराही पुल के पास दो बाइक पर सवार 4 बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और पिस्तौल दिखाकर उनसे बाइक,नगदी व मोबाइल लूट लिए।

### नव पदस्थापित सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**बेगूसराय।** समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय के नव पदस्थापित सीडीपीओ नितेश कुमार ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के नौला पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 11,12,13,14,77, और 78का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित होने वाली विभिन्न गतिविधियों से संबंधित विभिन्न तरह की पंजिओं, सेविका सहायिका व बच्चों की उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन करते देखें गये। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 12 पर बच्चों को दी जाने वाली गर्म और ताजा भोजन का भी रसास्वादन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सहायिकाओं को साफ सफाई, आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होने से पहले आने, बच्चों को बुलाने, स्वादिष्ट भोजन पकाने, अपने बच्चों की तरह श्रर्धा भाव से उपस्थित बच्चों को हांथ धुलाने के बाद भोजन कराने जैसी आवश्यक निर्देश को भी देते देखे गए। उन्होंने सेविकाओं से बच्चों के ग्रोथ चार्ट, जन्म मृत्यु, संस्था गत प्रसव, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व उत्थान योजना , टिकाकरण, फाइलेरिया आदि के बारे में गृह भ्रमण के दौरान विस्तार से जानकारी देते रहने का भी निर्देश दिए।

### राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर पीके ने सवाल उठाए, कांग्रेस के तेलंगाना सीएम ने बिहारियों के DNA को मजदूर वाला बताया था

**खगड़िया।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के 'बिहार DNA' वाले बयान पर बिहार में 17 महीनों से जन सुराज अभियान के तहत पदयात्रा कर रहे प्रशांत किशोर ने करारा प्रहार किया है। खगड़िया में प्रशांत किशोर ने कहा कि बताइए राहुल गांधी बिहार में पदयात्रा करने आए हैं। वहीं, तेलंगाना में कांग्रेस का अभी जो मुख्यमंत्री बना है, एक महीने पहले जुम्मा-जुम्मा जिस आदमी को मुख्यमंत्री बने दो हफ्ते भी नहीं हुए और उस आदमी की इतनी कुब्बत है कि कहता है कि बिहारियों का DNA है मजदूरी करने का। उन्हीं की पार्टी के राहुल गांधी बिहार में आकर वोट मांगते हैं। अगर, हम लोगों की कुब्बत मजदूरी करने की है, तो हम लोगों से वोट मांगने क्यों आ रहे हो? तेलंगाना के वोट से ही देश के राजा बन जाओ। अगर मोदी जी किसी उद्योगपति को कह दें कि बिहार में चीनी मील को चालू कर दो, तो किसकी हिम्मत है न करेः प्रशांत किशोर ने कहा कि अगर मोदी जी को लगता है कि बिहार पिछड़ा है, तो आप मुझे बताइए कि गुजरात में इन्वेस्टमेंट समिट के तहत लाखों-करोड़ों रुपए का इन्वेस्टमेंट होता है। दस वर्षों से मोदी जी प्रधानमंत्री हैं, एक दिन बिहार भी आ जाते। लाख, करोड़ का नहीं एक, दो-चार हजार करोड़ की फैक्ट्री बिहार में भी लगवा देते। लोग कहते हैं कि मोदी जी 16 घंटे काम करते हैं, तो एक दिन में 16 घंटे बिहार के लोगों के लिए भी निकाल लेते और बिहार की चीनी मील को चालू करवा देते। अगर, मोदी जी किसी उद्योगपति को कह दें कि बिहार में चीनी मील को चालू कर दो, तो किस उद्योगपति की हिम्मत है कि बिहार में चीनी मील चालू नहीं करेगा। गुजरात से 26 सांसद जीतकर गए वहां मोदी बुलेट ट्रेन ला रहे, बिहारियों ने 39 MP जीताया और पैसेंजर ट्रेन के लिए कर रहे इंतजारः प्रशांत किशोर ने कहा कि जिस गुजरात से 26 एमपी जीतकर गए, वहां हर 10वें दिन मोदी जी इन्वेस्टमेंट समिट करा रहे हैं, हर 15वें दिन वहां जाकर बैठक कर रहे हैं।

### रिले कक्ष से बैटरी चोरी मामले में रेल पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**बेगूसराय।** सोनपुर मंडल के बछवाड़ा बरौनी रेलखंड के मजनूपुर नवादा होल्ट के समीप गुमटी संख्या 18 के समीप बने रेलवे रिले कक्ष से बैटरी चोरी मामले में एक व्यक्ति को रेलवे सुरक्षा बल बछवाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । मामले को लेकर आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि गोधना पंचायत के नवादा गांव निवासी बमबम महतो को गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार व्यक्ति विगत दिनों मजनूपुर नवादा हॉल्ट के समीप गुमटी संख्या 18 के समीप बने रेलवे रिले कक्ष से हुए बैटरी चोरी मामले में संलिप्त होने का आरोप है । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को पूछताछ के उपरांत रेलवे कोर्ट मैं उपस्थित करते हुए न्यायिक हिरासत बेगूसराय भेज दिया गया है ।

# डीएम ने किया लोकसभा चुनाव नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा

**निज संवाददाता। नवादा**




जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आसन्न लोक सभा आम निर्वाचन के अवसर पर लोक सभा आम निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, स्वतंत्र, पारदर्शी एवं निश्चित समय पर सम्पन्न कराने के लिए गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी और सहायक नोडल पदाधिकारी के साथ समीक्षात्मक बैठक किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सभी अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिकारी और कर्मियों के साथ बैठक करना सुनिश्चित करें। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 को सफल संचालन के लिए 34 कोषांगों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा गठन किया गया है। जिसमें से मुख्य कोषांग- कार्मिक, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, प्रशिक्षण कोषांग, वाहन कोषांग, सामग्री कोषांग, विधि-व्यवस्था प्रबंधन कोषांग, आदर्श आचार संहिता कोषांग, मीडिया कोषांग आदि के साथ 34 कोषांग का गठन किया गया है। सभी कोषांगों में वरीय प्रभारी पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, सहायक नोडल पदाधिकारी के साथ लिपिक और अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति आवश्यकता के अनुरूप की गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के पूर्व, मतदान के समय तथा मतदान के बाद सम्पन्न होने वाली क्रियाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी उपस्थित अधिकारियों को दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन के दायित्व का निर्वहन सभी अधिकारियों को करना है। सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने कोषांगों के लिए सामग्रियों का आकलन कर निर्वाचन से मांग पत्र दें। सभी नोडल पदाधिकारी अपने-अपने कोषांग के अधिकारियों और कर्मियों को प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करेंगे। मतदान कर्मियों को तीन बार प्रशिक्षण दिया जायेगा। मतगणना कार्य केएलएस कॉलेज में होगा। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 17 लाख 57 हजार 523 है, जिसमें पुरूष मतदाता 09 लाख 16 हजार 342, महिला मतदाता 08 लाख 41 हजार 30 है, थर्ड जेंडर की संख्या 151, दिव्यांगों की संख्या 11 हजार 718 है। 80 वर्ष से उपर के मतदाताओं की संख्या 40 हजार 360, सर्विस मतदाताओं की संख्या 03 हजार 541 है। नवादा लोक सभा आम निर्वाचन के तहत आने वाले विधान सभा की संख्या और नाम निम्नवत हैः- 235-रजौली (एससी), 236-हिसुआ, 237-नवादा, 238-गोविन्दपुर 239-वारिसलीगंज एवं 170-वरबीघा (शेखपुरा जिला) बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्त्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी कोषांगों के नोडल और सहायक नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## 10 फरवरी से शुरू होने वाले फाइलेरिया का उन्मूलन अभियान के सफलता हेतु दिलाई गई शपथ



**निज संवाददाता। बेगुसराय**

बिहार सरकार फाइलेरिया उन्मूलन के लिए हर स्तर पर प्रयास कर रही है. फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में एनसीसी , सक्रिय भूमिका पर चर्चा के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं पिरामल फाउंडेशन (एबीसी)की ओर से मंगलवार एनसीसी 9 बरौनी में एनसीसी के छात्र और अधिकारी के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पे सूबेदार गुरु देव सिंह के द्वारा फ्लेरियां उन्नमूलन की शपथ एनसीसी के छात्रों को दिलाई गई। इस अवसर पे प्रभारी चिकित्सा प्रभारी तेघरा डाक्टर रामकृष्ण ने बताया कि 10 फरवरी से सर्वजन दवा सेवन कायकर्म सामूहिक शुरू होगा.इस दौरान सभी लोगों को फाइलेरिया से निजात दिलाने के लिए दवा दी जायेगी. जिलों में लाभार्थियों को 3 दवाएं यानी एल्बेंडाजोल, डीईसी और आइवरमेक्टिन दी जाएंगी. 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी लोगों को उम्र के अनुसार फाइलेरिया रोधी दवाएं दी जाएंगी। इस अवसर पे पिरामल के प्रतिनिधि दीपक कुमार और दीपक मिश्रा ने बताया कि फाइलेरिया एलीफेंटियासिस मच्छर के काटने से फैलता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, फाइलेरिया दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। यह संक्रमण, जो आमतौर पर बचपन में होता है, लसीका प्रणाली को नुकसान पहुंचाता है और अगर इलाज नहीं किया जाता है, तो शरीर के अंगों में असामान्य सूजन हो जाती है।

## भवानन्दपुर के डॉ.जाफरी की नई किताब का लोकार्पण होने से क्षेत्र में हर्ष




**निज संवाददाता। बेगूसराय**

वीरपुर प्रखंड क्षेत्र के भवानंदपुर निवासी व साहित्यकार सह प्राध्यापक डॉ.जियाउर रहमान जाफरी की नई किताब 'डॉ. भावना का गजल साहित्य चिंतन और दृष्टि' का लोकार्पण जिला प्रशासन मुजफ्फरपुर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया गया । जिसमें वरीय उप समाहर्ता मुजफ्फरपुर जूली पाण्डेय, छपरा यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर अविनाश भारती के अलावा डॉ.भावना भी मौजूद रहीं। ,जिनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर इस किताब की रचना की गई है.। इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि डॉ.भावना इस समय की सबसे महत्वपूर्ण गज़लकार हैं.जिनके बिना विशेषकर हिन्दी ग़ज़ल की चर्चा नहीं की जा सकती है।. बताते चलें कि जाफरी की यह उनकी ग्यारहवीं प्रकाशित पुस्तक है. जो श्वेतवर्णा प्रकाशन नई दिल्ली से प्रकाशित हुई है. ।यह पुस्तक प्रगति मैदान में आयोजित 10 फरवरी से 18फरवरी तक लगे विश्व पुस्तक मेले में भी स्टॉल नंबर 11, हॉल नंबर 2 पर मौजूद रहेगी. जाफरी की पुस्तक प्रकाशित होने पर जिले के साहित्यकार अशांत भोला , प्रदीप बिहारी , डॉ. राजेंद्र साह, प्रो. सेहर अफ़रोज़, डॉ. प्रभात कुमार प्रभाकर, डॉ. रामा मौसम, शेखर सावंत,डॉ. अभिषेक कुमार, मनोज झा आदि ने शुभकामनायें दी हैं.।

# अनुमंडलीय अस्पताल खुद है बीमार, कैसे होगा मरीजों का इलाज

**निज संवाददाता। रजौली**



अनुमंडलीय अस्पताल बीते कई दिनों से खुद बीमार चल रहा है।ऐसे में अस्पताल पहुंचने वाले मरीज भी दूसरे कई बीमारियों का शिकार होने को मजबूर हैं।अनुमंडलीय अस्पताल के कुव्यवस्था का एक मुख्य कारण प्रभारी डीएस डॉ दिलीप कुमार समेत अस्पताल के सभी चिकित्सक एवं प्रबंधक द्वारा बरती जा रही लापरवाही बताई जा रही है।अनुमंडलीय अस्पताल में महिला चिकित्सक समेत कई कर्मियों का पद रिक्त है।इसके बावजूद मरीजों को मिलने वाली जरूरी सुविधाएं भी नदारद है।वहीं बुद्धिजीवियों की मानें तो अस्पताल में कमियों को गणना की जाए तो संख्या कम पड़ जाएगी,परन्तु अस्पताल की कमियां खत्म नहीं होगी।वहीं अस्पताल में मरीजों को एम्बुलेंस अथवा निजी वाहन से बेड तक ले जाने के लिए स्ट्रेचर या ट्राई साइकिल नहीं होता है,बन्द बिजली में पैथोलॉजी द्वारा जांच किया जाता है,घण्टों तक ड्यूटी में रहने वाले चिकित्सक अस्पताल से गायब रहते हैं आदि कई तरह की कमियां मौजूद है।यहां तक कि अनुमंडलीय अस्पताल में शौचालय बिना दरवाजा के महीनों से पड़ा हुआ है।साथ ही शौचालय में कचरों का अंबार भरा पड़ा है।ताजा मामला मंगलवार की सुबह का है।गोपालनगर के चुनचुन कुमार बीती रात्रि से उल्टी एवं दस्त से परेशान थे।वे सुबह लगभग 6 बजे अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज करते हुए स्लाइन आदि जरूरी दवाइयां दी।किन्तु मरीज को थोड़े देर बाद शौचालय जाने की अत्यंत आवश्यकता लगी।जब स्वास्थ्यकर्मियों की मदद से वे स्लाइन को छुड़ाकर शौचालय गए तो अस्पताल के सभी शौचालय ईंट-पत्थर आदि से भरे पड़े थे।साथ ही किसी मरीज के द्वारा इसके ऊपर भी मल त्याग कर छोड़ दिया गया था।जिससे बहुत दुर्गंध आ रही थी।वहीं जब नल को खोला गया,तो एक बूंद भी पानी नहीं गिरा।ऐसी स्थिति में दस्त के मरीज काफी असहज हो गए और छटपटाहट में पास के रहे एक परिचित के घर चले गए।वहीं मरीज द्वारा अस्पताल प्रबंधन से पूछे जाने पर वे लोग अपना-अपना पल्ला झाड़ते हुए नजर आए।जिसके बाद मरीज द्वारा डायल 104 के टॉल फ्री नम्बर पर कॉल करके शिकायत भी दर्ज कराई गई है।वहीं साफ-सफाई की जिम्मेदारी रखने वाले एनजीओ कर्मी भी अस्पताल में चुप्पी साधे नजर आए।वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण भी कुव्यवस्था से लिपटे अस्पताल को मुक्त कराने में असक्षम दिखाई दे रहे हैं।अस्पताल की ऐसी दुर्दशा देखकर लोग इलाज हेतु अस्पताल आने से भी डरने लगे हैं।

**क्या कहते हैं अस्पताल प्रबंधक-** अनुमंडलीय अस्पताल के प्रबंधक इरशाद अहमद ने बताया कि मुझे प्रभार लिए हुए मात्र डेढ़ माह हुआ है। इस दौरान अस्पताल के बेहतर संचालन हेतु बहुत सारे कदम उठाए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि समरसेबुल में कुछ टेक्निकल प्रॉब्लम है।हालांकि बीते सोमवार को प्रसव कक्ष की ओर के शौचालय में पानी मुहैया करवाया गया है।उन्होंने शौचालय में पानी की उपलब्धता को लेकर जल्द ही ठोस कार्रवाई करने की बात कही।साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मुझे भी बहुत खराब लगता है जब बिना दरवाजा के अस्पताल आये महिला या मरीज को शौचालय जाना पड़ता है।अस्पताल प्रबंधक ने यह भी कहा कि रोगी कल्याण समिति की मीटिंग में अस्पताल की कमियों को रखा जाएगा।ताकि व्याप्त समस्या का निवारण जल्द से जल्द हो सके।

**क्या कहते हैं प्रभारी डीएस-** वहीं अस्पताल के प्रभारी डीएस डॉ दिलीप कुमार ने जिला में सिविल सर्जन के साथ मीटिंग में आने की बात कही।साथ ही कहा कि अस्पताल के कमियों को जल्द दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

# डीएम ने आंतरिक संसाधन की बैठक में राजस्व, म्यूटेशन, जमाबंदी, परिमार्जन, पेयजल आदि क़ो लेकर किया समीक्ष

**निज संवाददाता। नवादा**



आशुतोष कुमार वर्मा जिला पदाधिकारी नवादा की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में राजस्व, म्यूटेशन, जमाबंदी, परिमार्जन, पेयजल, पंचायत सरकार भवन का निर्माण, भूमिहीन और भवनहीन विद्यालय, लोक शिकायत निवारण, भूअर्जन आदि से संबंधित आंतरिक संसाधन की महत्वपूर्ण बैठक हुई*। उन्होंने सभी अंचलाधिकारी को निर्देशित किया कि दो सप्ताह के अंदर म्यूटेशन से संबंधित सभी लंबित को समाप्त करें। जमाबंदी जो ऑनलाईन होता है, उसका मैनूअल रोकड़ में भी सुरक्षित अवश्य रखें। अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आवास विहीन लोगों के लिए जमीन चिन्हित करना सुनिश्चित करें। खतिहान स्कैनिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। 02 लाख 86 हजार जमाबंदी का सत्यापन किया जा चुका है। कोर्ट से संबंधित एमजेसी और सीडब्लूजेसी के संबंध में अधिकारियों को जानकारी दी गयी। प्रखंडों/ पंचायत में पशु अस्पताल के भवन निर्माण के लिए अंचलाधिकारी को जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिये। जिन पंचायतों में अबतक सरकार भवन का कार्य निर्माण नहीं हुआ है, वहां भी जमीन चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। भवनहीन विद्यालयों के लिए भी जमीन चिन्हित करने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया गया। डायट के पास शिक्षा भवन के निर्माण के लिए भी संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिया गया। पकरीबरावां प्रखंड के सुदूरवर्ती भाग तलहारा जहां बच्चे खुले आसमान के नीचे पढ़ रहे थे वहां प्यूरीफिकेडेट भवन का निर्माण कार्य शुरू कर लिया गया है। तलहारा के सम्पर्क पथ को आरडब्लूडी से पास हो गया है। शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में 88 प्राथमिक विद्यालय भवनहीन है। और 05 उच्च विद्यालय के पास भी अपना भवन नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक पंचायतों में उच्च विद्यालय खुलना है। जिन पंचायतों में हाई स्कूल नहीं है, वहां के लिए आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।उप विकास आयुक्त के द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा की गई। लोक शिकायत निवारण और आरटीपीएस की समीक्षा जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के द्वारा किया गया। अकबरपुर अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया कि एसीसी के तहत रयतों को भुगतान करना सुनिश्चित करें। जिले के सभी महादलित टोलों में सामुदायिक भवन का निर्माण होना है, जिसके लिए जमीन चिन्हित करने का निर्देश संबंधित अंचलाधिकारी को दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले की बिजली और पेयजल की सबसे बड़ी समस्या है। बिजली के लिए कार्यपालक अभियंता विद्युत को कई आवश्यक निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को कहा गया कि नल जल योजना की सुविधा सभी टोलों और गांवों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। माप तौल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिले के सभी पेट्रौल पम्प, धर्मकांटा आदि की जॉच कर यथाशीघ्र प्रतिवेदन दें। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर/रजौली, डीसीएलआर, गोपनीय प्रभारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्त्ता, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## अयोध्या धाम के लिए बरौनी स्टेशन होकर गुजरी आस्था स्पेशल ट्रेन

**निज संवाददाता। बेगुसराय**

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की दर्शन के लिए बरौनी जंक्शन से 160 से अधिक दर्शनार्थियों ने अयोध्या के लिए ट्रेन पर सवार हुए। श्री राम लला के दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों के लिए रेलवे ने व्यापक स्तर से व्यवस्था की थी। रेलवे द्वारा दर्शनार्थियों के लिए बैठने और नाश्ता के रूप में नमकीन वो चाय का भी उत्तम प्रबंध किया गया था। वहीं दर्शनार्थीयो को चंदन -तिलक लगाकर और पुष्प माला पहनकर स्वागत किया गया। राम लला के दर्शन को जाने बाले दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाजनक रेल यात्राओं को लेकर रेल विभाग ने पूरे देश में से लगभग 1000 से अधिक आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जिसको लेकर सोमवार को मुंगेर से अयोध्या धाम जाने वाली आस्था स्पेशल ट्रेन सोमवार की रात बरौनी स्टेशन होकर गुजरी ।बरौनी से लगभग 160 से अधिक दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं ने उक्त ट्रेन में राम लला के दर्शन के लिए रवाना हुए। आस्था ट्रेन से सफर करने वाले दर्शनआर्थियों के लिए बरौनी जंक्शन पर विभाग के निर्देश पर व्यापक स्तर पर व्यवस्था की गई थी । जिसमें यात्रियों के बैठने और नाश्ता के रूप में नमकीन व चाय का भी उत्तम प्रबंध किया गया था। साथ ही अयोध्या धाम जाने वाले सभी दर्शनार्थियों को चंदन -तिलक लगाकर और पुष्पमाला पहनकर स्वागत किया गया। बताते चलें कि 20 कोच वाली इस ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए सभी बोगी स्लीपर क्लास के लगाए गए हैं । इस ट्रेन से लगभग 1000 यात्रियों की सफर करने की व्यवस्था है । वापसी में उक्त ट्रेन 8 फरवरी को बरौनी स्टेशन पहुंचेगी। जिससे दर्शन करने वाले दर्शनार्थी उक्त ट्रेन से ही वापस आएंगे।

# मुफ्त विद्युत कनेक्शन के लिए शिविर आयोजित

**निज संवाददाता। बेगुसराय**

कृषकों को मुफ्त मिलेगा विद्युत कनेक्शन।किसानों को मुफ्त बिजली कनेक्शन के लिए सरकार की पहल जारी। बरौनी प्रखंड मे मंगलवार को हाजीपुर पंचायत समुदाय भवन पर मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना- 2 के कार्यान्वयन शुरू होने के पूर्व प्रखंड के विभिन्न पंचायतो में सक्षम कृषकों को कृषि कार्य के सहूलियत के लिए राज्य सरकार द्वारा मंगलवार पंचायत सामुदायिक परिसर में मुफ्त विद्युत कनेक्शन शिविर का आयोजन किया गया । इस संबंध में सहायक विद्युत अभियंता विष्णु कांत पंडित ,कनिय विद्युत अभियंता, अनिल कुमार ने बताया की नगर परिषद सामुदायिक भवन हाजीपुर से सीताराम चौधरी, अशोक चौधरी ,शिव शंकर चौधरी पिंटू कुमार, रंजीत चौधरी सुबोध चौधरी, प्रमोद चौधरी, विनोद चौधरी, निलेश चौधरी , राजेश चौधरी, प्रमोद चौधरी, मनोज चौधरी ,सहित करीब 17 कृषकों के द्वारा मुफ्त विद्युत कनेक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया । इसके लिए आधार कार्ड , जमीन का रसीद अनिवार्य होगा।उन्होंने बताया की बारो, निपानिया में भी कैंप का आयोजन किया जाएगा । इस अवसर पर विद्युत विभाग कर्मी नीरज कुमार, दीपक कुमार, लाइनमैन दिनेश कुमार राय आदि उपस्थित थे ।

## जिला स्तरीय क़ृषि टास्क फोर्स की बैठक में उप विकास आयुक्त ने दिया निर्देश

**निज संवाददाता। नवादा**



जिला पदाधिकारी के निदेश के आलोक में दीपक कुमार मिश्रा उप विकास आयुक्त ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक किये। आज बैठक में बीज का आच्छादन, उर्वरक, मिट्टी जॉच, भूमि संरक्षण, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सिंचाई, विद्युत आपूर्ति से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा हुई। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि गेहूं 102 प्रतिशत, मक्का 112 प्रतिशत, जौ 205 प्रतिशत और विभिन्न प्रकार के दलहन का 107 प्रतिशत जिले में आच्छादन किया गया है। जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। यूरिया 05 हजार 664 एमटी, डीएपी 470 एमटी, एनपीके 367 एमटी उर्वरक जिले में उपलब्ध है*। उप विकास आयुक्त के द्वारा रबी दलहन वर्ष 2023-24 के प्रखंडवार और फसलवार लक्ष्य/अंतिम आच्छादन के संबंध में विस्तृत समीक्षा किये। कृषि यांत्रिकरण की समीक्षा में पाया गया कि इस मद में 02 करोड़ 66 लाख 28 हजार रूपये राज्य योजना के मद से प्राप्त हुआ है। इसके तहत कुल निर्गत स्वीकृत पत्रों की संख्या 2092 है। कृषि कार्य के लिए कुल क्रय किये गए यंत्रों की संख्या 449 है। सहायक निदेशक रसायन के द्वारा बताया कि जिले में कुल 04 हजार 993 मिट्टी जॉच नमूना का लक्ष्य था। इसके तहत ऑन लाईन 04 हजार 993 नमूना प्राप्त हुआ। प्रयोगशाला में सभी नमूने की जॉच की गयी। किसानों को 3022 मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। उप निदेशक भूमि संरक्षण के द्वारा बताया गया कि सिरदला प्रखंड में 05 जल छादन समिति बनाया गया जिसके तहत उपचार किये गए योग्य भूमि 5224 हेक्टर है। कौआकोल प्रखंड में 04 जल छाजन समिति के माध्यम से उपचार किये गए योग्य भूमि 4488 हेक्टर है। अकबरपुर और नरहट प्रखंड में 09 जल छाजन समिति के द्वारा उपचार किये गए योग्य भूमि 4953 हेक्टर है। लघु सिंचाई के द्वारा हर खेत तक सिंचाई का पानी एवं जल जीवन हरियाली वर्ष 2023-24 में विभिन्न प्रखंडों में चल रही योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गयी। सभी योजनाओं में 25 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई के द्वारा बताया गया कि जिले में नलकूपों की संख्या 159 है जिसमें 93 चालू है। बंद नलकूपों को चालू करने का कार्य प्रगति में है।

बाजार से घर लौटने के दौरान हुआ हादसा, चालक फरार

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत



निज संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** रोहतास के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के दुर्गाडीह हाई स्कूल के पास सोमवार रात सासाराम-आरा स्टेट हाईवे पर सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के कोसंधा गांव निवासी जयप्रकाश सिंह के पुत्र अरुण कुमार(34) उर्फ गुड्डू के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची बिक्रमगंज की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया। मृतक के बड़े भाई वरुण कुमार ने बताया कि उनका भाई (अरुण) बिक्रमगंज से बाजार कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस क्रम में वो जैसे ही दुर्गाडीह पुल पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे अरुण कुमार उर्फ गुड्डू पुल के नीचे नहर में जा गिरा, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को मिलते ही स्थानीय पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही बिक्रमगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को बाहर निकलवाया। शव की पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के पहुंचने के बाद शव को सासाराम के सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना के बाद परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, खेत जाने के दौरान हुआ हादसा



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में करंट लगने से एक किसान की मौत हो गई। घटना जिले के बिशुनगज ओपी क्षेत्र के टेकौरा गांव में घटी है। जहां देवेंद्र यादव खेत देखने के लिए बधार जा रहा था, जैसे ही वह ट्रांसफार्मर के पास पहुंचा, तभी 11000 वोल्ट की तार टूटकर मृतक के शरीर पर गिर गया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना इसके परिवार जनों को लगी वह दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचे. लेकिन लोगों के पहुंचते पहुंचते काफी विलंब हो चुका था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। इधर, घटना की सूचना स्थानीय थाना की पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया है। इस घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मच गया परिवार जनों के रोते-रोते बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है बिजली विभाग के लापरवाही के कारण यह घटना घटी है कई दिनों से ट्रांसफार्मर के समीप शॉर्ट सर्किट हो रहा था ।लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जिसके कारण या घटना घट गई।

# झारखंड से लाया जा रहा 582 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



निज संवाददाता

**अरवल।** गांजा की तस्करी करने वाला गिरोह लंबे अरसे से सक्रिय है। गिरोह के कई सदस्यों को अरवल पुलिस पहले भी गिरफ्तार कर चुकी है, जिनके पास भारी मात्रा में गांजे की खेप बरामद हो चुकी है। इसके बाद भी तस्करों का खेल जारी है। लेकिन इस बार पुलिस ने 582 किलोग्राम गांजा बरामद कर बड़ी सफलता प्राप्त की है। अरवल में पुलिस अधीक्षक विद्यासागर नेतृत्व में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन की संयुक्त टीम ने अंतर्राज्यीय अवैध गांजा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने लगभग ढाई करोड़ कीमत के सूखे अवैध गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से अवैध गांजे के परिवहन में प्रयुक्त की गई बारह चाका ट्रक को बरामद किया गया है। पकड़े गए सभी अभियुक्तों के खिलाफ बिहार के कई जिलों के थाने से संपर्क स्थापित कर मुकदमे दर्ज की जानकारी जुटाई जा रही हैं। गांजे की भारी खेप पकड़ने के लिए पुलिस टीम को पुरस्कार भी दिया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक विद्यासागर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसी कड़ी में डीएसपी राजीव रंजन के नेतृत्व में सदर थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्तों के कब्जे से बरामद हुए 582 किलोग्राम गांजे की कीमत ढाई करोड रुपए आंकी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग झारखंड से औरंगाबाद होते हुए अरवल जिले में प्रवेश कर भोजपुरी के तरफ ट्रक से सदर थाना क्षेत्र के महुआ बाग टी ओ पी क्षेत्र के सहार पुल के पास अवैध मादक पदार्थ लिए हुए ट्रक भोजपुर की तरफ बढ़ रहा है। यह सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर ट्रक चला रहे चालक हरि भजन यादव पिता अक्षय लाल राय ग्राम सोनघाटा थाना कोईलवर जिला भोजपुर और उपचालक सुनील कुमार पिता सीबू ठाकुर गांव सादपुर थाना साहेबपुर कमाल जिला बेगूसराय को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार चालक उपचालक के पास से एंड्राइड मोबाइल, जीपीएस जप्त किया गया। गिरफ्तार चालक उपचालक के निशान दही पर ट्रक मालिक सहित तीन तस्करों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी का प्रयास किये जा रहे हैं।

## अपराधियों ने युवक को लाठी-डंडे से पीटकर छीन ली बाइक

**नोखा (रोहतास) (नि.सं.)।** रोहतास के नोखा थाना क्षेत्र के आरा-स्टेट हाइवे पर छिनतई का मामला सामने आया है। बाइक सवार युवक को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर गाड़ी छीन ली। नोखा थाना में मंगलवार को अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नोख थाना क्षेत्र के रूपीपुर गांव के सुरेंद्र कुमार का बेटा कृश कुमार सोमवार देर रात एक शादी समारोह से बाइक से गांव लौट रहा था। इसी क्रम में वह सासाराम-आरा स्टेट हाइवे पर जब खराड़ी पुल के पास पहुंचा तो कुछ युवक बाइक के साथ खड़े थे। पुल पर जैसी ही बाइक पहुंची लाठी-डंडे से उस पर हमला कर दिया। मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर बाइक छीन कर भाग निकले। घायल युवक द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण पहुंचे। इसके बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी। घायल युवक को सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। नोखा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि खराड़ी गांव के पास मारपीट कर बाइक छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित के आवेदन के आधार पर अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच चल रही है।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा आश्रित हितलाभ का किया गया भुगतान



निज संवाददाता

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, संजय कुमार द्वारा पंचदीप भवन, पटना स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में एक सादे समारोह में मेसर्स आर. आर. इंटरप्राइजेज, पटना में कार्यरत स्व. मीणा देवी की मृत्यु के उपरांत उनके आश्रित पुत्र विकास कुमार को आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. मीणा देवी की मृत्यु कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमानेवाली थीं। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जाँच की गयी तथा ई०एस०आई०सी० द्वारा आश्रित के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया, क्योंकि उनकी मृत्यु कार्य के दौरान दुर्घटना में हुई थी। उल्लेखनीय है कि कार्यस्थल पर कार्य के दौरान या कार्यस्थल जाने या वहां से घर जाने के दौरान किसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना या दुर्घटना में ई०एस०आई० सी० में बीमित कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई० एस० आई० योजना में वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

## इंटर परीक्षा दे रही दो छात्रा की बिगड़ी तबीयत

**जहानाबाद (नि.सं.)।** जहानाबाद में इंटर की परीक्षा दे रही दो स्टूडेंट्स की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उसे डॉक्टर की टीम ने इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल छात्रा नालंदा के तेहाडा थाना क्षेत्र अंतर्गत तारूपुर गांव की निवासी लक्ष्मी कुमारी है। यह ओकरी स्कूल की छात्रा है। इसका परीक्षा केंद्र मुरलीधर स्कूल में था। वहीं दूसरी छात्रा स्वीटी कुमारी अनुग्रह नारायण कॉलेज में परीक्षा दे रही थी। तभी उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोनों छात्रा के इलाज किया जा रहा है। डॉ.अमर कुमार ने बताया कि दो छात्र की तबीयत बिगड़ गई थी। जिसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। एक की हालत ठीक हो गई है। एक का इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर का कहना है कि बे मौसम बारिश होने के कारण अचानक ठंड बढ़ गई है। इसके कारण तबीयत खराब हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र से लोग सुबह परीक्षा देने के लिए निकलते हैं। इसके कारण ठंड के प्रकोप से तबीयत बिगड़ी है।

## दिल्ली पुलिस का नकली वारंट दिखाकर 18 हजार की ठगी

निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में ठगी करने वाले अलग-अलग तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। मामला घोसी थाना क्षेत्र के ओकरी ओपी अंतर्गत अरहिट दौलतपुर गांव का है। जहां रोहित कुमार नामक युवक ने ठगी के मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कराया है। उसने बताया कि उसे दिल्ली पुलिस का नकली अरेस्ट वारंट दिखाकर उसे 18000 रुपए की ठगी की गई है। उसने बताया उससे पहले दूसरे व्यक्ति ने युवक के नाम पार्सल बताकर आधार कार्ड मांगा, फिर दूसरे नंबर से दिल्ली पुलिस का वरीय अधिकारी बताकर व्हाट्सएप पर अरेस्ट वारंट दिखाया। जिसके बाद युवक से 18000 रुपए की ठगी की गई। वही दस मामले में उसने घोषी थाना में प्राथमिक दर्ज करायी है। वही थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। लेकिन इसके बाद ही ठगी करने वाला गिरोह अपने कारनामों से बाज नहीं आ रहा है। लोगों को अपने जाल में फंसा कर ठगी का शिकार बन रहा है।

## जॉब कैंप में 19 युवाओं का हुआ चयन

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय, डालमियानगर रोहतास के तत्वाधान में मंगलवार को को एक दिवसीय जॉब कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 19 आवेदकों को जॉब के लिए चयन किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र की कंपनी हिपहॉप मीडिया हाउस प्रा० लि० के द्वारा बिहार के लिए सेल्स एक्जक्यूटिव, ए०टी०एम० कस्टडीयन एवं रिलेशनशिप एक्जक्यूटिव पद हेतु मंगलवार को जॉब कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें पूरे बिहार के लिए 20 पदों की रिक्तियों थी। इस जॉब कैंप में लगभग 44 आवेदक पहुंचे, इनमें से 36 आवेदकों ने अपना बॉयोडाटा जमा किया, जिनका इंटरव्यू लिया गया। हिपहॉप मीडिया हाउस प्रा० लि० के द्वारा साक्षात्कार के पश्चात 19 आवेदकों को चयन/शॉर्ट लिस्ट किया गया। जिसके पश्चात इन युवाओं को दस कार्य दिवस के अंदर कंपनी के द्वारा निर्धारित कार्यस्थल पर योगदान देने हेतु बुलाया जाएगा। इस जॉब कैंप के सफल संचालन हेतु नियोजक अनन्त कुमार, जिला कौशल विशेषज्ञ सुशील कुमार पाण्डेय, यंग प्रोफेशनल सुरज कुमार, प्रभात रंजन, बिपिन कुमार, रवि रंजन पाण्डेय एवं अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि यह वर्ष 2024 का दूसरा जॉब कैंप था। प्रथम जॉब कैंप 25 जनवरी को आयोजित किया गया था। बताया जॉब कैंप के प्रति युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 316866 Building (23-24):D है को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR.NO.318067 Building(23-24):D

**कार्यालय– जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त, लातेहार**
(जिला नजारत शाखा)

**सूचना**

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि PR 317183 Latehar/23-24 दिनांक 30.01.2024 लातेहार जिला के विभिन्न प्रखण्डों के विभिन्न विद्यालयों में Water Purifier अधिष्ठापन हेतु निविदा दिनांक 05.02.2024 को पूर्वा0 11:00 बजे तक आमंत्रित की गई थी। जो अब दिनांक 06.02.2024 के अप0 05:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जा सकती है। निविदा की विस्तृत विवरणी एवं शर्ते इस जिले के वेबसाईट **www.latehar.nic.in** पर देखा जा सकता है।

नजारत उप समाहर्त्ता,
लातेहार।

PR 317991 District(23-24)D

**Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited, Patna** BMSICL
Govt. of Bihar
(A Govt. of Bihar Undertaking)
2nd & 3rd Floor, Swasthya Bhawan, Behind IGIMS, Sheikhpura, Bihar, Patna
Phone:- +91 612 2283289, Fax:- +91 612 2283289
Mail: md-bmsicl-bih@nic.in, bmsiclinfra@gmail.com
www.bmsicl.gov.in

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–BMSICL/Infra/02/2024, दिनांक– 05/02/2024**

बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड, पटना द्वारा निम्न कार्यो हेतु प्रतिशत/मद दर निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी संवेदक जो केन्द्रीय/राज्य सरकार/लोक उपक्रम के किसी भी श्रेणी में निबंधित हो, निविदा में भाग ले सकते हैं, परंतु उक्त कार्य का लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस प्राप्त होने के पश्चात एवं एकरारनामा के पूर्व BMSICL में निबंधन कराना अनिवार्य होगा:–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | बिड प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | औरंगाबाद जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल नवीनगर में नये 30 शैय्या के अस्पताल (चिकित्सक आवास सहित) का भवन निर्माण कार्य। | 1291.72 | 22,91,800/– | 11,800/– | As Per e-Proc2 | 12 माह |
| 2. | किशनगंज जिलान्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, छत्तरगाछ का भवन निर्माण कार्य। | 839.48 | 16,79,000/– | 11,800/– | As Per e-Proc2 | 12 माह |
| 3. | वैशाली जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल मोहनपुर परिसर अन्तर्गत 30 शैय्या सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र का भवन निर्माण कार्य। | 832.61 | 16,65,300/– | 11,800/– | As Per e-Proc2 | 12 माह |
| 4. | पटना जिला के बाढ़ प्रखंड अन्तर्गत राणा बिगहा में 06 शैय्या के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नये भवन निर्माण एवं चाहरदिवारी का निर्माण कार्य। | 160.78 | 3,21,600/– | 11,800/– | As Per e-Proc2 | 09 माह |

2. निविदा समय–सारणी (Tender Schedule)

| SL No. | Activity | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | Start Date of Bid Submission | From 14/02/2024, 11:00 AM on https://eproc2.bihar.gov.in |
| 2. | Last Date of Bid Submission | Up to 28/02/2024, 05:00 PM on https://eproc2.bihar.gov.in |
| 3. | Physical document (Original Affidavit & Payment Receipt) Submission End Date | Up to 29/02/2024, 03:00 PM in the office of BMSICL, Patna (2nd & 3rd Floor, Swasthya Bhawan, Behind IGIMS, Sheikhpura, Adjacent to State Health Society, Bihar, Patna ) |
| 4. | Technical Bid Opening Date | 29/02/2024, 03:30 PM on https://eproc2.bihar.gov.in |
| 5. | Financial Bid Opening Date | To be announced later |
| 6. | Tender Bid Validity | 120 Days (As Per SBD Provision) |

3. निविदा की विस्तृत शर्त वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर देखी जा सकती है
विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य महाप्रबंधक
BMSICL, पटना

PR- 016755 (B & C) 2023-24

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

सतबरवा थाना काण्ड संख्या–95/2020 दिनांक–03.08.2020 धारा–385/386/387 भा0द0वि0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के अप्रा0अभि0 अर्जुन सिंह उर्फ ललन भुईयां पिता–स्व0 महेन्द्र भुईयां, ग्राम–दुलसुलमा, थाना–चैनपुर, जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सदर, मेदिनीनगर :– 9431706239
थाना प्रभारी, सतबरवा, मेदिनीनगर :– 6207146741

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 318098 Police (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-06/2023-24**

1.**कार्य की विस्तृत विवरणी:–**

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड पिपरा अन्तर्गत तुन्दई पंचायत में टंडवा जगदीशपुर ग्राम में अगकर नदी पर पुल निर्माण। | 1,70,62,700.00 | 342000.00 | 10000.00 | 15 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **12.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **12.02.2024** से दिनांक **26.02.2024** को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –**28.02.2024** अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,पलामू

PR 318000 Rural Development(23-24).D

JHARKHAND EDUCATION PROJECT

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार**
**समाहरणालय परिसर, दूसरी मंजिल, लातेहार,**
**दूरभाष सं0 : 06565–248083, ई–मेल : ssalatehar@gmail.com**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12-10-2022 के आलोक में लातेहार जिले के अन्तर्गत प्रखण्डों में संचालित 06 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, 03 झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय तथा 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू में खाद्यान्न, दूध, सब्जी, फल, अण्डा, मांस, मछली, स्टेशनरी, पोशाक, इत्यादि सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं से सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक पैकेज के लिए 1000/– रूपये राष्ट्रीयकृत बैंक कs DEO-CUM-DPO, SSA LATEHAR के नाम से भुगतेय अप्रतिदेय (NON REFUNDABLE) डिमांडड्रॉफ्ट, आवेदन के साथ समग्र शिक्षा कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 बिल्डिंग, द्वितीय तल लातेहार में निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकेगा। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि 06.02.2024 से 13.02.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक है तथा दिनांक 07.02.2024 से 15.02.2024 तक अपराह्न 05:00 बजे तक निविदा समग्र शिक्षा अभियान जिला कार्यालय लातेहार में जमा किया जा सकता है। निविदा खोलने की विद्यालयवार विस्तृत विवरणी निम्नवत् है–

| निविदा से संबंधित विद्यालयों की विवरणी | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|
| कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय लातेहार (पैकेज–01,02), चंदवा (पैकेज–03, 04) एवं बालूमाथ (पैकेज–01,02,03,04) | निविदा खोलने की तिथि:– 16.02.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे। |
| कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय बरवाडीह एवं गारू (पैकेज–01,02,03,04) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू (पैकेज–01,02,03,04) | |
| झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, हेरहंज, बारियातु एवं महुआडांड (पैकेज–01,02,03,04) | |

इच्छुक निविदादाता के द्वारा निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूपेण भरते हुए निविदा प्रपत्र को दो अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे में जमा किया जाना है, जिसमें विद्यालय का नाम, तकनीकी बीड , वित्तीय बीड तथा पैकेज का नाम स्पष्ट रूप से अंकित हो। निविदादाता को प्रत्येक विद्यालय तथा प्रत्येक पैकेज के लिए अलग–अलग निविदा जमा करना होगा।

निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन/रद्द/विभक्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा से संबंधित सभी सूचना आदि को जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार।

PR 318089 Human Resource Developement(23-24)D

# संक्षिप्त समाचार

## तेजस्वी की योजना को बाधित नहीं करे सरकार

**मैगरा।** राजद के प्रखंड सचिव सह मीडिया प्रभारी सुहैल खान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया है कि वे सरकारी नौकरियों एवं रोजगार के संबंध में पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के प्रयासों पर रोक नहीं लगाएं। शिक्षकों की नौकरी, स्वास्थ्य विभाग की नौकरियां के नीतिगत फैसलों को जारी रखा जाए।

## बाइक-कार की टक्कर में बाइक चालक घायल

**टनकुप्पा।** थाना क्षेत्र के रमणपुर मुख्य सड़क के पास मारुति सुजूकी चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। इस घटना में बाइक चालक टनकुप्पा थाना क्षेत्र के रमणपुर गांव निवासी रॉकी राज गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद मारुति का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घायल रॉकी राज को इलाज को लेकर गया एएनएमएमसीएच भेजा गया। टनकुप्पा थाना के एसआई कन्हैया कुमार ने बताया कि दोनों क्षतिग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना लाया गया है।

## केके पाठक के आदेश की प्रति जला जताया विरोध, नारेबाजी

**मानपुर।** प्रखंड मुख्यालय में बिहार शिक्षक एकता मंच के तत्वधान में तमाम शिक्षक संगठन संयुक्त रूप से एसीएस केके पाठक के आदेश का प्रति जला कर सक्षमता परीक्षा का विरोध जताया।शिक्षक नेता रमेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षको के प्रति राज्य सरकार के इस दमनकारी कानून के खिलाफ शिक्षको को यह अभियान लगातार जारी रहेगा।उन्होंने कहा की आगामी 13फरवरी को विधान सभा का घेराव किया जाएगा। वही नाम नही छापने के शर्त पर शिक्षको ने बताया की एक तरफ राज्य सरकार उनकी सेवा 60वर्ष कर दिया है वही दूसरी तरफ एसीएस द्वारा तीन बार सक्षमता परीक्षा पास नही करने पर सेवा समाप्त करने का घोषणा किया जाना अत्यंत दुर्भाग्य पूर्ण है।मौके पर प्रेम शंकर कुमार,धर्मेंद्र कुमार,राजीव रंजन कुमार, लालजी यादव,रौशन कुमार,सुखदेव प्रसाद,दिलीप कुमार, नीरज मांझी, अंजु कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

## पत्रकार यूनियन की 34 सदस्यीय तदर्थ समिति गठित

**गया।** बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन, गया जिला की बैठक सोमवार को यूनियन के संयोजक कंचन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान संगठन की मजबूती के लिए 34 सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष समेत चार उपाध्यक्ष, तीन सचिव, चार उप सचिव, पांच संगठन सचिव और दो मीडिया प्रभारी बनाए गए। साथ ही 13 कार्यकारिणी और छह विशेष आमंत्रित सदस्य भी बनाए गए हैं। इस दौरान 15 दिन में संघ की नई कमेटी की बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही एजेंडा तैयार कर काम करने और बदलते दौर के साथ बेहतर पत्रकारिता को लेकर कार्यशाला आयोजन पर भी सहमति बनी।

## पिछले दो वर्षों में गया में कैंसर के मरीजों में इजाफा

**गया।** कैंसर एक गंभीर रोग है। तंबाकू का सेवन मुंह के कैंसर का एक बड़ा कारण है। इसलिए पान, गुटखा, खैनी, सिगरेट से दूरी बनाएं। पूरी दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। वर्तमान में तकनीकी विकास हुए हैं और इस वजह से कैंसर का इलाज संभव हो पा रहा है। कैंसर के बढ़ते मामलों के मद्देनजर इसके खतरों के प्रति लोगों को जागरुक किया जाता है। उक्त बातें जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. एमई हक ने सोमवार को जयप्रकाश नारायण अस्पताल परिसर में कैंसर दिवस को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने कैंसर जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर की टीम लीडर डॉ. सुरभि सिन्हा, नर्सिंग स्टाफ मेधा, चांदनी, पेशेंट असिस्टेंट दीपक व अभिषेक सहित अन्य मौजूद थे। जेपीएन में कैंसर जांच की सुविधा डॉ. हक ने बताया कि कैंसर गैर संचारी रोग की श्रेणी में आता है। जय प्रकाश नारायण अस्पताल परिसर में होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल व रिसर्च सेंटर की यूनिट स्थापित है। यहां मुंह, स्तन, गर्भाशय संबंधी कैंसर की स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध है। वहीं डॉ. सुरभि सिन्हा ने बताया कि गलत खान-पान के कारण महिलाओं में सर्वाइकल व ब्रेस्ट कैंसर, जबकि पुरुषों के मुख और फेफड़े के कैंसर का खतरा सबसे अधिक होता है। संयमित जीवनशैली व सही खान-पान, शराब, धूम्रपान व तंबाकू उत्पाद के सेवन से परहेज आदि जैसे उपायों से कैंसर के खतरों को कम किया जा सकता है। 17 लोगों में मुख कैंसर की पुष्टि आंकड़ों के मुताबिक नवंबर 2022 से जनवरी 2024 तक 28 हजार लोगों के मुंह के कैंसर की जांच की गई। इसमें 161 में मुख कैंसर होने की संभावना दिखी। जबकि 40 ऐसे लोग थे जिन्हें मुख कैंसर होने की बहुत उच्च संभावना थी। वहीं 17 लोगों में मुख कैंसर की पुष्टि की गई। वहीं 12 हजार 31 महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच की गई। इसमें 13 महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की पुष्टि की गई। जबकि 840 की सर्वाइकल कैंसर के लिए हुई जांच में चार में इसकी पुष्टि की गई।

## समस्याओं को लेकर मविवि के समक्ष इंकलाबी छात्र संगठन ने दिया धरना

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समक्ष इंकलाबी छात्र के बैनर तले छात्रों ने 30 सूत्री मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इंकलाबी छात्र संगठन के छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर विशेष रूप से हस्ताक्षर अभियान चला कर छात्रों से अपने आंदोलन में सहमति लिया। मौके पर उपस्थित




छात्रों का कहना था कि विश्वविद्यालय में अब सभी पदाधिकारी स्थाई तौर पर प्रतिनियुक्ति हो चुके हैं, लेकिन छात्रों की समस्याएं अभी भी वही बनी हुई हैं। छात्र लगातार विश्वविद्यालय का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या खत्म होने की वजह बढ़ती जा रही है। छात्रों ने बताया कि अभी एकदिवसीय धरना प्रदर्शन हुआ है, अगर उनकी मांग जल्द पूरी नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में वे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। विश्वविद्यालय में कुलपति और कुल सचिव को उपस्थित नहीं रहने पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से छात्र कल्याण पदाधिकारी, प्रभारी कुलसचिव एवं कुलानुशासक के नेतृत्व में छात्रों से वार्ता की। वार्ता के बाद छात्रों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। इंकलाब छात्र के संयोजक दीपक कुमार दांगी ने बताया कि कुलपति महोदय से टेलिफोनिक वार्ता के बाद उन्होंने उन्होंने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। मौके पर छात्र राजद के संतोष राय, विकास रंजन, कमलेश यादव इंकलाबी छात्र के विक्रम कुमार, रोहित कुमार, छात्र नेता कुणाल किशोर, टीपू सुल्तान, अखिलेश कुमार सहित अन्य छात्र मौजूद थे।

## ससुर के श्राद्ध से लौट रहे दामाद की मौत, बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित ऑटो 20 फीट गड्ढे में गिरा, 2 लोग जख्मी

**नालंदा।** नालंदा में सोमवार को एक ऑटो अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। हादसे में चालक की मौत हो गई। 2 घायल हो गए। जो ऑटो पर सवार थे। घटना बिन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत बिन्द-सकसोहरा मुख्य मार्ग के मदनचक गांव के पास की है। मृतक की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के चेरो गांव निवासी नागो राम के (48) वर्षीय पुत्र पप्पू राम के रूप में की गई। पप्पू राम अपने ससुर स्वर्गीय लखन राम के श्राद्ध कर्म से ससुराल से वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच मदनचक गांव के समीप सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 20 फीट गड्ढे में पलट गया। इस घटना में मौके पर ही पप्पू राम की मौत हो गई। जबकि बिन्दा राम और संगीता देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घायलों को आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने बिन्द पीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। बिंद थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि अनियंत्रित होकर ऑटो सड़क किनारे गड्ढे में जा पलट गया। इस घटना में एक अधेड़ की मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सौतेले भाइयों के बीच मारपीट, बड़े भाई की हालत नाजुक

### पिस्टल के बट से किया हमला, स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल





**निज संवाददाता। गया**

गया मेडिकल थाना क्षेत्र के मगध कॉलोनी रोड नंबर-18 में रहने वाले दो सौतेले भाइयों के बीच मारपीट हो गई। सौतेले भाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने बड़े भाई अर्जुन यादव का सिर फोड़ दिया। अर्जुन यादव फिलहाल मगध मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मेडिकल थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस मामले में अब तक एक भी आरोपी नहीं पकड़ा गया है। सभी फरार बताए जा रहे हैं। मारपीट का कारण दोनों भाइयों के बीच रंजिश है।

**पिस्टल के बट से सिर पर किया हमला:** घायल अर्जुन यादव ने बताया कि वह घर के बाहर अपनी गाड़ी लगाकर फोन पर किसी से बात कर रहा था। इसी बीच गौतम तूफान, मुकेश कुमार अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचा और पिस्टल से गोली चला दी। इससे बाल-बाल बच गए। गोली नहीं लगता देख पिस्टल के बट से सिर पर हमला कर सिर फोड़ दिया। अर्जुन यादव का कहना है कि मारपीट के दौरान उसकी पत्नी बचाने आई तो उसके साथ भी उनलोग मारपीट करने लगे। इस बीच मारपीट का शोर सुन कर आसपास के लोग आए तो वे मौके से फरार हो गए। आसपास के लोगों ने हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

**क्या बोली पुलिस:** मेडिकल थानाध्यक्ष शैलेश कुमार का कहना है कि फिलहाल पुलिस मामले की जांच के साथ कार्रवाई में जुटी है। केस दर्ज आरोपियों की शीघ्र ही गिरफ्तारी होगी। उन्होंने बताया कि लड़ाई का कारण घरेलू विवाद सामने आ रहा है।

# नाली विवाद में धक्का-मुक्की होने से बुजुर्ग महिला की मौत

**निज संवाददाता। नालंदा**



**परिजनों से चल रहा था विवाद, भतीजे और चचेरे पोते पर हत्या का आरोप**

नालंदा में मंगलवार को आपसी विवाद में हुए धक्का मुक्की से चोटिल बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मामला अस्थावां थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनन्द गांव का है। मृतका की पहचान स्वर्गीय सिद्धेश्वर शर्मा की पत्नी लखिया देवी (80) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के परिजन ने बताया कि नाली विवाद को लेकर गोतिया से कहा सुनी हो रही थी। इसी बीच लखिया देवी भी वहां पहुंची। उसी दरमियान गोतिया के लोगों ने धक्का मुक्की कर दी, जिसके कारण वह जमीन पर गिर पड़ी,सिर में गहरी चोट लगने के कारण मौके पर ही लखिया देवी की मृत्यु हो गई। हत्या का आरोप मृतका के चचेरे पोते और गोतनी के बेटे पर लग रहा है। घटना के बाद सभी बदमाश घर छोड़ फरार हो गए हैं। वहीं परिजनों में कोहराम मच गया है।

**क्या बोली पुलिस:** अस्थावां थानाध्यक्ष शशि कुमार ने बताया कि गांव में नाली का निर्माण हो रहा था। इसी के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच कहा सुनी हो गई। जिसमें से एक पक्ष ने बुजुर्ग महिला को धक्का दे दिया। जिसके कारण सिर में उनके गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मृत्यु हो गई है। सूचना मिलने के उपरांत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### सदर अस्पताल में डंप हो रहा नाले का पानी

# टीवी वार्ड जाने आने वाले मरीजों की बढ़ी परेशनी

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा के जिला मुख्यालय बिहार शरीफ में स्मार्ट सिटी के तहत ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य रामचंद्रपुर मछली मंडी से लेकर प्रखंड कार्यालय तक पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य सदर अस्पताल के पीछे से शुरू होना है। ऐसे नहीं नाले का पानी पिछले 1 सप्ताह से सदर अस्पताल में डंप हो रहा है।

**टीवी जांच केंद्र के सामने जमा है पानी:** सदर अस्पताल के टीवी जांच केंद्र के सामने नाले का पानी जमा है। इसके कारण इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टीवी वार्ड समेत अन्य जगह को संक्रमण मुक्त रखा जाता है ताकि मरीज संक्रमण से इफेक्टेड न हो, लेकिन नाले का पानी समस्या बढ़ा सकता है।

**क्या कहते हैं अस्पताल प्रबंधक:** सदर अस्पताल के मैनेजर संजय कुमार आजाद ने बताया कि नाला निर्माण के कारण सदर अस्पताल में नाला का पानी डंप हो जा रहा है, इसे लेकर नगर आयुक्त और निगम के अधिकारियों को सूचना दी गई है।

# नर्सिंग की छात्रा ने फांसी लगा की खुदकुशी

### मायके वालों ने पति पर प्रताड़ना का लगाया आरोप, पुलिस की हिरासत में पति

**निज संवाददाता। नालंदा**





नालंदा में एक विवाहिता ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली है। मामला सिलाव थाना के सिलाव बाजार का है। मामले का खुलासा मंगलवार को हुआ है। मृतका की पहचान तेल्हाड़ा थाना के नारायणपुर गांव निवासी कौशल कुमार उर्फ प्रेम की (22) वर्षीया पत्नी सपना कुमारी उर्फ अनु के रूप में की गई है।

**दहेज मांगने का लगाया आरोप:** घटना के संबंध में मृतका के भाई कुमार शिवम ने बताया कि उसकी बहन को बहनोई मेंटली टॉर्चर किया करता था। शादी के वक्त भी हैसियत के हिसाब से सारा सामान और बाइक दी गई थी।इसके बावजूद भी पैसे और एक बुलेट गाड़ी की डिमांड कर रहा था। प्रताड़ना से तंग आकर उसकी बहन ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली।

**मारपीट करने का लगाया आरोप:** तीनों भाई,बहन सिलाव बाजार में किराए पर रहकर साथ में पढ़ाई कर रहे थे। जब भी उसका बहनोई किराए के कमरे पर आता था तो उसकी बहन के साथ मारपीट किया करता था। बीती रात भी उसका बहनोई आया हुआ था। किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा सुनी हुई। इसके बाद अनु ने फांसी लगा खुदकुशी कर ली। पिछले साल फरवरी महीने में ही गया जिला के महाकार थाना क्षेत्र के। खुखड़ी की रहने वाली सपना कुमारी की शादी तेल्हाड़ा के नारायणपुर गांव निवासी कौशल कुमार से हुई थी। वह अपने भाई और बहन के साथ सिलाव बाजार में किराए के मकान में रहकर बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। वहीं इस मामलें में सिलाव थानाध्यक्ष मो.इरफान ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल सेंटर का इंतजार खत्म

# 15 फरवरी को एनएमसीएच को किया जाएगा हैंड ओवर, मरीजों को होगा फायदा

**निज संवाददाता। गया**



सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का इंतजार अब खत्म होने वाला है। 15 फरवरी को एएनएमसीएच हॉस्पिटल को सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल हैंड ओवर किया जा सकता है। इसकी तैयारी तेज कर दी गई है। विभाग की ओर 15 फरवरी मुकर्रर किया गया है। हालांकि, अब भी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के अंदर काम चल रहा है। मशीनें सेट की जा रही हैं। मशीनों की जांच एनएमसीसीएच की ओर से बनाई गई कमेटी कर रही है। हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि विभाग की ओर से 15 फरवरी को हैंडओवर किए जाने का आदेश आ चुका है। यही वजह की सभी काम तेजी से किए जा रहे हैं।

**जांच कमेटी में हेल्थ मैनेजर भी शामिल:** अस्पताल अधीक्षक डॉ विनोद शंकर सिंह ने बताया कि चेक करने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। हैंड ओवर के लिए बनाई गई कमेटी हर स्तर पर जांच कर रही है। जांच में अब तक कोई खामी सामने नहीं आई है। जांच कमेटी में डॉक्टर के अलावा हेल्थ मैनेजर को भी शामिल किया गया है। ताकि हर पहलू की जांच की जा सके। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के चालू हो जाने से यहां पर न्यूरो, कार्डियो, नेफ्रोलॉजी, पेडियाट्रिक, नियोनेटोलॉजी प्लास्टिक सर्जरी और गैस्ट्रोलॉजी विभाग से संबंधित मरीजों का इलाज बेहतर हो सकेगा। इसका खासा लाभ मगध से जुड़े सभी जनपदों के अलावा पड़ोसी राज्य झारखण्ड के कुछ जिले के लोगों को भी मिलेगा।

**गया में ही बेहतर इलाज हो पाएगा:** खास बात यह भी की अब तक एनएमसीएच में मरीजों की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया जाता रहा है, लेकिन सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के शुरू हो जाने के बाद ऐसा नहीं होगा। इसके अलावा जीटी रोड पर होने वाले बड़े सड़क हादसे में घायल मरीजों का गया में ही इलाज संभव होगा। उन्हें बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

## राजद युवा नेता के घर के बाहर से ट्रैक्टर चोरी

**गया।** गया जिले के जीटी रोड स्थित डोभी में चोरों ने सरेआम चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया। चोर घर के बाहर से ट्रैक्टर चुरा ले गए। ट्रैक्टर मालिक प्रखंड प्रमुख सह राजद युवा नेता भगत यादव ने डोभी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। साथ ही में वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी मुहैया कराया है। डोभी प्रखंड के प्रखंड प्रमुख सह राजद के युवा नेता सुरेंद्र कुमार सुमन उर्फ भगत यादव के नए मकान के बाहर डोभी एनएच-2 गुरुद्वारा के पास ट्रैक्टर की चोरी हो गई। उन्होंने बताया कि डोभी थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा के समीप प्रतिदिन की तरह टैक्टर को चालक ने शाम को खड़ा किया। शाम के बाद कुछ काम से घर के बाहर निकला तो देखा कि ट्रैक्टर नहीं है। चोरी की भनक भी किसी को नहीं लगी। पीड़ित ने ट्रैक्टर चोरी के संबंध में स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की है। डोभी थानाध्यक्ष ने मुकेश कुमार ने बताया कि अभी मामले की जांच की जा रही है।

# रेल लाइन के किनारे से युवक का शव बरामद

### अभी तक नहीं हो सकी है पहचान, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**निज संवाददाता। गया**

गया जिले के बेलागंज प्रखंड के पाली गांव के पास से होकर गुजरने वाले गया-पटना रेल लाइन के किनारे एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। युवक का चेहरा बुरी तरह से कुचला हुआ है। बेलागंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। डेड बॉडी की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी है। आसपास के लोगों का कहना है कि मृतक स्थानीय नहीं है। DSP विधि व्यवस्था खुर्शीद आलम का कहना है कि फिलहाल यह एक रेल हादसा ही प्रतीत हो रहा है। शव की पहचान होने के बाद ही आगे की सही जानकारी मिल पाएगी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा रहा है। DSP ने बताया कि पाली गांव के आसपास के लोगों ने बेलागंज थाने की पुलिस को रेलवे लाइन के निकट एक शव पड़े होने की सूचना दी थी। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटना स्थल का मौका मुआयना किया। शव की जामा तलाशी ली गई पर उसकी पहचान से सम्बंधित कोई जानकारी नहीं मिली। शव कब से पड़ा था इस बात की सही-सही जानकारी अब तक नहीं मिली है। गांव के लोगों का अनुमान है कि पलामू एक्सप्रेस के गुजरने के बाद शव को देखा गया है। इससे स्पष्ट होता है कि कहीं यह रेल हादसा न हो। वहीं आसपास के ग्रामीणों का कहना कि यदि यह रेल हादसा होता तो मृतक के पास से कुछ न कुछ उसकी पहचान से जुड़ी चीजें बरामद होती, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

# उद्घाटन के तीन माह बाद भी टेंडर नहीं

**निज संवाददाता। गया**



गया में सहकारिता विभाग के मंत्री नगर विधायक गया डॉ. प्रेम कुमार ने तीर्थयात्रियों के लिए बनने जा रहे 1180 बेड की धर्मशाला की असलियत जानी। मंत्री को पता चला कि मामले में अब तक टेंडर की रूपरेखा ही तैयारी नहीं हुई है। इसके अलावा मंत्री ने घुघड़ी टांड़ बाइपास के पास मुक्तिधाम और विष्णुपद मंदिर जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग का निरीक्षण किया तो वह भी ठंडे बस्ते में नजर आई। नतीजतन मंत्री ने मौके पर न जाकर वैकल्पिक मार्ग का पुल के ऊपर से जायजा लिया। मार्ग की कल्पना व आधार महागठबंधन की सरकार में ही रखी गई थी। दरअसल, देश-विदेश से हर वर्ष लाखों की संख्या में पिंडदान के लिए आने वाले तीर्थ यात्रियों को ठहरने और आवासन के लिए महागठबन्धन की सरकार में 1180 बेड की क्षमता वाले 4 मंजिला गया जी धाम धर्मशाला भवन का अक्टूबर में नीतीश कुमार ने उद्घाटन किया था। यह धर्मशाला निर्माण कार्य पूल निर्माण निगम विभाग कर रहा है। सितंबर से लेकर अब तक धर्मशाला निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो सका है। धर्मशाला निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 4.38 एकड़ भूमि में यह धर्मशाला निर्माण होना है। चार मंजिला 1100 बेड वाला धर्मशाला निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें 212 DORMITORIES में 984 बेड रहेंगे। इसके अलावा 48 कमरों में 96 बेड रहेंगे। ग्राउंड फ्लोर पर 128 बेड रहेंगे। इसके अलावा फर्स्ट फ्लोर, सेकंड फ्लोर और थर्ड फ्लोर पर 238 बेड रहेंगे। सभी फ्लोर में महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग पर्याप्त संख्या में टॉयलेट, स्नानागार रहेगा।

# डकैती के पांच दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं, रिटायर्ड शिक्षिका के घर घुसे थे 4 डकैत

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा के मानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अलौदीयासराय गांव में 31 जनवरी की रात डकैतों ने घर में घुसकर डकैती की थी। गृह स्वामी को बंधक बना लिया था। मामले में 5 दिन बीत गए, बावजूद पुलिस अब तक डकैतों को पकड़ने में सफल नहीं हुई है। रिटायर्ड शिक्षिका कुसुम कुमारी ने मानपुर थाना में चार नकाबपोश डकैतों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि 31 जनवरी की मध्य रात्रि कुंडी खटखटाने की आवाज आई इसके बाद उनकी नींद खुल गई। चार नकाबपोश हथियार सहित उनके बेडरूम में घुस आए और गन प्वाइंट पर बंधक बनाते हुए हाथ, पैर बांधकर मुंह में कपड़ा डाल दिया था। एक डकैत नकाब खोलकर मारपीट करने लगा। पैसे और जेवरात के बारे में पूछ रहा था। ठीक उसी वक्त तीन अन्य डकैत गोदरेज, अलमीरा तोड़ने लगे। अलमीरा तोड़कर 2 जोड़ा सोने की चेन, 2 जोड़ा सोने का टीका, 2 जोड़ा सोने का झुमका, 1 मंगलसूत्र, 2 नेकलेस, 2 जोड़ा कर्णवाली, सोने की अंगूठी, सोने का लॉकेट, जितिया, चांदी के 40 सिक्के, चांदी का आधा किलो पायल समेत अन्य जेवरात जिसकी कीमत लगभग 40 लाख और 2 लाख 25 हजार नगद लूट कर फरार हो गए।

**दोनों बेटे बाहर काम नौकरी करते हैं:** कुसुम कुमारी ने लूट के दौरान एक डकैत की पहचान की है। जिसे गांव के ही रौशन और सन्नी के साथ 31 जनवरी की शाम बाइक पर जाते हुए देखा था। कुसुम देवी घर में अकेली रह रही थी। बड़ा बेटा कौशमेंद्र कुमार शेखपुरा में पंजाब नेशनल बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत है। दूसरा बेटा असम में नौकरी करता है। मानपुर थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने कहा कि दो लोगों का जिक्र एफआईआर में किया गया था। पूछताछ के दौरान कोई ठोस साक्ष्य उन लोगों के पास से बरामद नहीं हुआ है। जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया है। लोकल गिरोह का इसमें हाथ है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जनहित परिवार का 24वां वार्षिक अधिवेशन

**आरा।** जनहित परिवार भोजपुर का 24 वां वार्षिक अधिवेशन शीतल टोला में हुआ। अध्यक्षता डॉ किरण कुमारी ने की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सचिव सारिका ने संस्था के सत्र 2023-24 का भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अधिवेशन के दूसरे सत्र में आगामी सत्र 2024-25 के लिए जनहित परिवार की रजत जयंती कार्यकारिणी समिति का चुनाव हुआ। जिसमें सर्व समिति से साहित्यकार गायत्री सहाय को अध्यक्ष, जगत नंदन सहाय को कार्यकारी अध्यक्ष, अरविंद सिंह को उपाध्यक्ष, कवि किशोर सिंह कमल को सचिव सह रजत जयंती कार्यक्रम संयोजक, बृजमोहन त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष, अधिवक्ता राम प्रह्लाद तिवारी एवं चंद्रशेखर मिश्र को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। प्रतिनिधि सभा का सभापति अतुल प्रकाश को बनाया गया। लोक न्याय की अग्रणी कानूनी पत्रिका विधि विमर्श के संयुक्त संपादक नीतीश कुमार सिंह ने पत्रिका के अद्यतन अंक का वितरण किया। अधिवेशन को संबोधित करने वालों में अशोक श्रीवास्तव, डॉ रेनू मिश्रा, अनिल राज, अलख अनाड़ी, अजय कुमार गुप्ता अज्ञानी, श्री प्रकाश ओझा, सारिका थे। तीसरे सत्र में उपस्थित कवियों ने कविताओं का पाठ किया।

### संत रविदास जनसेवा एवं टीम मदर टेरेसा ने अज्ञात शव का कराया अंतिम संस्कार

**आरा।** संत रविदास जनसेवा संगठन एवं टीम मदर टेरेसा सेवाकर्मी आरा के गांगी मुक्ति धाम पर 72वां अज्ञात व लावारिस शव का अंतिम संस्कार किया। संस्था के संस्थापक महासचिव अमरदीप कुमार जय अपने टीम एवं सहयोगियों के साथ मिलकर 2018 वर्ष से ही जिले में सेवा कार्य करते आ रहे है l अमरदीप ने बताया कि अज्ञात इस व्यक्ति की मृत्यु सदर अस्पताल के मेडिकल वार्ड में हुई थी। मृत्यु के उपरांत 72 घंटे पहचान के लिए शव को रखा गया था। पहचान नहीं होने पर गांगी मुक्ति धाम पर अंतिम संस्कार करा दिया गया है। अंतिम संस्कार करवाने में प्रमोद यादव, दवाइयां वाला के शिशु जी, भोला कहार, सुनिल राम, सूरज राम, राजा राम, भानु राम, सु रज भनोत का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### थानेदार प्रियंका की विदाई व रणवीर का स्वागत समारोह



**गड़हनी।** स्थानीय गड़हनी थाना के परिसर में थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता के विदाई और नए थानाध्यक्ष रणवीर कुमार के लिये स्वागत समारोह हुआ। अध्यक्षता समाजसेवी लोहा महतो व संचालन राजद के राज्य परिषद सदस्य श्रीनिवास यादव ने की। कहा कि प्रियंका गुप्ता का कार्यकाल कर्तव्य-परायणता का रहा। यहां बेस्ट पुलिसिंग का उदाहरण बनी। प्रियंका गुप्ता ने कहा मुझे कार्य करने में सभी का सहयोग मिला। नए थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने कहा कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था प्राथमिकता रहेगा। इस मौके पर प्रमोद गुप्ता, इमरान अहमद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 11 बच्चों के बीमार होने के मुद्दे पर विद्यालय में बैठक



**गड़हनी।** विधायक मनोज मंजिल ने उर्दू प्राथमिक विद्यालय, चईयाचक में शिक्षकों के साथ बैठक किया। एक फरवरी को यहां चापाकल का पानी पीने से 11 बच्चों के बीमार होने की जानकारी लिया। कहा कि बुधवार को विद्यालय में नया चापाकल लगा दिया जाएगा। बैठक में शिक्षकों ने कहा कि विद्यालय आने वाली सड़क को बनवाने सुविधा होगी। यहां मात्र दो कमरों में 1-5 कक्षा के बच्चे पढ़ते हैं। स्टाफ रूम भी नहीं है। विधायक ने कहा कि सड़क बनाने का कागजी कार्य प्रक्रिया में है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने एक अतिरिक्त कमरा बनाने का आश्वास दिया है। डीएम ने कहा कि पानी के नमूने की जांच रिपोर्ट आने का आश्वासन दिया है। बैठक में प्रधानाध्यापक खुर्शीद आलम और अन्य लोग भी थे।

### मुहल्लेवासियों ने चेयर पर्सन व पार्षद को दिया धन्यवाद

**बक्सर।** नगर परिषद शहर के विकास को तत्पर है। सभी वार्डों में नाला और सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। ऐसी कोशिश है कि शहर में रहने वाले सभी लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान किया जा सके। उक्त बातें नगर परिषद की चेयर पर्सन कमरून निशा ने वार्ड संख्या 34 में पीसीसी सड़क व आरसीसी नाला का उद्घाटन करने के दौरान कही। उन्होंने बताया कि आरा-बक्सर रोड के उत्तर वार्ड नंबर 34 में 996342 रुपये व 1062762 रुपये की लागत से क्रमशः पीसीसी सड़क और नाला का निर्माण कराया गया है। सड़क और नाला निर्माण होने से खुश वार्ड की जनता ने चेयर पर्सन कमरून निशा और वार्ड पार्षद रिंकी गुप्ता को धन्यवाद दिया। इस मौके पर प्रहलाद गुप्ता, प्रकाश चंद्र जायसवाल, जितेंद्र यादव, गुपेंद्र प्रसाद, गीता देवी, सूबेदार साह, कलिका पासवान, मुद्रिका पासवान, संतोष गुप्ता, सोनू गुप्ता, राजेश यादव आदि मुहल्लेवासियों ने सड़क व नाला निर्माण कार्य पूर्ण होने पर साधुवाद दिया। कहा कि काफी समय से इसकी मांग की जा रही थी।

### कार्रवाई : जिले में 7 करोड़ 33 लाख रुपए में नीलाम हुए शराबकांड में जब्त 1604 वाहन

**बक्सर।** शराबबंदी कानून लागू होने के बाद बक्सर में शराब मामले में पकड़े गए 1604 वाहनों को नीलामी से 7 करोड़ 33 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस बारे में उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक ने बताया कि जिले में 2016 से शराब बंदी के बाद जिले में शराब मामले में जब्त किए गए वाहनों की नीलामी विभागीय निर्देश के आलोक में समय-समय पर की जा रही है। दरअसल बिहार उत्पाद अधिनियम और बिहार मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत उत्पाद विभाग द्वारा जब्त एवं भौतिक रूप विभिन्न थानों में मौजूद जब्त वाहनों नीलामी की गई है। इन वाहनों की नीलामी विभाग 7 करोड़ 33 लाख 3 हजार 511 रुपए में की गई विभाग दिशा निर्देश के आलोक में वाहनों नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गई है। जिसमें बड़े पैमाने पर शराब मामले में जब्त वाहनों नीलामी के लिए लोगों ने दिलचस्पी दिखाई। पुलिस और उत्पाद विभाग से मामले में जब्त विभिन्न थानों में रखी गाड़ियों को नीलाम किया गया है। हर शराब मामले में पकड़े गए वाहनों को नीलाम किया जा रहा है। वाहनों को छोड़ने के नियम में हुए हैं बदलाव उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि अब कम मात्रा में शराब लेकर पकड़े गए वाहनों को छोड़ने के नियमों में बदलाव किया गया है। बीमा वैल्यू की 10% राशि लेकर वाहनों को छोड़ने का प्रावधान किया गया है। जबकि अधिकतम 5 लाख का जुर्माना की राशि लेकर वाहनों को छोड़ने का प्रावधान किया जा चुका है। बता दें कि उत्पाद विभाग द्वारा शराब मामले में पकड़े गए वाहनों की नीलामी समय-समय पर की जाती है। इस नीलामी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर लोग शामिल होकर वाहन खरीद रहे हैं। उत्पाद थाने के अलावा जिले के विभिन्न स्थानों में शराब मामले में पकड़े गए वाहनों को नीलाम किया गया है। शराब मामले में कार्रवाई के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यालय के आदेश पर जिले के विभित्र प्रखंड क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से छापेमारी की जा रही है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि चुलाई के अड्डों की पहचान के लिए राज्य मुख्यालय से ड्रोन उपलब्ध कराया गया है।ड्रोन कैमरे से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। शराब धंधे पर रोक लगाने को हो रही है छापेमारी शराब मामले में जिले में पकड़े किए गए 414 वाहनों को जुमनि की रकम लेकर छोड़ा गया है।बता दें कि इससे विभाग को 2 करोड़ 30 लाख 31 हजार 308 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

# अंगद हत्या कांड में प्राथमिकी दर्ज, शादी के एंगल पर भी हो रही जांच

## हत्या से पहले अपराधियों ने की थी बात

**निज संवाददाता। आरा**





भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभी डुमरा गरैया मठ के समीप दिनदहाड़े अभिषेक उर्फ अंगद यादव की हत्या के मामले में प्राथमिक दर्ज कराई गई है। पुलिस ने इस घटना में दो सिम लगा मोबाइल भी जब्त किया है। पूछताछ के लिए तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। प्राथमिक के बाद पुलिस पैसे के लेनदेन के विवाद समेत कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। शादी के 24 दिन पहले हत्या के एंगल को भी पुलिस खंगाल रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी जांच की जा रही है। इस हत्या के बाद पटना से एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया था। पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के आदेश पर एसपी के नेतृत्व में डीआईयू टीम के एक्सपर्ट को भी बुलाया गया था । मृतक के बड़े भाई ने मुफस्सिल थाना में कराई गई प्राथमिक की में कहा है कि 4 फरवरी को उनके छोटे भाई अंगद यादव उनके घर पर थे । इस बीच उनके छोटे भाई अंगद के मोबाइल पर किसी का फोन आया तो उसने कहा कि भैया एक दोस्त का फोन आया है जरूरी काम से बुला रहा है। एक घंटे में आने की बात बोलकर निकल गया। इस बीच दोपहर तीन बजे रघु टोला निवासी उनकी भांजी का फोन आया कि डुमरा में अंगद को गोली लगी है।इसके बाद वह लोग सदर अस्पताल पहुंचे। इधर,एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में यह बात सामने आ रही है कि दो की संख्या में रहे हमलावर टी-शर्ट पहने थे। बाइक एवं चेहरा का भी हुलिया मिल गया है। फोन के अलावा घर से बुला कर ले जाने की भी बात सामने आ रही है। जल्द से जल्द सभी अपराधियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# सांड के हमले में युवक जख्मी, पटना रेफर

## लोगों ने पकड़कर आबादी से दूर छोड़ने की लगाई गुहार

**निज संवाददाता। बक्सर**



बक्सर के सोनवर्षा गांव एक सांढ के आतंक से परेशान है। सांड जिधर चलता है उधर से लोग भारभरा कर भाग जाते है। वही गांव के एक बगीचा में सांढ ने शौच करने गए अधेड़ पर जान लेवा हमला कर दिया। सांड ने सींग लगाकर अधेड़ को एक बार पटका, फिर सीना में सिंग से वॉर किया। जिससे सीना फट गया है। अधेड़ की आवाज को सुन ग्रामीण एक जुट होकर लाठी डंडा ले दौड़े और सांड के चंगुल से अधेड़ को छुड़ा पहले सोनवर्षा प्राथमिक उपचार केंद्र पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।अधेड़ कई हालत अभी भी चिंता जनक बनी हुई है।

**सांड को पकड़ने की लगाई गुहारः** बताया गया की पहले भी यह सांढ़ तीन-चार लोगों पर हमला कर चुका है। जिसमें लोग आंशिक रूप से जख्मी हुए थे। वही सोनवर्षा निवासी इलाहिद्दीन 55 वर्ष बगीचा में थे। तभी पीछे से सांड अचानक हमला कर दिया।जहां चिकित्सक ने अधेड़ की चिंताजनक स्थिति को देखकर पटना रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सांढ़ के आतंक से लोग काफी परेशान हैं। इस बार की घटना से सोनवर्षा के लोगों में भय व्याप्त है। खासकर लोग अपने घर के महिलओं और बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे है। ग्रामीणों ने वन विभाग से इस सांड को पकड़ आबादी से दूर जंगल में छोड़ने की गुहार लगाई है।

# मुरार थानाध्यक्ष को धूमधाम के साथ दी गई विदाई

**निज संवाददाता। बक्सर**



मुरार थाना में थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद की विदाई समारोह धूमधाम से मनाई गई। फूल माला और अंग वस्त्र सम्मानित करने के बाद बैंड बाजे के साथ विदाई दी। डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने थानाध्यक्ष को गाड़ी तक छोड़ा। विदाई समारोह के साथ ही थाना में नवपदस्थापित थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय को भी नई जिम्मेदारी सौंप दी गई। इसके साथ ही पुलिसकर्मी राज कुमार सिंह की भी विदाई समारोह हुई। इस दौरान एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, थाने के सभी स्टाफ सहित अन्य कई मौजूद रहें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ आफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि रविकांत प्रसाद क्षेत्र के सभी थानाध्यक्षों में तेज तर्रार और अव्वल एसएचओ गिने जाते थे। एसडीपीओ ने कहा कि उनके कार्यकाल में तमाम बड़े से बड़े केसों का निष्पादन हुआ। एसएचओ अपने कार्य के प्रति काफी सजग रहते थे। वहीं, नए थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय को नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं देते हुए एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि आशा है कि नए थानाध्यक्ष अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करेंगे। एसडीपीओ ने कहा कि रविकांत प्रसाद के कार्यकाल के सारे केस का लगभग लगभग निष्पादन हो गया है। अब नए थानाध्यक्ष को नए सिरे से विधि व्यवस्था को संधारित करने की जरूरत है। इस दौरान नए थानाध्यक्ष को भी जनप्रतिनिधियों ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

## डुमरांव विधायक ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, सफाईकर्मियों ने सुनाया दर्द, कहा-

# खाते में 8500 रुपए मिलते हैं, एनजीओ वाले मांगते हैं आधी रकम

**निज संवाददाता। बक्सर**



डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल का डुमरांव सीपीआई-एमएल के विधायक डॉ अजित कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की सफाईकर्मियों से मुलाकात की और सफाई का जायजा लिया। महिला सफाईकर्मियों ने विधायक को बताया कि रात में जनरेटर चलाने वाले भी नहीं आते हैं। जनरेटर का संचालन भी उन्हें ही करना पड़ता है। वहीं उन्होंने आरोप लगाया कि महिला कर्मियों से अपमानजनक व्यवहार किया जाता है। अश्लील व्यवहार किया जाता है। जब सफाईकर्मी इसका विरोध करती हैं तो उन्हें काम से निकाल देने की धमकी दी जाती है। विधायक ने बताया कि प्राप्त जानकारी के मुताबिक अनुमंडल में 22 सफाईकर्मियों का पद है। लेकिन कार्य सिर्फ 12 महिलाएं और दो पुरुष ही करते हैं। जिसमें एक सफाईकर्मी सुपरवाइजर का कार्य भी करता है। सफाईकर्मियों को पहले 4500 रुपया कैश दिया जाता था, लेकिन श्रम विभाग के आदेश के बाद सफाईकर्मियों के खाता में 8500 रुपया आया है। महिला सफाईकर्मियों ने आरोप लगाया कि 8500 रुपया खाते में प्राप्त होने के बाद एनजीओ द्वारा धमकी देकर आधे पैसे की मांग की जा रही है। विधायक ने कहा कि जांच के क्रम में पाया कि एनजीओ का का व्यवहार बहुत ही अमानवीय है और वेतन भुगतान के मामले में अस्पताल की प्रक्रिया भ्रष्टाचार में संलिप्त है।

इस प्रक्रिया ने एनजीओ के साथ-साथ अस्पताल अधिकारियों की संलिप्तता की भी सम्भावना है। विधायक ने कहा कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएगी। कोई भी व्यक्ति किसी भी स्तर का कार्य करे, उसे सम्मान का हक है।

# चौकीदार और जमादार आपस में भिड़े

**आरा ।** भोजपुर के गड़हनी थाना के गड़हनी बाजार में दो लोगों के बीच ड्यूटी के विवाद को लेकर गाली-गलौज व धक्का-मुक्की और मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर से देखा जा रहा है कि गड़हनी थाना में कार्यरत एक जमादार एवं चौकीदार ड्यूटी के विवाद को लेकर आपस में भिड़ गए। पहले गाली गलौज और उसके बाद दोनों के बीच मारपीट हुई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार की शाम गड़हनी थाना के जमादार द्वारा चौकीदार को ड्यूटी दी गई थी।

# अनियंत्रित होकर ऑटो पलटी, चार घायल



**आरा ।** आरा-सलेमपुर मुख्य मार्ग पर जिले के मुफस्सिल थाना के धोबाहा ओपी अंतर्गत बखरिया गांव के पास सोमवार को अनियंत्रित होकर सवारी से भरी ऑटो पलट गई। हादसे में ऑटो पर सवार मां-बेटी समेत चार लोग जख्मी हो गए। ऑटो में दबे सभी जख्मियों को ऑटो से बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। घायलों में मुफस्सिल थाना के धोबहा ओपी अंतर्गत पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी मुन्ना रजक की पत्नी कांति देवी (55),अरुण कुमार रजक की 26 वर्षीया पत्नी पूजा देवी,5 वर्षीया पुत्री निधि कुमारी एवं वीरेंद्र रजक का 20 वर्ष से पुत्र दीपक कुमार शामिल हैं। इधर,पूजा देवी ने बताया कि उनकी काफी दिनों से तबीयत खराब थी। इसके बाद अपने परिवार के साथ वह अपना इलाज करने के लिए बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल आ रही थी। उसी दौरान बखरिया गांव के पास उनकी ऑटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे सभी जख्मी हो गए। पूजा देवी ने बताया ऑटो में करीब बारह लोग सवार थे। इस हादसे में सभी को हल्की चोटे आईं है। जो अपने सुविधा के अनुसार अलग-अलग इलाज कराने के लिए गए है। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।


## पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/24/7, दिनांक: 05.02.2024,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि: (1); 10232482बी;** लाँग लाइफ लोको साइड बफर असेंबली; रु. 65930 **(2); 12235416ए;** ट्रैक मशीन स्पेयर्स का क्रय; रु.0 **(3); 12235418;** ट्रैक मशीन सामग्रियों का क्रय; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि :** 20.02.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 1 से 3 हेतु] **(4); 08231021;** पॉलीमाइड कवर्ड कॉपर कंडक्टर आदि का क्रय; रु. 96480 **(5); 08231096;** वाटर रेजिंग 3-फेज आदि का क्रय; रु. 96180 **(6); 15235094बी;** इलेक्ट्रो फिजियोलॉजी स्टडी सिस्टम का क्रय; रु. 160000, **निविदा खुलने की तिथि :** 22.02.2024, **समय:** 13.30 बजे [क्रम सं. 4 से 6 हेतु] **(7); 06231324;** आईएस: 6612/1979 के तहत एक्सल बॉक्स पैकिंग के लिए वेस्ट कॉटन व्हाइट अनटीज्ड आदि का क्रय; रु.71940, **निविदा खुलने की तिथि :** 23.02.2024, **समय :** 13.30 बजे **(8); 21231057ए;** हाई कैपासिटी ड्राफ्ट गियर की व्यवस्था आदि; रु. 956990, **निविदा खुलने की तिथि :** 26.02.2024, **समय :** 13.30 बजे **(9); 11231147;** चैनल प्रेस्ड 139X50X5X2555 लाँग आदि; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि :** 27.02.2024, **समय:** 13.30 बजे **(10); 10231095;** 1/2" टी टाइप एयर स्ट्रेनर आदि की खरीद; रु. 129820, **(11); 11231616;** फ्लेक्सिबल होज कनेक्शन; रु. 55560 **(12); 11231851;** हेल्थ फॉसिट का क्रय; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि :** 28.02.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 10 से 12 हेतु] **(13); 08231633;** हैच के लिए पैनल फिल्टर आदि का क्रय; रु. 81820, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.02.2024, **समय :** 13.30 बजे **(14); 11231110;** पुश टाइप फ्लशिंग वाल्व का क्रय; रु. 63570 **(15); 20231072ए;** एस्कॉर्ट्स टाइप ईवी 208-3वीटी, 110 वोल्ट एस्कॉर्ट पार्ट नं. 3ए 82339 या रोटेक्स पार्ट नं. 3259 या नॉर ब्रीम्स पार्ट नं. II 86418/110 के अनुसार ईएमयू के लिए एस्कॉर्ट्स ब्रेक इक्विपमेंट के ईपी ब्रेक यूनिट के लिए होल्डिंग मैग्नेट वाल्व; रु. 121920 **(16); 21221023बी;** कैसनब 22 डब्ल्यू बोगी के लिए कास्ट स्टील बोल्सटर हेतु बोल्सटर लाइनर आदि का क्रय; रु. 187760 **(17); 21245004;** बी.जी. बीवीसीएम वैगन आदि के लिए फ्रिक्शन डैम्पिंग अरेंजमेंट के साथ कैसनब 22 एचएस कास्ट स्टील बोगी; रु. 2000000 **(18); 22245056;** इंज. रैनिबिजुमैब 0.23 मिली, 10 मिग्रा./मिली वायल/पीएफएस; रु. 0, **निविदा खुलने की तिथि :** 01.03.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 14 से 18 हेतु] **(19); 05231100ए;** ऑयल शेल डाएला डीएक्स आदि का क्रय; रु. 96240 **(20); 08231678;** इंसुलेशन रेसिस्टेंस मॉनिटर आदि का क्रय; रु. 0 **(21); 10231214;** आर्मेचर शैफ्ट आदि की खरीद; रु. 102540 **(22); 20242140;** ईएमयू/एमईएमयू मोटर कोच, केपीसी प्रस्तुतकारक एयर कम्प्रेसर टाइप 3 एचसी-55, 36 माह ओवरहॉलिंग किट; रु. 181900, **निविदा खुलने की तिथि :** 04.03.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 19 से 22 हेतु] **(23); 10241053;** लोको में इलेक्ट्रो वाल्व ऊर्जीकृत आदि, रु. 78890, **निविदा खुलने की तिथि :** 06.03.2024, **समय :** 13.30 बजे **(24); 15235172;** अनेक्सर/एचडीटीएल/केपीए के अनुसार हेवी ड्यूटी टर्निंग लेद की आपूर्ति और आरंभ करना (टर्नकी आधार पर), (संदर्भ स्पेसि. नं. सीओएफएमओडब्ल्यू/आईआर/एम/सीएल/2019); रु. 660000, **निविदा खुलने की तिथि :** 18.03.2024,**समय :** 13.30 बजे **(25); 20232027;** ईएमयू/एमईएमयू मोटर कोचों के लिए सीजीएल प्रस्तुतकारक के हाई कैपासिटी ट्रैक्शन मोटर टाइप सी1005टीएम के लिए कार्बन ब्रश; रु. 0. **(26); 20232055;** ईएमयू के लिए पैंटो ऑपरेटिंग वाल्व; रु. 75910, **निविदा खुलने की तिथि :** 19.03.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 25 एवं 26 हेतु] **(27); 15235165ए;** एयर कम्प्रेसर रोटरी स्क्रू विद्युत चालित क्षमता 500 सीएफएम, 10केजी/वर्ग सेमी की आपूर्ति एवं आरंभ करना (संलग्न तकनीकी स्पेसिफिकेशन के अनुसार); रु. 56700, **निविदा खुलने की तिथि :** 27.03.2024, **समय :** 13.30 बजे **(28); 20231015;** निम्नलिखित का क्रय-एमईएमयू/डीएमसी के बोगी बोल्सटर सस्पेंशन हेतु हेलिकल स्प्रिंग। आईसीएफ ड्रॉ. नं. एमईएमयू/डीएमसी-0-5-002, आइटम-1, ऑल्ट.जे (छोटा जे)) आदि; रु. 0. **(29); 20231827;** ट्रैक्शन मोटर टाइप 253 बीएक्स/बीडब्ल्यू और 4601 एजेड के लिए मल्टीपल बॉण्डेड सैंडविच माउटिंग; रु. 91900, **निविदा खुलने की तिथि:** 02.04.2024, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 28 एवं 29 हेतु] **(30); 15235196;** ''अनेक्सर/आईबी एम/सी/केपीए'' के अनुसार इंडक्शन ब्रेजिंग मशीन की आपूर्ति एवं आरंभ करना (टर्नकी आधार पर); रु. 540000, **निविदा खुलने की तिथि :** 08.04.2024, **समय :** 13.30 बजे। **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 30 हेतु]। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट https:// www.ireps.gov.in के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। STORES-68/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व मध्य रेल

एनआई कार्य के मद्देनजर निम्नलिखित गाड़ियों का निरस्तीकरण/आंशिक समापन/आंशिक प्रारंभ/पुनर्निर्धारण एवं मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैं:-

**(क) गाड़ियों का निरस्तीकरण (यात्रा प्रारंभ तिथि के अनुसार)**
**(1)** गाड़ी सं. 03333 पं. दीनदयाल उपाध्याय – सूबेदारगंज दिनांक 09.02.2024 से 12.02.2024 तक **(2)** गाड़ी सं. 03334 सूबेदारगंज – पं. दीनदयाल उपाध्याय दिनांक 09.02.2024 से 12.02.2024 तक

**(ख) गाड़ियों का आंशिक समापन/आंशिक प्रारंभ (यात्रा प्रारंभ तिथि के अनुसार)**
(1) गाड़ी सं. 04193/04194 पं. दीनदयाल उपाध्याय–सूबेदारगंज मेमू दिनांक 07.02.2024 से 16.02.2024 तक प्रतिदिन चुनार से

**(ग) गाड़ियों का पुनर्निर्धारण (यात्रा प्रारंभ तिथि के अनुसार)**
**(1)** गाड़ी सं. 12142 पाटलिपुत्र–लोकमान्य तिलक टर्मिनस दिनांक 09.02.2024 से 13.02.2024 तक पाटलिपुत्र से 90 मिनट (प्रतिदिन)

**(घ) गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन (यात्रा प्रारंभ तिथि के अनुसार)**
**निम्नलिखित परिवर्तित गाड़ियों का ठहराव प्रयागराज छिवकी से छोड़ कर 10 मिनट के लिए प्रयागराज में अस्थायी ठहराव दिया जायेगा।**
**(1)** दिनांक 09.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 11045 श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर–धनबाद का परिवर्तित मार्ग मानिकपुर – प्रयागराज –प्रयागराज रामबाग–वाराणसी–पं. दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते चलेगी। **(2)** दिनांक 08.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 15632 गुवाहाटी – बाड़मेर का परिवर्तित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय–वाराणसी–प्रयागराज रामबाग–प्रयागराज के रास्ते चलेगी। **(3)** दिनांक 08.02.2024 एवं 10.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12818 आनंद विहार टर्मिनल – हटिया का परिवर्तित मार्ग प्रयागराज–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी–पं. दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते चलेगी। **(4)** दिनांक 09.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12496 कोलकाता – बीकानेर का परिवर्तित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय–वाराणसी–प्रयागराज रामबाग–प्रयागराज के रास्ते चलेगी। **(5)** दिनांक 10.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 22410 आनंद विहार टर्मिनल – गया का परिवर्तित मार्ग प्रयागराज–प्रयागराज रामबाग– वाराणसी– पं. दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते चलेगी। **(6)** दिनांक 12.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 22806 आनंद विहार टर्मिनल – भुवनेश्वर का परिवर्तित मार्ग प्रयागराज–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी–पं. दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते चलेगी। **(7)** दिनांक 10.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 15634 गुवाहाटी– बीकानेर का परिवर्तित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय–वाराणसी–प्रयागराज रामबाग–प्रयागराज के रास्ते चलेगी। **(8)** दिनांक 11.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 22450 नई दिल्ली–गुवाहाटी का परिवर्तित मार्ग प्रयागराज–प्रयागराज रामबाग–वाराणसी–पं. दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते चलेगी। **(9)** दिनांक 11.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12819 भुवनेश्वर– आनंद विहार टर्मिनल का परिवर्तित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय–वाराणसी– प्रयागराज रामबाग–प्रयागराज के रास्ते चलेगी। **(10)** दिनांक 08.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12825 राँची–आनंद विहार टर्मिनल का परिवर्तित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय–वाराणसी– जंघई–प्रयाग–प्रयागराज के रास्ते चलेगी। **(11)** दिनांक 10.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12324 बाड़मेर– हावड़ा का परिवर्तित मार्ग प्रयागराज–प्रयाग–जंघई–वाराणसी–पं दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते चलेगी। **(12)** दिनांक 09.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12379 सियालदह– अमृतसर का परिवर्तित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय–लखनऊ–कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलेगी। **(13)** दिनांक 09.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12820 आनंद विहार टर्मिनल–भुवनेश्वर का परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल–लखनऊ–पं. दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते चलेगी। **(14)** दिनांक 09.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 09448 पटना–अहमदाबाद का परिवर्तित मार्ग पं. दीनदयाल उपाध्याय–लखनऊ–कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलेगी। **(15)** दिनांक 10.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12826 आनंद विहार टर्मिनल–राँची का परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल–लखनऊ–पं. दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते चलेगी। **(16)** दिनांक 11.02.2024 को खुलने वाली गाड़ी संख्या 12380 अमृतसर–सियालदह का परिवर्तित मार्ग कानपुर सेंट्रल–लखनऊ–पं. दीनदयाल उपाध्याय के रास्ते चलेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए www.enquiry.indianrail.gov.in / NTES APP

पीआर/02250/एचक्यू/ओपीटीजी/एन/23–24/176 मु.या. परि. प./पूमरे./हाजीपुर

घटना के बाद से मृतक के परिवार में मचा कोहराम

# बैंक कर्मचारी की गोली मारकर हत्या



निज संवाददाता

**सीतामढ़ी**। सीतामढ़ी में मंगलवार सुबह दिनदहाड़े एक फाइनेंस कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना जिले के रुन्नीसैदपुर गाढ़ा थाना क्षेत्र की है। जहां गाढ़ा और मानिक चौक के बीच स्थित काली मंदिर के नजदीक बाइक सवार अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया। अपराधियों ने वारदात को सुनसान जगह पर अंजाम दिया है। सुनसान जगह का फायदा उठाकर अपराधी फाइनेंस कर्मी को गोली मारने के बाद आसानी से फरार हो गए। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि मृतक बहुत ही गरीब परिवार से था और पूरे परिवार में इकलौता कमाऊ सदस्य था। मृतक की पहचान जिले के रीगा थाना क्षेत्र के इमली बाजार वार्ड नंबर 10 निवासी पवन दास उर्फ पवन कामद(30) के रूप में की गई है। वह पंजाब नेशनल बैंक में बीमा एजेंट के काम के साथ-साथ प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में भी जॉब करता था। बताया जा रहा है कि वह आज सुबह-सुबह सीतामढ़ी से रुन्नीसैदपुर के मानिक चौक अपने ससुराल जा रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बदमाशों ने गाढ़ा और मानिक चौक के बीच सारे स्थित काली मंदिर के नजदीक उसे गोली मार दी। गोली लगने के बाद बैंक कर्मी में घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। अपराधियों ने हत्या के बाद बाइक सड़क के नीचे फेंक दी। पवन कामद की दो बेटियां और एक बेटा है। मृतक की पत्नी रूपा देवी, बड़ी बेटी रेशमा कुमारी (10), बेटा आशुतोष कुमार (8), छोटी बेटी कन्नू कुमारी (5) सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। पवन तीन भाइयों में सबसे बड़ा था काफी गरीब परिवार के होने के कारण वो अपने ससुराल मानेचौक में ही रहा करता था। ससुराल से ही वो रुनीसैदपुर प्राइवेट फाइनेंस कंपनी में ड्यूटी करने जाया करता था। परिजनों ने बताया कि उसकी किसी के साथ कोई दुश्मनी नहीं थी। घटना के कुछ देर बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुटने लगी। सैकड़ों की तादाद में लोग घटनास्थल पर जुट गए और स्थानीय गाढ़ा थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसने गोली मारी यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

## अपराधियों ने गोली मारकर की युवक की हत्या

निज संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी है। युवक की पहचान प्रह्लाद कुमार उर्फ प्रिंस (18) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि प्रह्लाद को सोमवार सुबह उसके दोस्त ने गुड्डू ने फोन कर बुलाया था। मंगलवार को उसका शव मिला है। घटनास्थल से चार खोखे भी बरामद किया गया है। बताया जाता है कि प्रह्लाद और गुड्डू दोनों शराब का कारोबार करते थे। घटना खोदाबंदपुर थाना इलाके की है। मृतक बरियारपुर पश्चिम वार्ड संख्या चार निवासी नागेश्वर महतो का बेटा था। मंगलवार सुबह बरियारपुर पश्चिम के मटकोरा से महुआ टोल जाने वाली पगडंडी पथ पर नंदीवन गाछी के पास प्रह्लाद का शव मिला। मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि बरियारपुर पूर्वी निवासी



गुड्डू कुमार ने रात में करीब 9 बजे फोन करके प्रह्लाद को बुलाया था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर घर वाले परेशान हो गए। प्रह्लाद के मोबाइल पर भी संपर्क नहीं हो पा रहा था। सुबह में जब लोग नंदीवन की तरफ बहियार जा रहे थे तो शव देखा। इसके बाद गांव वालों और परिजनों को इसकी जानकारी मिली। बताया जा रहा है कि प्रह्लाद दो भाइयों में छोटा था और इलाके के छुटभैया बदमाशों और शराब कारोबारी के संपर्क में रहता था। पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही हत्या की वजहों का खुलासा कर लिया जाएगा। एसपी मनीष ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मंझौल डीएसपी श्याम किशोर रंजन एवं खोदावंदपुर थानाध्यक्ष ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। शुरुआती जांच में पता चला है कि प्रह्लाद कुमार उर्फ प्रिंस कुमार की पैसे के लेन-देन को लेकर गोली मारकर हत्या की गई है। मृतक प्रह्लाद उर्फ प्रिंस कुमार का पूर्व में आपराधिक इतिहास भी रहा है। मंझौल डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। घटनास्थल की जांच एफएसएल की टीम जांच कर रही है। अपराधियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही घटना में शामिल अपराधी की गिरफ्तारी की जाएगी।

# नेपाल से यूपी जा रहे सात करोड़ की ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार

बैग और शरीर में छिपा रखा था 35 किलो चरस

निज संवाददाता

**बगहा (पश्चिमी चम्पारण)**। बगहा पुलिस ने मंगलवार को 7 करोड़ की ड्रग्स के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की तलाशी के दौरान तस्कर के बैग और उसके शरीर से 35 किलोग्राम चरस जब्त किया गया है, जिसे नेपाल से यूपी के गोरखपुर पहुंचाना था। धनहा थाने की पुलिस वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी की तो तस्कर निकला। गिरफ्तार तस्कर की पहचान बेतिया के सिकटा गांव निवासी रितेश पटेल के रूप की गई है। बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि तस्कर नेपाल से चरस लेकर उत्तर प्रदेश जाने के फिराक में था। गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ की गई, जिसमें पता चला है कि तस्करी का तार नेपाल और यूपी के गोरखपुर से जुड़ा है। पुलिस मामले की जांच



कर रही है। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस एक बस की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक यात्री बस से उतर कर भागने लगा। फिर पुलिस ने उसे खदेड़ कर पकड़ा। उसके शरीर से चरस बरामद किया गया। इसके बाद बस की गहनता से जांच शुरू की तो एक बैग से चरस का पैकेट बरामद हुआ। उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार के विभिन्न जगहों पर पुलिस जांच कर रही है। एसपी ने बताया कि कई तस्करों का नाम सामने आया है। उन्होंने बताया कि नेपाल और गोरखपुर के तस्कर की पहचान कर ली गई है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एसएसबी जवानों ने निकाला लौंग रेंज पेट्रोलिंग

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण) (नि.सं.)**। इंडो-नेपाल सीमा पर असामाजिक तत्वों के गतिविधियों पर रोक लगाई जाएगी। इसके लिए मंगलवार को सीमावर्ती गांव बभनौली, बसंतपुर, भलुवहिया, सेमरवारी, खम्हियां और इनरवा तक इनरवा में तैनात असिस्टेंट कमांडेंट सचिन और बटालियन से आए एसी बीसी रॉय के नेतृत्व में एसएसबी के जवानों ने लौंग रेंज पेट्रोलिंग की। इस दौरान सीमावर्ती गांवों के लोगों से भी मिलकर एसएसबी ने सीमा के बारे में जानकारी लिया। साथ ही असामाजिक गतिविधियों को रोकने में सहयोग की भी अपील की। असिस्टेंट कमांडेंट सचिन ने बताया कि इंडो-नेपाल की सीमा खुली हुई है। इसका लाभ असामाजिक और अपराधी प्रवृत्ति के लोग न उठा सके इसको ध्यान में रखते हुए जॉइंट पेट्रोलिंग नियमित अंतराल पर की जाती है। उन्होंने बताया कि नेपाल एपीएफ और स्थानीय पुलिस से भी समन्वय बनाकर सीमा की रक्षा की जाती है। लौंग रेंज पेट्रोलिंग के दौरान सीमावर्ती लोगों से भी मुलाकात कर सहयोग की अपील की गई।

# 14 लाख लोगों को दी जाएगी फाइलेरिया की दवा, 10 फरवरी से शुरू होगा अभियान

- फाइलेरिया रोधी दवा के रूप में अल्बेंडाजोल और डीईसी दवा का सेवन करें

निज संवाददाता

**मुंगेर**। फाइलेरिया से बचाव के लिए सरकार द्वारा सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए राउंड) 10 फरवरी से आरंभ किया जा रहा है। जिला वेक्टर बोर्न डिजिटल कंट्रोल ऑफिसर डॉ अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि जिले के 968 गांव में 14 लाख 11846 लोगों को फलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले 3 दिन 10 से 12 फरवरी तक सभी स्कूलों में दो वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को दवा खिलाई जाएगी। 13 फरवरी से अगले 14 दिन तक घर-घर जाकर दवा 2 साल से 65 वर्ष तक के लोगों को खिलाई जाएगी। जिले में फाइलेरिया के कुल 6048 मामले हैं, जिनमें मुंगेर शहरी क्षेत्र में 1792




मरीज मौजूद हैं। फाइलेरिया जैसी बीमारी से बचने के लिए सबसे आसान और सर्वसुलभ तरीका यह है कि सभी लोग नियमित रूप से मच्छरदानी का प्रयोग करें।

साल में कम से कम एक बार सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए राउंड) के दौरान फाइलेरिया रोधी दवा के रूप में अल्बेंडाजोल और डीईसी दवा का सेवन करें। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया बीमारी एक विशेष प्रकार के मच्छर संक्रमित क्यूलेक्स के काटने से होता है। मच्छर के काटने के पांच से 10 साल के बाद ही फाइलेरिया का लक्षण देखने को मिलता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष यह कार्यक्रम आगामी 10 फरवरी से शुरू हो रहा है। इस मौके पर पंकज कुमार प्रणव, सुधांशु कुमार, राजेश कुमार सिन्हा, पीसीआई के एसएमसी मंजीत कुमार आदि मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता

**जमुई**। जमुई-सिकंदरा मुख्य मार्ग के शिवड़ीह के पास तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वाहन ने सड़क किनारे खड़े एक युवक और बच्चे को टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 12 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे शहर के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक की पहचान शिवड़ीह निवासी रामस्वरूप मंडल का 25 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में की गई है। जबकि घायल की पहचान शिवडीह निवासी 12 वर्षीय अविनाश कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मुकेश और उसके पड़ोस के ही अविनाश कुमार महादेव सिमरिया स शिवडीह स्थित बजरंग बली मंदिर के पास खड़ा था। तभी तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वाहन ने दोनों को टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में मुकेश कुमार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि रामजतन पंडा का 12 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार गंभीर से घायल हो गया। जिसे शहर के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इधर घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने जमुई -सिकंदरा मुख मार्ग के महादेव सिमरिया स्थित शिवडीह के पास सड़क जाम कर दिया और आरोपी पिकअप वाहन चालक की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग करने लगे। साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा की भी मांगें की। घटना की जानकारी के बाद सिकंदरा थाना अध्यक्ष चंदन कुमार मौके पर पहुंचे और सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाकर जाम को हटाया। बताया जाता है कि जाम 8:10 बजे लगाया गया जो 9:10 बजे तक जाम लगा रहा। वही जाम के कारण इंटर परीक्षार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सिकंदरा थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। जबकि एक बच्चा घायल हो गया। शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

## ऑटो के धक्के से होमगार्ड जवान की मौत

निज संवाददाता

**सहरसा**। सहरसा में पैदल जा रहे होमगार्ड जवान की तेज रफ्तार ऑटो के धक्का मारने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि एसपी गोपनीय में कार्यरत होमगार्ड का जवान राजकुमार सिंह मॉर्निंग वॉक के बहाने तिवारी टोला चौक स्थित टीओपी ऑफिशियल पत्र पहुंचाने जा रहा था। उसी दौरान पॉलिटेक्निक एरिया के कजरिया शो रूम के पास तेज रफ्तार ऑटो ने जोरदार धक्का मार दिया। गंभीर रूप से जख्मी स्थिति में तत्काल निजी नर्सिंग होम ले गया। जहां, चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सुचना पर परिवार में कोहराम मच गया। तत्काल शव को आवास पर ले गया। जहां लोगों की भीड़ जुट गया। तत्काल पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजकर अग्रतर



कार्रवाई में जुट गई है। मौके पर मौजूद मृतक के चाचा ललन प्र.सिंह ने बताया कि तो मृतक मेरा भतीजा था जो एसपी गोपनीय में कार्यरत था। डाक दें जाने के दौरान कजरिया शो रूम के पास टेम्पू धक्का मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हमलोग उठाकर निजी अस्पताल लाये लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। तत्काल इसका पोस्टमार्टम करवाकर भद्दी गांव लेकर जाएंगे जहां दाह संस्कार किया जाएगा। वहीं, ट्रैफिक डीएसपी प्रवीण कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि एक होमगार्ड के जवान को पीछे से ओटो धक्का मार दिया है। जिसके बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। ऑटो वाले को ऑटो सहित हिरासत में ले लिया गया। लेकिन इतना तेज चोट था उन्हें निजी क्लिनिक में ले जाया गया। लेकिन उनकी मृत्यु हो गई। इसके लिए हमलोग उनके परिवार से मिल रहे है और मुआवजा के लिए आगे की कार्रवाई होगी जो भी प्रक्रिया है कि जा रही है। साथ मे उस ऑटो चालक के विरुद्ध उसको जब्त करते हुए जो भी विधि सम्मत कार्रवाई होगी। उसपर एफआईआर करते हुये की जायेगी।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में फरार पति को पलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा में ओपी पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी मो. जावेद को गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर बरबीघा नगर परिषद क्षेत्र के फैजाबाद मुहल्ला में छापामारी कर आरोपी को दबोच लिया गया। इस बाबत ओपी अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार फरार आरोपी फैजाबाद मौहल्ला निवासी मो. हनीफ का बेटा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध लखीसराय जिला कोर्ट द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। कोर्ट के आदेश के आलोक में दहेज उत्पीड़न मामले के आरोपी पति को पुलिस ने छापामारी कर गिरफ्तार कर ली गई। ओपी अध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार फरार आरोपी को कड़ी पुलिस निगरानी में लखीसराय कोर्ट भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यह गिरफ्तारी के भय से फरार चल रहा था। पूर्व में पुलिस द्वारा इसकी गिरफ्तारी हेतु कई बार छापामारी की गई थी। लेकिन बराबर पुलिस को चकमा देकर निकल भागने में सफल हो जाया करता था। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फरार आरोपी अपने घर में छुपा है। इस बात की सूचना मिलने के बाद ओपी पुलिस की टीम युवक के घर का घेराबंदी कर उसे धर दबोचने में सफलता अर्जित की।

## जमीनी विवाद में जमकर मारपीट, तीन घायल

निज संवाददाता

**पूर्णिया**। पूर्णिया में जमीनी विवाद में जमकर मारपीट हुई है। पड़ोसी से हुई मारपीट में एक ही परिवार के 3 लोग घायल हो गए। सभी को स्थानीयों की मदद से GMCH पूर्णिया में एडमिट कराया गया है। विवाद 3 कट्ठा जमीन से जुड़ा है। घटना के.नगर थाना क्षेत्र के परोरा गांव से जुड़ी है। घायलों में के.नगर थाना क्षेत्र के परोरा गांव निवासी विनय कुमार राय के बेटे सुनील कुमार राय, दीपक कुमार राय और पार्वती देवी देवी शामिल हैं। पीड़ित सुनील कुमार राय ने बताया कि परोरा गांव में ही आज से 3 साल पहले उन्होंने अपने पड़ोसी डोमि राय से 6 कट्ठा जमीन खरीदी थी। अब डोमि राय इसी जमीन में 3 कट्ठा जमीन जबरन हड़पना चाह रहा हैं। दोनों के बीच पिछले डेढ़ साल से विवाद चल



रहा है। इसी को लेकर सोमवार रात पड़ोसियों से कहासुनी शुरू हुई। कुछ ही देर बाद दोनों पक्षों में विवाद हुआ और हाथापाई शुरू हो गई। इसी मारपीट में डोमि राय और अजय राय अपने पूरे परिवार के साथ मिलकर लाठी और डंडे से किया उन लोगों के ऊपर हमला कर दिया। इस मारपीट और हमले में एक ही परिवार के 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए पूर्णिया GMCH में एडमिट कराया गया है। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। वहीं इस मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित ने पड़ोसियों के खिलाफ लिखित शिकायत दी जा रही है। घटना की जानकारी देते के.नगर थाना अध्यक्ष नवदीप गुप्ता ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी। पीड़ित को इलाज के बाद आवेदन देने को कहा गया है।

## म्यूटेशन के नाम पर घूस लेने वाले राजस्व कर्मचारी को डीएम ने किया निलंबित

निज संवाददाता

**पूर्णिया**। जमीन के म्यूटेशन के नाम पर रुपौली अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी का घुस लेने से जुड़ा वीडियो वायरल होने के मामले में राजस्व कर्मचारी ज्ञान कुमार पर डीएम कुंदन कुमार ने निलंबन की बड़ी करवाई की है। डीएम ने राजस्व कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय कार्रवाई का भी निर्देश दिया है। 2 दिन पहले ही राजस्व कर्मचारी ज्ञान कुमार का जमीन म्यूटेशन के नाम पर नारायण मंडल नामक आवेदनकर्ता से पैसा लेने का वीडियो वायरल हुआ था। राजस्व कर्मचारी का घूसखोरी से जुड़ा ये कोई पहला मामला नहीं। वहीं इससे पहले भी भ्रष्ट राजस्व अधिकारी का घूस लेने से जुड़ा 2 वीडियो वायरल हो चुका है। वायरल वीडियो के संज्ञान में आते ही डीएम कुंदन कुमार ने इस मामले पर एक्शन लेते हुए धमदाहा के अनुमंडल पदाधिकारी व धमदाहा के भूमि सुधार उपसमाहर्ता की दो सदस्यीय टीम बनाई थी। जांच में राजस्व कर्मचारी ज्ञान कुमार पर लगे आरोप सही साबित हुए। अधिकारियों ने जांच में पाया कि राजस्व कर्मचारी ज्ञान कुमार ने एक ही भूमि के नामांतरण और दाखिल खारिज करने को लेकर पहले इसे अस्वीकृत करने की अनुशंसा की गई। जिसके आधार पर अंचलाधिकारी रुपौली ने इसे अस्वीकृत कर दिया था। इसके बाद राजस्व अधिकारी ने जमीन की दाखिल खारिज के लिए स्वीकृत करने का प्रतिवेदन दिया। इससे साबित होता है कि जानबूझकर दाखिल खारिज अस्वीकृत कराया गया और फिर बाद में गलत मंशा से स्वीकृत करने की अनुशंसा की गई। इस जांच रिपोर्ट पर राजस्व कर्मचारी ज्ञान कुमार को दोषी पाते हुए डीएम कुंदन कुमार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। साथ ही विभागीय कार्रवाई का भी निर्देश दिया है। बता दें कि इससे ठीक एक साल पहले भी लगान की रसीद कटाने के नाम पर भी रुपए लेते हुए राजस्व कर्मचारी का वीडियो वायरल हुआ था, मगर उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

हाथी की खबर सुनते ही इलाके के लोगो में दहशत का माहौल

# हाथियों के झुंड ने कई घरों को तोड़ा एवं किसानों के फसलों को किया बर्बाद

निज संवाददाता

**किशनगंज**। किशनगंज के तलवारबंधा में मंगलवार की सुबह नेपाल से जंगल के रास्ते घुसे हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पाद मचाया। वहीं कई लोगों के घरों को भी तोड़ दिया है। साथ ही किसानों के कई एकड़ में लगे फसलों को भी नष्ट कर दिया हैं। जिसके बाद लोगो में भय का माहौल बना है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हमलोगों ने किसी तरह से हाथियों झुंड को भगाया गया। साथ ही ग्रामीणों ने उक्त घटना की सूचना वन विभाग को भी दे दी हैं। इधर आसपास के इलाके में हाथी की खबर सुनते ही इलाके के लोगो में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगो में पीड़ित



मो. नाफिज ने बताया कि अक्सर सीमावर्ती गांव में नेपाल से हाथी घुसकर तांडव मचाते है।

जिससे हमे काफी नुकसान होता है। मगर वन विभाग द्वारा अबतक कोई भी पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई है। साथ ही सूचना देने पर भी वन विभाग के लोग जल्दी नहीं आते है। ज्ञात हो कि अबतक हाथियो के आतंक से कई जाने भी चली गई है। जिससे लोगो में आक्रोश का माहौल बनी हुई है। साथ ही स्थानीय लोगो ने वन विभाग और प्रशासन से हाथियों के उत्पाद को कम करने को लेकर कोई ठोस कदम उठाने की मांग की है।

# डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

**सीतामढ़ी**। सीतामढी के कन्हौली में अपराध की योजना बना रहे तीन बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कन्हौली थाना क्षेत्र के मुलही मठ के बगीचा से सभी बदमाश गिरफ्तार किए गए है। बताया जा रहा है कि सभी बदमाश डकैती की घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे थे। जिसकी गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार किया गया है। वही, तलाशी के दौरान बदमाशों के पास से थाना पुलिस ने लोडेड पिस्टल भी बरामद किया गया है। कन्हौली थाना के पुलिस निरीक्षक केदार नाथ प्रसाद के नेतृत्व में रविवार की रात्रि 12 बजे उक्त कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है की मौके पर पहुंची पुलिस की टॉर्च की रौशनी देख सभी बदमाश भागने लगे। हालांकि, इस दौरान पुलिस बल की सक्रियता से तीन बदमाशों को पकड़ लिया गया। वही दो अन्य बदमाश भागने में सफल रहे। जिसे गिरफ्तार करने का भी काफी प्रयास किया गया। गिरफ्तार बदमाश अररिया गांव निवासी वीरेंद्र ठाकुर के पुत्र अभिषेक कुमार, रामबाबु साह के पुत्र आकाश कुमार व आशीष कुमार बताया गया है। जबकि भागे हुए बदमाश सीमावर्ती सर्लाही नेपाल के मलंगवा थाना अंतर्गत रामबाबु व प्रकाश कुमार हैं। जांच के क्रम पुलिस को अभिषेक की कमर से एक लोडेड पिस्टल, आकाश के कमर से नेपाली खुकुरी व आशीष के कमर से एक चाकू समेत इंडियन व नेपाली नंबर का मोबाइल बरामद हुआ हैं। पुलिस ने बताया कि अभिषेक हाल ही में जेल से छूट कर बाहर आया था। पुलिस ने सभी बदमाशों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## देसी कट्टा और गोली के साथ अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता

**मुज़फ़्फ़रपुर**। मुजफ्फरपुर पुलिस ने लूट की साजिश रच रहे दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल पूरा मामला जिले के पियर थाना क्षेत्र का है। जहां पियर पुलिस को इलाके में कुछ शातिर अपराधियों के द्वारा लूट की साजिश रचने की सूचना मिली। इसके पुलिस ने टीम बनाकर छापेमारी की। मौके से पुलिस की टीम ने दो अपराधियों को अरेस्ट किया है। बदमाशों के पास से एक देसी कट्टा और दो कारतूस बरामद किए गए हैं। पकड़े गए दोनों



अपराधियों की पहचान पियर थाना के बरियारपुर निवासी राजू कुमार और मुन्ना गिरी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा, और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया एक अपराधी मुन्ना गिरी पर पहले से भी आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। थानेदार पंकज यादव ने बताया कि इन दोनों के गिरोह से जुड़े अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम अभी छापेमारी कर रही है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# विश्वास का प्रदर्शन

नरेंद्र मोदी सरकार के दसवें वर्ष का अंतिम व अंतरिम बजट पूरी तरह से आश्वस्त और भविष्योन्मुखी बजट है। यह कदापि चुनावी बजट नहीं है, क्योंकि दो महीने में देश में चुनाव होने जा रहे हैं, पर सरकार में किसी भी तरह की बेचैनी नहीं है। साफ लगता है कि नरेंद्र मोदी सरकार अपनी वापसी के लिए आश्वस्त है। चूंकि यह अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती पर फोकस करता हुआ बजट है, इसलिए किसी भी प्रकार की नई तात्कालिक लोकलुभावन घोषणा से इसे बचाया गया है। लोकलुभावन घोषणा के रूप में केवल सूर्योदय योजना है, जिसकी घोषणा पहले ही हो चुकी है, जिसके तहत देश के एक करोड़ घरों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना है। ये ऐसे घर होंगे, जिनकी छतों पर सौर ऊर्जा के लिए संयंत्र स्थापित होंगे। न कॉरपोरेट कर में कोई परिवर्तन हुआ है और न आयकर में किसी तरह की राहत दी गई है। अब वेतनभोगियों को चुनाव बाद आम बजट से ही उम्मीद रखनी चाहिए। बजट में नारी, युवा, किसान और गरीब पर विशेष नजर है और इसके सियासी मूल्य को सहज ही समझा जा सकता है। बहरहाल, संसद में अच्छे माहौल में बजट का पेश होना भी स्वागतयोग्य है। इस अंतरिम बजट 2023-24 को हम 'गुड रिपोर्ट कार्ड बजट' भी कह सकते हैं, क्योंकि एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण का अधिकतर हिस्सा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नरेंद्र मोदी सरकार की दस साल की उपलब्धियों की व्यवस्थित प्रस्तुति पर खर्च किया। चूंकि विकास दर संतोषजनक है, लगभग 7 प्रतिशत की विकास दर देश हासिल कर सकता है। सरकार का वित्तीय घाटा 5.9 के अनुमान से कम 5.8 रहा है और सरकार वित्त वर्ष 2025 में इसे 5.1 प्रतिशत करने के प्रति आश्वस्त है। कोई संदेह नहीं है कि यह सरकार के आत्मविश्वास से सराबोर बजट है। वित्तीय घाटे को एकदम से कम किया भी नहीं जा सकता, क्योंकि सरकार को विकास की रफ्तार बनाए रखने के साथ जनकल्याण के कार्यों-योजनाओं को भी चलाए रखना है। वाकई, देश का तेज विकास और जरूरतमंदों की मदद करना ज्यादा जरूरी है और वित्तीय घाटे की ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार के समय में उच्च शिक्षा में महिलाओं का प्रवेश बढ़ा है और 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकल आए हैं। लोगों की आय में 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। साफ तौर पर केंद्र सरकार का फोकस आर्थिक न्याय पर है, अगर इसे सुनिश्चित किया जाए, तो सामाजिक न्याय में भी सहूलियत होगी। नरेंद्र मोदी सरकार के समय में विदेशी पूंजी निवेश भी खूब आया है। करीब 596 अरब डॉलर का विदेशी पूंजी निवेश 2014 से 2023 के बीच आया है। हालांकि, यह अच्छी बात है कि सरकार को एहसास है, विदेशी पूंजी निवेश का पूरा लाभ देश को नहीं हुआ है।

## महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीबों के जीवन में बेहतरी करने पर जोर

इस बार अंतरिम बजट होने की वजह से सरकार ने किसी प्रकार की महत्त्वाकांक्षी योजना की घोषणा करने से परहेज किया है। मगर बजट का जोर महिलाओं, किसानों, युवाओं और गरीब लोगों के जीवन में बेहतरी पर है। वित्तमंत्री ने इन वर्गों के लिए पहले से चलाई जा रही योजनाओं में और बढ़ोतरी का एलान किया। गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का दायरा बढ़ा कर मध्यवर्ग तक करने की घोषणा की।तीन करोड़ लोगों को इस योजना का लाभ मिल चुका है, दो करोड़ लोगों को अगले पांच वर्षों में लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री किसान निधि के तहत पौने बारह करोड़ से ऊपर और फसल बीमा योजना के तहत चार करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाने का उल्लेख किया गया है। किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ और योजनाओं का संकल्प दोहराया गया है।इसी तरह महिला उद्यमशीलता में अट्ठाईस फीसद की बढ़ोतरी का उल्लेख किया गया। पच्चीस करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने को भी रेखांकित किया गया है। हालांकि इन योजनाओं के तहत हासिल उपलब्धियों का उल्लेख पहले भी कई मौकों पर होता रहा है। हाल ही में एक करोड़ घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' का भी इस बजट में उल्लेख है। इससे इन परिवारों को हर महीने करीब तीन सौ यूनिट मुफ्त बिजली मिलने का दावा किया गया है।अब रेलवे बजट का लेखा-जोखा भी आम बजट में समाहित होता है। इसलिए इस बार के बजट ही में चालीस हजार रेलवे बोगियों को 'वंदे भारत' बोगियों में परिवर्तित करने और तीन नए 'कारिडोर' शुरू करने का उल्लेख किया गया है।

# नीतीश कुमार ने जो चाल चली है...उसके असल परिणाम अभी आने बाकी हैं

**(उमेश चतुर्वेदी)**

*लालू की विरासत पर चलने वाले तेजस्वी का कद बढ़ा है। सरकार टूटने के बाद तेजस्वी ने काफी परिपक्कता का परिचय दिया। इसके चलते बिहार में एक वर्ग ऐसा दिख रहा है, अगर तेजस्वी का कोर वोटर अपनी आक्रामकता पर काबू रख पाया तो बिहार में आने वाले दिनों में दो ही राजनीतिक ध्रुव होंगे। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी होगी तो दूसरी तरफ राष्ट्रीय जनता दल। माना यह जा रहा है कि नीतीश कुमार की पार्टी भविष्य के चुनावों छीजती चली।*

लालू बेशक नीतीश के सहयोगी बने, लेकिन वे 1994 की दगाबाजी नहीं भूले। धीरे-धीरे शासन में लालू परिवार का दबदबा बढ़ा तो नीतीश ने 2017 में फिर बीजेपी का साथ ले लिया। इसका उन्हें 2019 के आम चुनावों में फायदा भी हुआ। उनके 16 सांसद चुने गए।

भारतीय गांवों का एक खेल है, दोल्हा-पाती। इसमें खिलाड़ी अपने को बचाने के लिए लगातार एक डाल से दूसरी डाल पर फांदते-कूदते रहते हैं। इस तरह वे खुद को खेल के नियम के अनुसार बचाने की कोशिश करते रहते हैं। वैसे तो यह खेल भारत के तकरीबन हर इलाके के गांवों में प्रचलित है। लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में यह खेल कुछ ज्यादा ही प्रचलित रहा है। शायद यही वजह है कि बिहार की नौंवी बार कमान संभाल चुके नीतीश कुमार को लेकर दोल्हा-पाती के खिलाड़ी जैसी अवधारणा बन गई है। करीब एक दशक में जिस तरह चार बार नीतीश कुमार ने गठबंधन बदला, अपने साथी बदले, वह कूद-फांद का ही रूप है। दिलचस्प है कि नैतिकता और मर्यादा की सबसे ज्यादा दुहाई राजनीति देती है, लेकिन नैतिकताओं और मर्यादाओं का भंजन सबसे ज्यादा राजनीति ही करती है। नीतीश, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय जनता पार्टी, कम से कम बिहार के संदर्भ में तीनों ही इसी प्रवृत्ति के उदाहरण बनकर सामने आए हैं। 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया था, नीतीश कुमार ने उन्हें सांप्रदायिक करार देते हुए उस आठ साल से जिस पार्टी के साथ सत्ता चला रहे थे, उस भाजपा का दामन छोड़ दिया था। इसके पहले भी वे नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी सोच को जाहिर कर चुके थे। साल 2008 में जब कोसी नदी ने समंदर का रूप धर लिया था, तब गुजरात से बिहार पहुंची राहत की खेप को नीतीश ने बैरंग वापस करा दिया था। क्योंकि उस वक्त उनकी नजर में सांप्रदायिक नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। 2013 में नीतीश कुमार ने उस लालू का दामन थाम लिया, जिनके विरोध में उन्होंने 1994 में जनता दल छोड़कर जार्ज फर्नांडिस की अगुआई में समता पार्टी बनाई थी। भाजपा के साथ 1996 में समता पार्टी ने जो गठबंधन किया, उसका नतीजा ही रहा कि 2005 के बिहार विधानसभा चुनावों में नीतीश की अगुआई में लालू यादव की लगभग अजेय समझी जाने वाली सत्ता को उखाड़ फेंका गया। तब नीतीश ने नया इतिहास रचा, लेकिन इसमें सहयोग बीजेपी का भी रहा। नीतीश-भाजपा की सरकार ने 2006-2010 के दौरान बिहार की कार्यशैली बदली, कानून-व्यवस्था को बेहतर किया और कई कीर्तिमान रचे। इसका असर यह हुआ कि 2010 के विधानसभा चुनावों में लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी पराजय हुई। ऐसा माना जाने लगा कि लालू यादव की पार्टी अब खत्म हो जाएगी। लेकिन नीतीश कुमार ने 2013 में पलटी मारी और इसके बाद 2015 में हुए विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनता दल को जैसे जीवनदान मिल गया। लेकिन नीतीश को लालू का यह साथ ज्यादा दिन रास नहीं आया। हालांकि इस बीच बिहार के जीन को लेकर नीतीश कुमार ने ऐसा अभियान चलाया कि बोरे में भरकर बिहार के लोग अपने बाल नरेंद्र मोदी के पते पर भेजते रहे। तब बिहारी लोगों का बाल उनकी शुद्ध बिहारी जीन का प्रतीक था। लालू बेशक नीतीश के सहयोगी बने, लेकिन वे 1994 की दगाबाजी नहीं भूले। धीरे-धीरे शासन में लालू परिवार का दबदबा बढ़ा तो नीतीश ने 2017 में फिर बीजेपी का साथ ले लिया। इसका उन्हें 2019 के आम चुनावों में फायदा भी हुआ। उनके 16 सांसद चुने गए। बीजेपी को अपनी पुराने 22 सांसदों में से कुछ के टिकट काट कर उनकी सीट जनता दल यू को देनी पड़ी। इसी गठबंधन ने 2020 का विधानसभा चुनाव भी लड़ा। इस चुनाव में लोकजनशक्ति-रामविलास गुट के नेता चिराग ने सिर्फ जनता दल यू की सीटों पर ही अपने उम्मीदवार उतारे और 2005 के बाद पहली बार नीतीश की पार्टी को सबसे कम यानी 5 सीटें मिलीं। नीतीश ने इसे बीजेपी का खेल माना और 10 अगस्त 2022 को बीजेपी का साथ छोड़ उस आरजेडी का दामन थाम लिया, जिसके नेता तेजस्वी यादव ने उन्हें पलटू चाचा की उपाधि दी थी। बिहार में 28 जनवरी 2024 को नीतीश ने फिर पाला बदल लिया और उनके लिए सारे दरवाजे बंद करने का बार-बार दावा करने वाली बीजेपी ने बदले हालात में उनके लिए दरवाजे खोल दिए। नीतीश भी अपना वह बयान भूल गए कि मर जाएंगे, लेकिन बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। इसके बाद नीतीश कुमार की छवि पलटू बाबा के रूप में स्थायी हो गई। राजनीति दरअसल समूचा शीर्ष नेतृत्व का खेल है। दिलचस्प यह है कि शीर्ष नेतृत्व सारे कदम अपने कार्यकर्ताओं और आम लोगों की भावनाओं के नाम पर उठाती है। जब भी कोई गठबंधन टूटता है तो घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता पुराने साथी को दुश्मन मानकर उसके खिलाफ दुश्मनी की हद तक हमलावर हो जाते हैं। लेकिन जैसे ही फिर वही दल साथ आ जाते हैं तो जमीनी स्तर पर दुश्मनी निभाने वालों के सामने खीस निपोरने और ठगा महसूस करने के अलावा कोई चारा नहीं होता। बिहार में भी यही हो रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को नहीं सूझ रहा कि वे अब उस नीतीश को कैसे पचाएं, जिन्होंने उन्हें अछूत बताया, उनके नेताओं को विधानसभा में खरी-खोटी सुनाई। विधानसभा अध्यक्ष का आसन सदन में सबसे ऊंचा होता है। लेकिन नीतीश ने उस आसन पर बैठे विजय सिन्हा को भी नहीं छोड़ा था। सदन में महिलाओं को लेकर उन्होंने अभी कुछ ही महीने पहले तकरीबन अश्लीलता की हद तक का बयान दिया था। तब भाजपा की एक विधायक फूट-फूटकर रो पड़ी थीं। बदले हालात में उनकी स्थिति का अनुमान ही लगाया जा सकता है। जनता दल यू के एक वरिष्ठ नेता ने नाम ना छपने की शर्त पर बताया कि उनका अपना कोर वोटर, जिसमें नीतीश की अपनी कुर्मी जाति के भी लोग हैं, अब गाली देने लगे हैं। उनके सामने भी नीतीश की लानत-मलामत की गई। लोगों का कहना है कि क्या बिहार के राजनीतिक दलों और नेताओं की आंखों में पानी नहीं रह गया है? बिहार के बदले राजनीतिक गठबंधन की नई सरकार को बिहार के हित में बताया जा रहा है। इससे बीजेपी खुद को बेहतर स्थिति में पा रही है। राष्ट्रीय जनता दल खुद को ठगा महसूस कर रहा है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में दो चीजें कम से कम फौरी तौर पर साफ हुई हैं। नीतीश का प्रभामंडल कमजोर हुआ है।

# मंदिर-मुक्ति के लिए उत्तर से दक्षिण तक जारी आंदोलन

**(एस श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार)**

पंजाब से लेकर आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु जैसे दक्षिणी राज्यों तक सरकार के अधीन वाले बोर्डों द्वारा मंदिरों के प्रबंधन के खिलाफ 'संघ परिवार' ने जंग का एलान कर दिया है, और इनको निजी हाथों में सौंपने की मांग कर रहा है। इसके लिए उसके तमाम अंग न सिर्फ सड़कों पर राजनीतिक रूप से, बल्कि विभिन्न अदालतों में सरकारी बोर्डों के फैसले को चुनौती देकर कानूनी रूप से मुखर हो गए हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा हुंडी से जमा रकम का एक प्रतिशत हिस्सा सामाजिक व स्थानीय विकास के कामों पर खर्च करने के फैसले को चुनौती देना इसी की ताजा कड़ी है। हालांकि, टीटीडी की जिस 29 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति ने इस प्रस्ताव को पास किया था, उसमें शामिल नौ भाजपा सदस्यों ने भी इसके पक्ष में मत डाला था। मगर विहिप ने पूरे आंध्र प्रदेश में विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया और स्थानीय अदालत से इस पर 'स्टे' ले आई। हालांकि, इससे पहले ही मुख्यमंत्री जगन मोहन ने घोषणा कर दी थी कि उनकी सरकार बोर्ड के फैसले को खारिज कर रही है। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट के दो जजों न्यायमूर्ति यू यू ललित और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट ने धार्मिक विन्यास अधिनियम, 1863 का हवाला देते हुए कहा है कि लोगों से जो धन जमा किया जाता है, उसे सामाजिक जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों को वापस कर देना चाहिए। यह पीठ उस जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी, जिसमें भारत के कुल नौ लाख मंदिरों में से चार लाख मंदिर सरकारी नियंत्रण में होने और उनको मुक्त करने की मांग की गई है। मंदिरों की 'मुक्ति' भगवा परिवार की पुरानी मांग रही है। उसका मानना है कि मंदिरों को तो राज्य सरकार नियंत्रित करती है, लेकिन मस्जिदों और चर्चों का प्रबंधन उनके अपने समुदाय के लोग करते हैं। उसका यह भी आरोप है कि राज्य सरकार हिंदू भक्तों के पैसे का दुरुपयोग कर रही है। हालांकि, विशेषज्ञ इस दावे को तर्क की कसौटी पर पूरी तरह खरा नहीं पाते। वे कहते हैं कि अगर ऐसे कानून हैं, जो मंदिरों के प्रबंधन को नियंत्रित करते हैं, तो ऐसे अन्य कानून भी हैं, जो वक्फ बोर्ड को नियंत्रित करते हैं। हालांकि, वे इस बात पर सहमत हैं कि चर्चों को अधिक स्वतंत्रता हासिल है, और वे यह भी मानते हैं कि मंदिरों के पैसों के उपयोग में पारदर्शिता नहीं बरती जाती। बावजूद इसके, मंदिरों को निजी हाथों में सौंपने संबंधी मांगों के निहित खतरे की ओर भी वे साफ शब्दों में इशारा करते हैं। धार्मिक बंदोबस्ती समवर्ती सूची का मामला है और केंद्र व राज्य, दोनों को इस बाबत कानून आदि बनाने का अधिकार है। तमिलनाडु में सभी हुंडी को बैंकों में जमा किया जाता है, जिनमें से 14 प्रतिशत प्रशासनिक शुल्क, चार फीसदी ऑडिट फीस, चार से दस फीसदी कॉमन गुड फंड के लिए और शेष रकम को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में डाल दिया जाता है। तमिलनाडु की तरह शेष चारों दक्षिणी राज्यों ने मंदिर फंड के गलत इस्तेमाल के आरोपों को खारिज किया है। उधर, इस महीने की शुरुआत में एक भाजपा नेता ने आप मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की कि पंजाब में 200 से अधिक हिंदू मंदिरों और डेरों को राज्य सरकार नियंत्रित कर रही है। इनमें से कुछ मंदिरों के महंत की नियुक्ति सरकार द्वारा करने और वहां के पैसों के दुरुपयोग के आरोप भी लगाए गए हैं। कर्नाटक में तो जब भाजपा सत्ता में थी, तो तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने ऐसा कानून लाने का वायदा किया था, जो मंदिरों को राज्य के नियंत्रण से मुक्त कर देगा। मगर मौजूदा मुख्यमंत्री और तब के विपक्षी नेता सिद्धारमैया ने 'मुक्त मंदिर' का विरोध करते हुए कहा था कि हिंदू मंदिरों की राशि किसी अन्य धार्मिक संस्थानों में भेजे जाने के आरोप बेबुनियाद हैं। राज्य सरकार ने मंदिर नियमावली में हस्तक्षेप करने से भी इनकार कर दिया है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5273

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 9 | | 8 |
| | 3 | | 1 | 7 | | | | 4 |
| | | | | | 6 | | | |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | | 3 | | |
| | | 3 | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| | | | 4 | | | | | |
| 9 | | | | 5 | 1 | | 4 | |
| 4 | | 5 | | | | 1 | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5272

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 4 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आर्थिक मामलों में लाभ का दिन है। आपने जो कार्य करने के बारे में सोचे हैं उनको आप पूरा कर पाएंगे। आवश्यक सामान की खरीदारी में शाम तक का समय बीतेगा और आपको आज के दिन काफी अच्छे फलों की प्राप्ति होगी। घर परिवार के वृद्धजनों से बहस में न उलझें। उनकी राय भी सुन लें, उपयोगी सिद्ध होगी।

### वृष
दिन आज शुभ नहीं है और आज आपको परिवार के लोगों की वजह से दुख और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आप मन ही मन कुढते रहेंगे और किसी से कुछ कह पाने की स्थिति में भी नहीं रहेंगे। आपको धन के मामले में भी नुकसान हो सकता है और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। आपको कुछ ऐसा काम करना पड़ सकता है।

### कर्क
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपके सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपको राज्य से सम्मान और सांसारिक प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। व्यापार के भागीदारों और पत्नी पक्ष के लोगों से आपको हर प्रकार का सहयोग मिलेगा। आपको दूसरों का उधार चुकाने में सफलता मिलेगी।

### सिंह
आज आर्थिक लाभ होगा और जो लोग राजनीति या फिर बिजनस से जुड़े हैं उन्हें लाभ होगा। सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिस्पर्धा में प्रतिद्वन्दी आपसे पीछे रह जाएंगे। दिन का उत्तरार्ध भी शुभव्यय कीर्ति में वृद्धि कारक है। पुण्य कार्यों पर भी व्यय हो सकता है।

### मिथुन
आज का दिन आर्थिक मामलों में सफलता से भरा होगा और आपको कहीं यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बहन-भाई के विवाह इत्यादि मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है।

### कन्या
आज का दिन लाभपूर्ण है। अपनी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में शत्रु चुगली करेंगे जिससे सायंकाल के समय परेशानी हो सकती है। आपकी राशि का स्वामी मार्गी चल रहा है(

### तुला
आज भाग्य में वृद्धि का दिन है और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आज किसी से बिना वजह विवाद और झगड़े हो सकते हैं। अपने आसपास खुशनुमा माहौल बनाने का प्रयास करें। कार्यालय में भी अकस्मात् कोई नया परिवर्तन आपको आश्चर्य में डाल सकता है। महिला सहकर्मी और अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं।

### वृश्चिक
आज का दिन आर्थिक मामलों में लाभपूर्ण होगा। अकस्मात आपके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। नये कार्य में वैधानिक और तकनीकी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने से आपके लिए लाभ के योग बनेंगे और धन सम्मान में वृद्धि होगी। घर के पुराने लटके हुए कार्यों को बना लेने का मौका भी मिलेगा।

### मकर
आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय बीतेगा। मामला कार्यक्षेत्र का हो तो आप अपने सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभा लेंगे।

### कुंभ
आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आप अपना पुराना उधार चुका पाएंगे। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा। कुछ आवश्यक घरेलू सामान की खरीदारी करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। सायंकाल का समय घरवालों के साथ व्यतीत करें तो आपका मन प्रसन्न रहेगा।

### धनु
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको बहुत समय से रुके धन की प्राप्ति होगी। नए संबंधों में स्थायित्व आएगा और आपके कार्य सफल होंगे। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिल सकती है, प्रयत्नशील रहें। रात्रि का समय मंगल कार्य में बीतेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से मन में प्रसन्नता रहेगी।

### मीन
आज का दिन अनुकूल है। आप अपने निकटवर्ती व अन्य लोगों की भावनाओं को पहचानें और उनके अनुसार चलने का प्रयास करें तो आपको आत्म संतोष की प्राप्ति होगी। दूसरों की बात सुनने का प्रयास करें तो आपको लाभ होगा। दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे।

## वर्ग पहेली 5273

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | |
| | ■ | 9 | | | | | ■ |
| 10 | 11 | | ■ | ■ | 12 | | 13 |
| 14 | | ■ | 15 | 16 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | 17 | | | 18 | | ■ |
| 19 | 20 | ■ | | | | ■ | 22 |
| 23 | | | | ■ | 26 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. राष्ट्रीय गीत को सर्वप्रथम कांग्रेस के अधिवेशन में यहां गाया गया था (4)
4. पुराणानुसार गांधार देश के एक राजा जो शकुनि और गांधारी के पिता थे (3)
7. किसी मात्रा में, किस परिणाम में (3)
8. संसार के सभी लोग या लोक समूह को यह भी कहते है (3)
9. डकैत से सांसद बनी एक भारत की राजनेता (5)
10. कृपणता, अनुदारता, शूमी (3)
12. विवाह के समय वधू का वर को अंगीकार करना, यदि ऐसा न होगा तो (3)
14. ठगठनाहट, खनखन (2)
15. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय जो देव और दानव दोनों को प्रिय था, चंद्रमा का एक नाम (2)
17. मध्यप्रदेश कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता जो क 16 वी लोकसभा के सबसे लंबे समय तक सेवारत सदस्य थे (5)
19. देह के बाल, रोआं (2)
21. मुखिया, नेता, अभिनेता (3)
23. सार्वजनिक मार्ग, राहगुजर (4)
24. महाराष्ट्र का गोदावरी नदी के तट पर बसा एक नगर (3)

**ऊपर से नीचे**
1. कोयल की तरह मधुर स्वर वाला या वाली (5)
2. बुरी आदत, दुर्व्यसन, चसका (2)
3. जो बात कान के पास आकर धीरे से कही जाए (4)
4. भगतसिंह के साथ इन्हें भी फांसी पर चढ़ाया गया था (4)
5. बलिष्ठ, उर्जस्वी (4)
6. भाग्य को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
11. बेला, वक्त (2)
13. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
15. प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक काठियावाड के पश्चिमी तट पर स्थित है (4)
16. दक्षिण पवन, दक्षिण भारत का एक पर्वत(3)
18. घेराबंदी करना (3)
19. प्रतिदिन, नित्य, गुलाब (2)
20. अंतकरण, हृदय, दिल, चित्त (2)
22. पत्र आदि पहुंचाने की सरकारी व्यवस्था (2)

### वर्ग पहेली 5272 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | डा | र | ■ | गो | दा | व | री |
| म | क | स | द | ■ | व | र | ना |
| ■ | खा | द | र | ■ | त | क | ■ |
| घा | ना | ■ | कि | ला | ■ | न्या | य |
| न | ■ | वि | ना | य | क | ■ | था |
| ■ | अ | द | र | क | ■ | भा | व |
| म | जा | ल | ■ | ■ | सू | र | त |
| ■ | न | न | सा | र | ■ | त | ■ |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर में दीक्षा समारोह

**धनबाद, एजेंसी।** टुंडी के रतनपुर स्थित स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को माध्यमिक सत्र 2023-2024 का दीक्षा समारोह आयोजित हुआ। दीप-प्रदीप्त, पुष्पार्चन, वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन, एकल गीत, सामूहिक गीत प्रस्तुत किया गया। छात्र छात्राओं ने अपने अध्ययन काल का अनुभव व्यक्त किया। उड़ान स्मृति पुस्तक का विमोचन किया गया। प्रधानाचार्य ने औपचारिक दीक्षा दी। मार्गदर्शन स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यक्ष शरत दुदानी ने समारोह को विद्यार्थियों का मध्यकाल बताते हुए उन्हें ईमानदारी से अध्ययन के लिए प्रेरित किया। विक्रांत उपाध्याय ने आभार ज्ञापन किया, संचालन चाहत कुमारी ने किया।

### कैंपस प्लेसमेंट में 10 अभ्यर्थियों का चयन

**धनबाद , एजेंसी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, धनबाद में ग्रामीण शिक्षा एवं फाउंडेशन अहमदाबाद की ओर से सोमवार को कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान मदर-सन ऑटोमैटिक टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में कुल 47 अभ्यर्थी शामिल हुए और इनमें 40 शॉर्टलिस्ट किए गए। इसमें 10 अभ्यथियों का चयन किया गया। उन्हें प्रतिष्ठान में योगदान के लिए 13 फरवरी को बुलाया गया है। शेष अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण जुलाई महीने में समाप्त होगा और फिर से प्रतिष्ठान में योगदान देंगे। चयनित अभ्यथियों को 14.9 हजार रुपए वेतन मिलेगा। मौके पर प्रतिष्ठान से कलीमुद्दीन अंसारी, अकबर अंसारी, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से राकेश कुमार आदि थे।

### किशोरियों के क्षमता विकास पर प्रशिक्षण शिविर

**महुदा , एजेंसी।** है। उन्होंने बाल विवाह अधिनियम, लैंगिक अपराध अधिनियम, सेल्फ सुरक्षा के संबंध में बालिकाओं को बिस्तर से बताया। मौके पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने बाल विवाह मुक्त समाज निर्माण की शपथ ली। शिविर में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो, जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, फिल्ड कॉ-ऑर्डिनेटर पूजा कुमारी, माला देवी, गुलनाज बानो आदि थे।महुदा7झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा सोमवार को आंगनबाड़ी केंद्र कंचनपुर में बाल विवाह के खिलाफ आशा किशोरी मंडल कंचनपुर के सदस्यों का क्षमता विकास पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आशा किशोरी मंडल की 35 किशोरियों ने भाग लिया। ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि ट्रस्ट युवक एवं युवतियों को जागरूक कर समाज से बाल विवाह, बाल यौन शौषण जैसे सामाजिक कुरीति को मिटाने का कार्य कर रहा है।

### डीटीओ को मिला एनडीसी, आर्म्स व गोपनीय का प्रभार

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जिले के नए नजारत उप समाहर्ता (एनडीसी) का प्रभार डीटीओ धनंजय को मिला है। सोमवार को उन्हें रवीन्द्र गागराई ने यह प्रभार सौंपा। वे पिछले साल से इस पद के प्रभार में थे। पहले भी इस पद का प्रभार तत्कालीन डीटीओ दिनेश रंजन के पास था। धनंजय को इसके अलावा गोपनीय शाखा का प्रभारी पदाधिकारी, आर्म्स मजिस्ट्रेट और जिले में प्रशासनिक एवं समन्वय का ओएसडी का भी प्रभार मिला है। इन सभी पदों के प्रभार में रवीन्द्र गागराई ही थे।धालभूम अनुमंडल के नए डीसीएलआर का पदभार गौतम कुमार ने संभाल लिया है। सोमवार को उन्हें रवीन्द्र गागराई ने पदभार सौंपा, जो सरायकेला के अपर समाहर्ता (एडीसी) बन चुके हैं। नए भूअर्जन पदाधिकारी के रूप में गुंजन सिन्हा ने पदभार संभाल लिया है। उन्हें रवीन्द्र गागराई ने प्रभार सौंपा, जो इस पद के अतिरिक्त प्रभार में कई वर्षों से थे। लंबे समय के बाद जिले में स्वतंत्र भूअर्जन पदाधिकारी की पोस्टिंग हुई है।दूसरी ओर, घाटशिला के नए अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में सच्चिदानंद महतो ने पदभार संभाल लिया है। वे जमशेदपुर के बीडीओ के रूप में पदस्थापित थे। उनकी प्रोन्नति जूनियर सेलेक्शन ग्रेड में हो चुकी थी, परंतु पोस्टिंग नहीं हुई थी।

# सदन में लगे जय श्रीराम के नारे, हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर भिड़े जेएमएम-बीजेपी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र का आज दूसरा दिन है। इस दौरान हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर झामुमो व भाजपा के विधायक आपस मे भिड़ गए। सदन की कार्यवाही राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के साथ शुरू हुई। इससे पहले झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लाया, जिसका कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय ने समर्थन किया।



### सदन में लगे जय श्री राम के नारे

भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि चंपई सोरेन 31 जनवरी की घटना के कारण नहीं 22 जनवरी को रामलला के आने के कारण वे मुख्यमंत्री बने। उनके इस वक्तव्य पर कांग्रेस विधायक अपनी सीट पर उठकर हंगामा करने लगे। भानु ने कहा, प्रभु श्रीराम ने एक आंदोलनकारी को मुख्यमंत्री बनाया। पूर्व मुख्यमंत्री आंदोलनकारी नहीं आंदोलनकारी के पुत्र थे। उनके इस वक्तव्य पर सदन में सतापक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। इधर, भाजपा विधायकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए।

इससे पहले चर्चा की शुरुआत करते हुए स्टीफन मरांडी ने कहा कि यह सोचने वाली बात है कि यह राज्य किस दौर से गुजर रहा है। शिबू सोरेन और उनके परिवार के प्रति व्यक्तिगत द्वेष से इस सरकार को गिराया गया है। इससे आदिवासियों के सम्मान को ठेस पहुंचा है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने राज्य के लिए बहुत सारे काम किए हैं और उनकी गिरफ्तारी में राजभवन का हाथ रहा है। एक गरीब को, दलित को सरकार आगे बढ़ते नहीं देखना चाहती है इसका एक जीता-जागता उदाहरण हम सबने देखा है। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने यह भी कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के पास बहुमत का अभाव नहीं था। दिशोम गुरु शिबू सोरेन और उनके परिवार के प्रति द्वेष की भावना से सरकार गिराई गई। न तो गठबंधन में टूट था और न ही कानून व्यवस्था का संकट था।

हेमंत को जेल भेजकर केंद्र सरकार ने ईडी का दुरुपयोग किया। लेकिन भाजपा भूल जाती है कि आज मेरी तो कल उनकी बारी होगी। हेमंत की गिरफ्तारी राजभवन में हुई, इससे पता चलता है कि सरकार गिराने में राजभवन की भूमिका थी।

भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि हेमंत सोरेन को ईडी ने 10-10 बार नोटिस दिया। यदि वे पहले नोटिस में ही ईडी के पास चले जाते तो यह परिस्थिति नहीं आती। अब वे आरोप साबित होने पर झारखंड छोड़ने की बात कर रहे हैं। भगवान न करें उन्हें झारखंड छोड़ना पड़े। आदिवासियों को बहला फुसलाकर मतांतरण कराया जा रहा है। यह सरकार को नहीं दिखता। आदिवासी महिलाओं के विरुद्ध अत्याचार इन्हें नहीं दिख रहा है।

### दीपिका के बयान पर सदन में हंगामा

सदन में चर्चा के दौरान दीपिका ने कहा कि बाबूलाल मरांडी आदिवासी नेता हो सकते हैं, आदिवासियों के नेता नहीं। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी दलित नेता हो सकते हैं, दलितों के नेता नहीं। सांसद निशिकांत दुबे भाजपा को चला रहे हैं। इनके ही विधायक रणधीर सिंह कह रहे हैं कि निशिकांत दुबे पार्टी से बड़ा नहीं हैं। उनके इस बयान पर भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया और आसन के समक्ष पहुंच गए।

### दीपिका से माफी की मांग

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि दीपिका पांडेय ने असंसदीय भाषा का प्रयोग किया। कहा, महिला विधायक होकर भी ऐसी भाषा का प्रयोग किया जो अमर्यादित और संसदीय परंपरा के विरुद्ध है। दीपिका पांडेय माफी मांगे तथा उनके अमर्यादित बयान को कार्यवाही से हटाया जाय।

## आमाघाटा सब-स्टेशन से जुड़ेगा बाल सुधार गृह सब-स्टेशन

**धनबाद, एजेंसी।** शहर के बाल सुधार गृह सब-स्टेशन (बरमसिया ब्रिज स्थित) को आमाघाटा सब-स्टेशन से जोड़ा जाएगा। इससे 20 हजार से अधिक आबादी को लाभ मिलेगा। अभी बाल सुधार गृह सब-स्टेशन में डीवीसी मुकुंदा व पाथरडीह ग्रिड से बिजली की आपूर्ति हो रही है। ग्रिड में अक्सर तकनीकी खराबी उत्पन्न हो रही है, जिससे लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। आमाघाटा सब-स्टेशन से जुड़ने से एक सब-स्टेशन की लाइन खराब होने पर दूसरे से आपूर्ति की जाएगी। इसके बाद लोगों को बिजली संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।इसी माह शुरू होगा कनेक्शन जोड़ने का काम~ विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बाल सुधार गृह सब-स्टेशन में आमाघाटा सब-स्टेशन से सीधे एक लाइन जोड़ी जाएगी। कनेक्शन जोड़ने का काम इसी माह शुरू की जाएगी। सबकुछ ठीक रहा तो एक माह में कनेक्शन जोड़ा जाएगा। इसके बाद लोगों को काफी हद तक बिजली संकट से राहत मिलेगी, क्योंकि बाल सुधार गृह सब-स्टेशन में डीवीसी के पाथरडीह ग्रिड से मुकुंदा होते हुए कनेक्शन जोड़ा गया है।

## हेमंत सोरेन के करीबियों की बढ़ी मुश्किलें, ईडी ने उठा दिया बड़ा कदम



**रांची, एजेंसी।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना की भूमि घोटाले के आरोपित बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी। अब उस पर आरोप गठन किया जाएगा। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था।

बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में ईडी ने भानु प्रताप प्रसाद को गिरफ्तार किया है। इसके यहां से कई फर्जी सेल डीड बरामद हुए थे। जिसके आधार पर ईडी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गिरफ्तार किया है।

ईडी इस मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तहला खान, फैयाज खान, मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दिया है।

ईडी कोर्ट ने मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित पत्थर कारोबारी कृष्णा कुमार साहा की भी डिस्चार्ज याचिका सोमवार को खारिज कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब उस पर आरोप गठन की प्रक्रिया की जाएगी।

बता दें कि मामले में कृष्णा साहा को हाई कोर्ट से सात दिसंबर 2023 को जमानत मिल चुकी है। ईडी ने पांच जुलाई 2023 को पूछताछ के बाद उसे देर रात गिरफ्तार किया था। कृष्णा साहा पंकज मिश्रा का सहयोगी है।

# बाल कैदियों को दी जा रही फिजिकल ट्रेनिंग धनबाद बाल सुधार गृह में सेना दे रही प्रशिक्षण

**धनबाद , एजेंसी।** धनबाद के बरमसिया स्थित बाल सुधार गृह के बाल बंदियों को अग्निपथ योजना के तहत सेना में भर्ती के लिए ट्रेनिंग शुरू की गई है। इस संबंध में बाल सुधार गृह के नोडल ऑफिसर कर्नल जेके सिंह ने बताया कि इस ट्रेनिंग का लाभ बाल कैदियों को मिलेगा। उनके पास फिजिकल ट्रेनिंग होगी तो बहाली के दौरान उन्हें चयन प्रक्रिया में बहुत अधिक मेहनत करने की जरूरत नहीं होगी। बाल कैदियों को इसी प्लानिंग के तहत ट्रेनिंग दी जा रही है।

अग्नि वीर योजना, सैनिकों की भर्ती के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक नई योजना है। इसकी घोषणा 16 जून 2022 को की गई थी। कर्नल जेके सिंह ने बताया कि बाल सुधार गृह में बच्चों को यहां फिजिकल ट्रेनिंग दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अग्नि वीर में भर्ती की छह अलग-अलग कैटेगरी है। पहली कैटेगरी में जनरल ड्यूटी, जिसमें मैट्रिक पास और न्यूनतम मार्क्स 45 प्रतिशत, अग्नि वीर टेक्निकल के लिए इंटर पास और आईटीआई सर्टिफिकेट, अग्नि वीर क्लर्क 60 फीसदी मार्क्स, अग्निवीर स्टोरकीपर और अग्निवीर ट्रेच जिसमें योग्यता 8 पास जरूरी किया गया है।उन्होंने बताया बच्चों से इस ट्रेनिंग के बदले गुरु दक्षिणा देनी होगी। गुरु दक्षिणा इस रूप में होगी कि उन्हें सामाजिक कार्य करने होंगे। जिसमें पांच पेड़ लगाना, बुजुर्गों, अपने माता-पिता का सम्मान, बाईक चलाते समय हेलमेट का उपयोग ऐसे चार से पांच छोटे छोटे कार्य उन्हें करने हैं।



भारतीय वायुसेना ने अग्नि वीर वायु 01/2025 में भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन 11 फरवरी 2024 को रात 11 बजे तक किया जा सकता है। भर्ती से संबंधित आधिकारिक वेबसाइटपर दी गई है। 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 (दोनों तिथि को लेकर) के बीच जन्म लिए पुरुष और महिला उम्मीदवार भारतीय वायु सेना के अग्निवीर वायु भर्ती 01/2025 के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन परीक्षा 17 मार्च 2024 से शुरू होगी।

## पीट-पीटकर सास-ससुर और देवर ने सुजा दिया मुंह, धक्के मार घर से निकाला

**जामताड़ा, एजेंसी।** करमाटांड़ थाना क्षेत्र के बस्ती करमाटांड़ निवासी रजनी वर्मा ने अपने सास-ससुर व देवर पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। रजनी को गंभीर रूप से जख्मी अवस्था में जामताड़ा सदर अस्पताल में उपचार के भर्ती करवाया गया। अस्पताल पहुंची रजनी ने बताया कि तीन फरवरी को उसके सास, ससुर और देवर ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। वह जख्मी अवस्था में करमाटांड़ थाना पहुंची और घटना की लिखित जानकारी दी। इस पर पुलिस पदाधिकारी ने कहा पुलिस टीम अभी आपके घर जांच के लिए जाएगी, आप घर जाइए। लेकिन कोई पुलिस टीम दो दिनों तक नहीं पहुंची। पुलिस टीम दो दिनों तक नहीं पहुंचने पर उसने आसनसोल स्थित अपने मायके में माता-पिता को घटना की जानकारी दी।बताया चार फरवरी को जब उसके माता-पिता भी घर पर पहुंचे तो सास-ससुर और देवर ने उनके साथ भी गाली-गलौज की। सोमवार को जख्मी अवस्था में सदर अस्पताल इलाज के लिए माता-पिता के साथ पहुंची।

## पांच सूत्री मांग लेकर मजदूरों ने किया प्रदर्शन धनबाद श्रम कार्यालय में दो साल से पड़ा है आवेदन

**धनबाद , एजेंसी।** झारखंड असंगठित मजदूर यूनियन के मजदूरों ने 5 सूत्री मांगों को लेकर जिला प्रशासन का मंगलवार को जमकर विरोध जताया। मजदूरों ने धनबाद रेलवे स्टेशन से एक विशाल रैली निकाला। सभी रणधीर वर्मा चौक पहुंचे। जहां जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रणधीर वर्मा चौक पर विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन में टीयूसीसी के झारखंड राज्य महामंत्री मोफ़िज़ साहिल ने कहा कि भवन निर्माण मजदूर लाभुकों का आवेदन, छात्रवृति आवेदन, मृत्यु सहायता, पेंशन, चिकित्सा सहित लगभग पांच हजार आवेदन श्रम कार्यालय धनबाद में 2 वर्षों से जमा है। भवन निर्माण ऑफलाइन मजदूर कार्ड ऑनलाइन होने के बाद भी वर्ष 23 से ऑनलाइन रसीद नहीं कट रहा है। असंगठित मजदूर कार्ड का लाभ देने का वायदा करने के बावजूद उनका आवेदन अभी तक नहीं भरा गया।




उन्होंने कहा कि आवेदन करने वालों को जल्द लाभ का पैसा उनके खाते में भेजी जाए अन्यथा बाध्य होकर 10 फरवरी से 15 फरवरी तक श्रममंत्री झारखंड सरकार का सभी प्रखंडों में पुतला दहन किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक श्रम कार्यालय धनबाद में 17 करोड़ रूपए लाभुकों के खाते में भेजने के लिए एक वर्ष से आया हुआ है।

# लातेहार में पत्नी की हत्या कर 25 किमी दूर थाने में किया सरेंडर

**लातेहार , एजेंसी।** लातेहार में एक पति ने पत्नी की चाकू से गला रेत हत्या कर दी। इसके बाद 25 किमी दूर थाने में जाकर सरेंडर किया। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता था। आरोपी पत्नी के साथ मारपीट भी करता था।

सोमवार रात भी दोनों के बीच लड़ाई हुई, जिसके बाद चाकू से पत्नी की हत्या कर दी। मामला जिले के मनिका थाने का है। जहां मनिका थाना क्षेत्र के केडीएम रोड के रहनेवाले शंभू कुमार ने पत्नी कोमल देवी को मार डाला।

दोनों की अरेंज मैरिज 17 साल पहले हुई थी। घटना को अंजाम किस कारण से दिया गया है। यह स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि, पुलिस इसे आपसी विवाद में की गई हत्या बता रही है।

आरोपी शंभू कुमार ने सोमवार रात वारदात को अंजाम दिया। पुलिस सूत्र का कहना है कि हत्या के बाद वो भागने की फिराक में था। बाद में मन बदला तो लातेहार थाने में जाकर सरेंडर कर दिया और पूरी जानकारी दी।

लातेहार थाने में सरेंडर करने के बाद घटना की जानकारी मनिका थाने को दी गई। जिसके बाद प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी प्रदीप कुमार साव, एसआई भानु प्रताप सिंह, राजकुमार तिग्गा दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच की।

पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी प्रदीप साव ने बताया कि पहली नजर में हत्या का मामला घरेलू विवाद के रूप में सामने आ रहा है। पुलिस अन्य बिंदु पर भी जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पत्नी की हत्या करने के बाद पति शंभु कुमार लातेहार थाना में सरेंडर कर दिया है। आगे की करवाई जारी है। बताया जाता है कि शंभू कुमार ने जब पत्नी की हत्या की गई, उस वक्त दोनों बच्चे दूसरे कमरे में मौजूद थे। दोनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खूंटी में राहुल गांधी ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि, बोले-हम उनके आदर्शों पर चलकर आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन की रक्षा करते रहेंगे

**रांची, एजेंसी।** पांच जनवरी को रांची में सभा को संबोधित करने के बाद राहुल गांधी की यात्रा खूंटी में पहुंची, जहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। राहुल गांधी ने सुबह खूंटी में ही बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी। इससे पहले राहुल गांधी का भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू जाने का कार्यक्रम था, लेकिन सुरक्षा के चलते वे वहां नहीं जा पाए।

राहुल गांधी खूंटी में तमाड़ मोड़ से लेकर भगत सिंह चौक तक रोड शो कर रहे हैं। इसके बाद वे तोरपा होते हुए सिमडेगा के लिए रवाना हो जाएंगे। सिमडेगा के बाद राहुल गांधी ओडिशा चले जाएंगे।

राहुल गांधी झारसुगुड़ा पहुंचेंगे। यहां 7 फरवरी को उनके रात गुजारने की संभावना है। अगली सुबह यात्रा छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने से पहले ब्रजराज नगर, बेलपहाड़, कनकटरा पहुंचेगी।

झारखंड में अब तक सात जिले किए कवर

राहुल गांधी की न्याय यात्रा झारखंड में अब तक सात जिले कवर कर चुकी है। उनकी न्याय यात्रा की शुरुआत पाकुड़ जिले से हुई। जिसके बाद वे गोड्डा पहुंचे। यहां जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद देवघर में बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की। यहां से वे धनबाद पहुंचे। जनता को संबोधित करने के बाद 4 फरवरी को राहुल गांधी बोकारो के रास्ते रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने रात्रि विश्राम किया। सोमवार की सुबह आठ बजे उनकी यात्रा शुरू हुई। रांची के शहीद मैदान में लोगों को संबोधित करने के बाद खूंटी पहुंचे।



भाजपा को आदिवासियों की सरकार मंजूर नहीं

रांची के शहीद मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड में आपकी सरकार को क्यों हटाया गया। यहां आदिवासियों की सरकार थी, जो बीजेपी को स्वीकार नहीं। लेकिन, हम लोग एक साथ खड़े हुए तो सरकार बच गई।

कांग्रेस नेता ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करके लोकतंत्र पर अटैक किया जा रहा है। जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। हमारा गठबंधन लोकतंत्र की आवाज को कभी दबने नहीं देगा। मोदी जी कहा करते है कि वो पिछड़े वर्ग से आते है। जब उनसे कहा गया कि जाति जनगणना करवा दीजिए तो उन्होंने कहा कि देश में दो ही जाति है एक अमीर है, एक गरीब है।

राहुल ने कहा कि हम सत्ता में आए तो देशभर में जाति जनगणना कराएंगे, आरक्षण पर लगी 50 फीसदी की सीमा हटाई जाएगी।

धीरे-धीरे सार्वजनिक क्षेत्र को खत्म किया जा रहा है

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार धीरे-धीरे सार्वजनिक क्षेत्र को खत्म कर रही है। केंद्र सरकार चाहती है कि एचईसी काम न करे और आने वाले दिनों में वे इसका नाम बदलकर अडाणी की नेमप्लेट लगा देंगे। वे इसका निजीकरण करना चाहते हैं। मैं जहां भी जाता हूं, वहां मुझे पीएसयू के लोग हाथों में पोस्टर लेकर खड़े दिखते हैं। उन्होंने कहा कि भेल, हेल और एचइसी को धीरे-धीरे अडाणी के हवाले किया जा रहा है।

कोयले से लदी साइकिल के साथ फोटो किया शेयर

राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करने से पहले 200 किलो कोयले से लदी साइकिल चलाई और इसका फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने लिखा- साइकिल पर 200-200 किलो कोयला लेकर रोज 30-40 किलोमीटर चलने वाले इन युवाओं की आय नाम मात्र है। बिना इनके साथ चले, इनके भार को महसूस किए, इनकी समस्याओं को नहीं समझा जा सकता। इन युवा श्रमिकों की जीवनगाड़ी धीमी पड़ी, तो भारत निर्माण का पहिया भी थम जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल पर कर रहा था बात, कार ने मारी टक्कर, गई जान

**अलीगढ़ , एजेंसी।** 4 फरवरी की शाम करीब छह बजे कोतवाली से करीब 200 मीटर की दूरी पर एक युवक सड़क किनारे बाइक खड़ी कर मोबाइल पर बात कर रहा था तभी तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। दो माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। कासगंज जनपद के सोरों थाना क्षेत्र के गांव गंगागढ़ निवासी 23 वर्षीय गौरीशंकर पुत्र सत्यपाल सिंह एक कृषि उत्पाद कंपनी के लिए खैर में काम करते थे। अलीगढ़-पलवल मार्ग पर बाबा फार्म हाउस के सामने सड़क किनारे बाइक खड़ी कर मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी दौरान अलीगढ़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने ट्रक को ओवरटेक करते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गौरीशंकर की मौके पर ही मौत हो गई।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस की जांच में मृतक की शिनाख्त हो सकी। खबर पाकर मृतक के रिश्तेदार नेकराम पुत्र वीरी सिंह पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि दो माह पहले ही गौरीशंकर की शादी हुई थी। कोतवाली पुलिस के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिवार से तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जिंदा जले पांच लोगों की मौत को हादसा साबित करने की तैयारी

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के फरीदपुर कस्बा के फर्रखपुर मोहल्ले के घर में एक परिवार के पांच लोगों की बंद कमरे में जलकर मौत के मामले को हादसा साबित करने की तैयारी है। पुलिस ने परिवार के 10 लोगों सहित करीब 25 लोगों से पूछताछ की है। फलसफा हादसे जैसा ही निकल रहा है। मामले में अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट भी दो दिन में आ जाएगी। फर्रखपुर निवासी अजय गुप्ता व उनकी पत्नी अनीता, उनके तीन बच्चों की 27 जनवरी की रात बंद कमरे में जलकर मौत हो गई थी। अजय के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। फरीदपुर पुलिस ने अब तक मृतक के परिवार के 10 लोगों सहित करीब 25 लोगों से पूछताछ की है। पुलिस ने मोहल्ले के लोगों से फिर पूछताछ की। अब तक की विवेचना में पुलिस घटनाक्रम को हादसा ही मान रही है। घटना वाले दिन पुलिस अधिकारियों ने निरीक्षण के बाद जो बयान दिया उसी राह पर अब तक पुलिस की विवेचना चल रही है। इंस्पेक्टर का कहना है कि अब तक की जांच में हत्या जैसा कोई साक्ष्य नहीं मिल सका है।

### कूड़ा फेंकने गई बहन, शोहदे करने लगे गंदी हरकतें और छेड़छाड़; विरोध किया तो भाई को जमकर पीटा

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में शोहदे, बहन से छेड़छाड़ कर रहे थे। इस दौरान शोहदों का विरोध करना भाई को भारी पड़ गया। शोहदों ने पीड़िता के भाई की जमकर पिटाई कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला जगदीशपुरा थाना क्षेत्र किशोरपुरा का है। यहां के निवासी कृष्णा ठाकुर ने बताया कि शनिवार को उनकी बहन घर के पास कूड़ा फेंकने गई थी। घर के पास स्थित बगीची में शादी समारोह था। वहां खड़े सूरज और उसके साथी बहन को देखकर कमेंट कसने लगे। बहन ने घर में आकर शिकायत की। उसकी तरफ से विरोध किया गया, तो शोहदों ने मारपीट शुरु कर दी। वह जान बचा कर घर की तरफ भागा। इस पर आरोपियों ने घर पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया।

### अनियंत्रित टेंपो पलटा, सात सवारी घायल

**अलीगढ़ , एजेंसी।** 4 फरवरी की शाम चार बजे के करीब गांव ल्हौसरा में रेलवे लाइन पुल के पास अनियंत्रित टेंपो सड़क किनारे एक पेड़ से टकराकर पलट गया। हादसे में टेंपो पर मौजूद सात सवारियां घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। दिल्ली के शाहदरा निवासी चंद्रवती देवी पत्नी डालचंद्र, रामपाल पुत्र शंकरलाल, जिला मथुरा के थाना सुरीर के गांव करहारी निवासी हरबेजी पत्नी रमेश चंद्र, महेंद्र नगर के माया गार्डन निवासी सोनू और नगला कलार निवासी मोहन सिंह पुत्र रमेश चंद्र, कोतवाली खैर के गांव ऐंचना निवासी बाबूलाल पुत्र तेजपाल खैर से टेंपो पर बैठे थे।

# भाजपा के राज्यसभा प्रत्याशियों का पैनल तैयार, 35 नाम दिल्ली भेजे जाएंगे

## मौजूदा प्रत्याशियों का भी है नाम



**लखनऊ , एजेंसी।** भाजपा राज्यसभा की सात सीटों के लिए पैनल में शामिल 35 दावेदारों के नाम केंद्रीय नेतृत्व को भेजेगी। यह पैनल मुख्यमंत्री आवास पर सोमवार रात आयोजित पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में चर्चा के बाद तैयार किया गया है।

सूत्रों के मुताबिक विधानसभा, विधान परिषद सदस्य बनने से वंचित रहे प्रदेश महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश मंत्री, क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ अन्य पदाधिकारियों के नाम पैनल में हैं। इसमें मौजूदा राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी, विजयपाल सिंह तोमर का नाम भी है। पैनल पर शीर्ष नेतृत्व अंतिम निर्णय लेकर 13 फरवरी तक सूची घोषित कर सकता है। राज्यसभा में दस सीटों पर होने वाले चुनाव में तीन पर सपा और सात पर भाजपा की जीत तय है। आठवीं सीट के लिए भी पार्टी नामांकन दाखिल कर सकती है। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 12 फरवरी को मुजफ्फरनगर के शुक्रताल से ग्राम परिक्रमा की शुरुआत करेंगे। बैठक में गांव चलो अभियान, ग्राम परिक्रमा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिये महिला संपर्क और लाभार्थी संपर्क अभियान की प्रगति पर चर्चा की गई।

17-18 फरवरी को दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की तैयारी पर भी बात हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी सहित अन्य नेताओं के दौरों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भी मौजूद रहे।

### बैजयंत पांडा का इंतजार

लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त प्रभारी एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा के यूपी में पहले दौरे का इंतजार है। पांडा को 27 जनवरी को प्रभारी नियुक्त किया गया था। लोकसभा चुनाव की घोषणा में करीब 40 दिन का समय है। चर्चा है कि ऐसे में चुनाव से पहले पांडा के लिए सभी 80 लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करना मुश्किल होगा।

## भावनपुर में युवती का अधजला शव मिलने से सनसनी

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के भावनपुर थाना क्षेत्र के गांव के छीलोरा औरंगाबाद मार्ग पर एक युवती का अधजला शव मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह के समय खेतों पर जा रहे किसानों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।

काफी मशक्कत के बाद युवती की पहचान टीशा (21) पुत्री प्रमोद कुमार रूप में हुई। मौके पर पहुंचे पिता ने युवती की पहचान की है। बताया कि रविवार को उसकी बेटी का अपनी मां से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद से वह घर नहीं लौटी। काफी तलाश की लेकिन बेटी को कोई सुराग नहीं लगा। सुबह पुलिस को जानकारी देते इससे पहले ही उसकी अधजली लाश मिली।

### पिता ने की पहचान, कहा- मां से झगड़कर घर से गई थी बेटी

जानकारी के अनुसार अय्यूब के खेत के समीप रविवार रात लगभग किशोरी(17) का अधजला शव पड़ा पाया गया। सुबह जब ग्रामीण खेतों पर जा रहे थे तो किशोरी का जलता हुआ शव देखा।

ग्रामीणों ने मामले की जानकारी कंट्रोल रूम को दी। सूचना पर पहुंची भावनपुर पुलिस ने तकरीबन एक घंटे तक जांच पड़ताल की लेकिन न तो शव की पहचान हो सकी और न ही आरोपियों का कोई सुराग लग सका। दोपहर को मुंडाली थानाक्षेत्र के मऊ खास निवासी प्रमोद ने युवती की पहचान अपनी बेटी की रूप में की। वहीं ग्रामीणों का आरोप है पुलिस की समय अनुसार गश्त न होने के कारण बदमाशों के हौसले बुलंद हैं और वह हत्या करने के बाद किशोरी को सड़क किनारे ही जलाकर फरार हो गए। ग्रामीणों में यह भी चर्चा है कि युवती की हत्या कर शव जलाया गया है।

## पंजाब के कारोबारी से रंगदारी मांगने में तीन गिरफ्तार, भागने की फराक में थे नेपाल

**गोरखपुर , एजेंसी।** पंजाब के ईंट भट्ठा कारोबारी से तीन करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के आरोपी तीन बदमाशों को रविवार को रेलवे स्टेशन से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीनों के नेपाल भागने की पंजाब पुलिस से मिली सूचना के बाद से एसओजी गोरखपुर सक्रिय हो गई थी। स्वाट और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने तीनों को पटना से आने वाली ट्रेन से उतरते ही दबोच लिया। तीनों नेपाल भागने की फिराक में थे। इसमें से एक लारेंस बिश्नोई के साथ जेल में रह चुका है। जानकारी के मुताबिक, 19 जनवरी को गोल्डी बरार गिरोह के शातिरों ने ईंट भट्ठा कारोबारी कुलदीप सिंह से तीन करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। इसपर कारोबारी ने नार्थ चंडीगढ़ थाने में रंगदारी मांगने का केस दर्ज कराया था। पंजाब पुलिस तभी से मामले की जांच कर रही थी। इसी दौरान उसके गोरखपुर के रास्ते नेपाल भागने की जानकारी न मिली। इस पर गोरखपुर पुलिस भी सक्रिय हो गई। स्वाट प्रभारी मनीष यादव अपनी टीम के साथ सर्विलांस की मदद से लगे थे। एसओजी और स्वाट ने आरोपियों को रेलवे स्टेशन पर पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान पंजाब के मोहाली के देवीनगर अबरोवास निवासी कमल प्रीत सिंह, कलौली निवासी अमृतपाल सिंह और डेराबसी के अमलाला निवासी प्रेम सिंह के रूप में हुई। पीछे से पंजाब पुलिस भी आ गई थी। आरोपियों को पंजाब पुलिस रिमांड पर लेकर चली गई। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने कहा कि पंजाब में बदमाशों पर तीन करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में केस दर्ज है।

### साथ नहीं चली तो तेजाब से बिगाड़ दूंगा चेहरा शोहदे से पीड़ित है अस्पतालकर्मी महिला

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में एक शोहदा महिला पर तेजाब डालने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। उसने वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। कुछ ही देर में यह वायरल हो गया। मामला सामने आया तो पुलिस जांच में जुट गई। मामला एत्माद्दौला थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने बताया कि वह एक निजी अस्पताल में काम करती है। शुक्रवार की रात को ड्यूटी पर थी। इसी दौरान ट्रांस यमुना कॉलोनी का रहने वाली गुल्ला पौलिया वहां आ गया। वह अपने साथ चलने के लिए दबाव बनाने लगा। बताया कि विरोध करने पर गाली-गलौज करने लगा। साथ ही चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने इसका वीडियो बना लिया। आरोपी पर कार्रवाई करने के लिए पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है।

## 25 वर्षों में नहीं बनी ढाई किमी लंबी सड़क, ग्रामीण बोले- मांग पूरी न हुई तो करेंगे चुनाव बहिष्कार

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के बिशारतगंज क्षेत्र में अतरछेड़ी से इफको खाद फैक्टरी के लिए जाने वाला मार्ग जर्जर है। करीब ढाई किलोमीटर लंबी इस सड़क की पिछले ढाई दशक से किसी ने सुध नहीं ली है। इस वजह से लोग गड्ढों में हिचकोले खाते हुए सफर करने के लिए मजबूर हैं। सड़क न बनने से नाराज ग्रामीणों ने अब डीएम को पत्र भेजा है। जल्द यहां काम शुरू न होने पर लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का एलान किया है।



यह सड़क नैनपुर गांव से वनखंडी मंदिर होते हुए हरूनगला की पुलिया तक जाती है। सड़क से अतरछेड़ी, जगमनपुर, करपिया ब्रह्मनान, सादुल्लागंज, मेहंदीनगला, नैनपुर, चमन गोटिया, ढकौरा, समांधीपुर आदि गांवों के बाशिंदे आवागमन करते हैं।

गांव करपिया ब्रह्मनान निवासी समाजसेवी ठाकुर मोहन सिंह ने बताया कि कल्याण सिंह जब मुख्यमंत्री थे, तब इस मार्ग पर खड़ंजा बिछाया गया था। शासन की मंशा थी कि किसानों को आंवला-भमोरा मार्ग किनारे लगने वाले रामनगला बाजार तक अपनी कृषि उपज को ले जाने में कोई दिक्कत न आए।

**खड़ंजा धंसने से हुए गड्ढे:** वर्तमान में यह सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई। जगह-जगह खड़ंजा धंसने से गड्ढे हो गए हैं। बारिश के दौरान यहां पानी भर जाता है। लंबे समय से क्षेत्र के किसान सड़क पर डामर कराने की मांग करते आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि अक्सर वाहन गड्ढे में फंस जाते हैं। बीते दिनों क्षेत्र के लोग बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा से मिले थे। विधायक ने पीडब्ल्यूडी मंत्री को पत्र लिखकर सड़क बनाने का अनुरोध किया लेकिन विधायक की पैरवी भी काम नहीं आई।

अधिकारियों-नेताओं से तंग आए ग्रामीण अब लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार का मन बना रहे हैं। अतरछेड़ी गांव की प्रधान नन्ही देवी, सादुल्लागंज की प्रधान भूरी देवी के अलावा ग्रामीण नौबतराम, चंद्रपाल, प्रहलाद, पूर्व प्रधान अतुल कुमार सिंह, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त रिटायर्ड शिक्षक जय गोविंद सिंह, परमेंद्र सिंह, रामकुमार सिंह, दिनेश सिंह आदि ने हस्ताक्षर कर डीएम को पत्र भेजा है।

बिथरी चैनपुर के विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए मैंने पहले भी पत्र लिखा था। इस समय विधानसभा सत्र चल रहा है। लोक निर्माण विभाग के मंत्री के सामने फिर से यह मुद्दा रखूंगा। इसी बजट सत्र में रुपये स्वीकृत कराने का प्रयास है।

## 10 मांगों को लेकर 101 दिन से एएमयू कर्मचारियों का धरना जारी, इंतजामिया नहीं दे रहा कोई ध्यान

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में स्थायी, अस्थायी और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का 101वें दिन भी धरना जारी रहा। करीब छह हजार कर्मचारियों ने हड़ताल से लेकर प्रतीकात्मक शवयात्रा निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया था।

10 सूत्री मांगों को लेकर एएमयू के स्थायी, अस्थायी और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी आंदोलित हैं। वह 101 दिनों से कुलपति कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। दिसंबर में दो बार कर्मचारी हड़ताल पर थे। कर्मचारी नेता फैसल गांधी ने कहा कि उनकी मांगों पर एएमयू इंतजामिया कोई ध्यान नहीं दे रहा है। एक साल से एएमयू प्रशासन ने भत्ता बंद कर रखा है। कर्मचारी हित में कोई काम नहीं हो रहा है। अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करने और स्थायी कर्मचारियों को रुके भत्ते देने सहित अन्य मांगों को लेकर कुलपति कार्यालय के सामने कर्मचारियों ने 28 अक्तूबर 2023 को धरना शुरू किया था। 18 जनवरी को कार्यकारी परिषद की बैठक में कर्मचारियों की मांगों का मुद्दा उठने की बात मौखिक रूप से कही गई, लेकिन न तो बैठक हुई और न ही उनके मुद्दे पर बात हुई। कर्मचारियों ने कहा कि एएमयू इंतजामिया उनके साथ और शिक्षा मंत्रालय को भी बरगला रहा है।

## बरेली में रक्तकोष को मिली संजीवनी, 40 यूनिट हुआ रक्तदान, लोगों ने किया महादान

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में रक्त की कमी से किसी की जान न जाए, इस संकल्प के साथ रविवार को महादानियों ने रक्तदान किया। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में 40 लोगों ने रक्तदान किया। सुबह 10 बजे से शिविर लगा। बारिश के बावजूद लोग इसमें पहुंचे और रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ ब्लड बैंक के इंचार्ज डॉ. केपी सिंह, जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार व अन्य ने संयुक्त रूप से किया। व्यापारी सुरक्षा फोरम के महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला, दीपक द्विवेदी ने रक्तदान किया। व्यापारी सुरक्षा मंडल के सदस्य पटेल नगर निवासी पुनीत भसीन ने भी महादान किया। वहीं, स्वास्थ्य कारणों से कई लोगों की रक्तदान हसरत पूरी न हो सकी।

**माता-पिता और बेटे ने किया रक्तदान:** बड़ा बाजार गढ़ैया निवासी कारोबारी बीएस गुप्ता, उनकी पत्नी चेतना गुप्ता और बेटे निशांत गुप्ता ने रक्तदान किया। बताया कि रक्तकोष में रक्त खत्म होने की जानकारी पर उन्होंने परिवार समेत रक्तदान किया है।




**बेटे संग पहुंचे सत्यपाल:** सिविल लाइंस जंक्शन रोड निवासी सत्यपाल नियमित रक्तदान करते हैं। रविवार को शिविर में बेटे 21 वर्षीय चिराग मेहता को पहली बार रक्तदान कराने पहुंचे थे। चिराग ने शहर के युवाओं से भी रक्तदान की अपील की है।

**शैक्षिक संगठनों का भी रहा सहयोग :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला का सहयोग रहा। जिला संयोजक जितेंद्र गंगवार, जिला सह संयोजक विनोद कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष मझगवां विवेक वर्मा, उपाध्यक्ष बिथरी अनिल कुमार ने रक्तदान किया। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ से हिमांशु सक्सेना, मोर किशन मौर्य ने रक्तदान किया। वीरचंद्र शर्मा, नरेश गंगवार मौजूद रहे।

सीडीओ जग प्रवेश और डीडीओ दिनेश चंद्र यादव के निर्देशन में प्रशासनिक अधिकारी एमपी सिंह, रामनगर के वीडीओ आकाश सागर, बिथरी के कंसल्टिंग इंजीनियर करन सिंह, शाहपुर बनियान फरीदपुर के शिव शंकर गुप्ता, फरीदपुर के सत्यराम यादव, भुता के वीडीओ दानिश खान, सफाईकर्मी राम सिंह, बहेड़ी के एडीओ संजय दीक्षित, ग्राम पंचायत अधिकारी अमित कुमार, वीरेंद्र शाक्य और हेमंत कुमार ने रक्तदान किया।

**इन्होंने भी किया रक्तदान:** सिविल लाइंस के रविंद्र टंडन, अनूप कुमार, आलोक कुमार, बिथरी के सत्यम द्विवेदी, अमेठी जिरहा के अजीत प्रताप सिंह, सीबीगंज बादशाहनगर के अमित कुमार, साउथ सिटी के वीर वरधान, प्रेम नगर के संजीव कुमार, अस्पताल के कर्मचारी संजीव शर्मा, ऑफिसर्स एन्क्लेव के राजीव गुप्ता, बहेड़ी के आदित्य प्रताप सिंह, देवरनिया के राम अवतार, चाहबाई के मिथुन सक्सेना, नवाबगंज अधकटी रब्बानी बेगम के आबिद हुसैन, विश्वनाथ पुरम के विवेक पाठक ने रक्तदान किया।

## नौकरानी खाने में मिला देती नशे की गोलियां, घरवाले सो जाते फिर जो करती... वीडियो देख पुलिस के भी उड़े होश

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में ताजगंज थाना क्षेत्र के एक व्यापारी के घर से नौकरानी ही घर से सामान चोरी कर रही थी। वह खाने से लेकर दूध और चाय में नशे की गोलियां मिला देती थी। इससे परिवार सोता रहे। वह सामान चोरी करके आसानी से अपने घर भेज दे। व्यापारी ने शक होने पर घर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। फुटेज से यह खुलासा हुआ। एक दिन के फुटेज में नौकरानी सब्जी में फर्श पर पड़ी मिट्टी तक डालते नजर आई। उन्होंने थाने में तहरीर दी है। नालंदा टाउन (ताजगंज) निवासी बलदीप सिंह भाटिया का ग्राफिक्स का काम है। वह रविवार को पत्नी कमलजीत कौर के साथ थाना ताजगंज पहुंचे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 में एक महिला मिली थी। वह घरों में काम करती थी। उसने अपने बच्चे की तबीयत खराब बताई। इस पर उसकी मदद कर दी थी। नवंबर 2023 में वो काम मांगने आई।



उसे खाना बनाने के लिए घर में रख लिया। उन्होंने 2500 रुपये महीना तय किया था। घर में सीसीटीवी कैमरे लगे थे। मगर, घर में मरम्मत कार्य के चलते कैमरे हटा दिए गए थे। नौकरानी लगाने के बाद रसोई से खाद्य पदार्थ गायब होने लगे। वहीं कमलजीत कौर दिन में ज्यादा देर तक सोने लगीं। बच्चे भी सो जाते थे। पहले उन्हें लग रहा था कि मौसम का असर है। मगर, बाद में सामान कम होने पर शक हो गया। उन्हें लगने लगा कि नौकरानी चोरी करती है। इस पर गुपचुप रसोई में सीसीटीवी कैमरे लगवा लिए। इसके बाद नजर रखने लगे। एक फुटेज को देखकर वो चौंक गए। वह अपने कपड़ों से एक पुड़िया में कुछ निकालकर खाने, दूध और चाय में मिलाती दिखी। इसके साथ ही एक दिन की फुटेज में जमीन से मिट्टी उठाकर सब्जी में डाल देती है। इससे आशंका है कि वह नींद की गोलियां मिलाती थी। इससे उन्हें ज्यादा नींद आया करती थी।

नौकरानी के खिलाफ हो कार्रवाई

व्यापारी के मुताबिक, यह फुटेज नौकरानी को दिखाए। इससे वह नाराज हो गई। धमकी देने लगी। बाद में चोरी हुआ एक मोबाइल तोड़कर वापस कर गई। दंपती का कहना है कि नौकरानी अपने बेटे को दोपहर में बुलाती थी। वह थैला लेकर आता था।

इसके बाद सामान लेकर जाता था। उनके साथ नौकरानी ने जो किया वो किसी और के साथ नहीं होना चाहिए, इसलिए पुलिस कार्रवाई चाहते हैं। आरोपी को सजा मिलनी चाहिए। वह अपने बच्चों के साथ रहती है। नौकरानी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## पहला रेल कोच रेस्टोरेंट शुरू, 92 तरह के व्यंजनों का मिलेगा स्वाद; केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में रेल में बिना सफर के भी डिब्बे में बैठने का आनंद ले सकते हैं। साथ ही तरह-तरह के व्यंजनों का भी। आगरा कैंट के टैंक चौराहा के पास रेल कोच रेस्टोरेंट रविवार को शुरू हो गया है। यहां 92 तरह के व्यंजनों के स्वाद का मजा लोग ले सकेंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और विधायक डॉ. जीएस धर्मेश ने रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। पिछले साल अप्रैल माह में इसे बनाने की घोषणा हुई थी। रेल कोच रेस्टोरेंट के डायरेक्टर ए.के मलिक ने बताया कि रेल कोच रेस्टोरेंट में 84 लोगों के बैठने की सुविधा है। कोच में 42 और ओपन पार्क में 42 सीटें हैं। इसमें अभी चाइनीज, उत्तर और दक्षिण भारत के प्रसिद्ध 92 तरह के व्यंजन और पेय मिलेंगे। पेठे की स्टॉल भी लगेगी।

**ये मिलेंगी सुविधाएं :** रेस्टोरेंट दोपहर 12:30 से रात 12 बजे तक संचालित रहेगा। यह एनसीआर का पहला रेल कोच रेस्टोरेंट है। यहां पर बच्चों और लोगों को रेल की जानकारी देने के लिए म्यूजियम भी है। भविष्य में एक कोच और बढ़ाने की योजना है। डीआरएम तेजप्रकाश अग्रवाल ने इसे रेलवे की अनूठी पहल बताया। कार्यक्रम में दिगंबर सिंह धाकरे, चेतन सचदेवा आदि मौजूद रहे।

# इन परिस्थितियों में टेस्ट जीतना आसान नहीं: रोहित



**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** भारत ने इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच में 106 रनों से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर की। इस जीत के बाद भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने मुश्किल परिस्थितियों में दमदार प्रदर्शन करने के लिए भारतीय गेंदबाजों की सराहना की। ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के तीन-तीन विकेट की बदौलत भारत ने दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 106 रनों से हरा दिया।

इंग्लैंड ने 399 रन का पीछा करने के लिए अग्रेसिव अप्रोच दिखाया, लेकिन इस तरह के लक्ष्य को हासिल करना हमेशा एक कठिन काम होता है। उन्होंने अपने आक्रामक खेल को जारी रखा। हालांकि, इस बार वो कामयाब नहीं रहे और 69.2 ओवर में 292 रन पर ऑल आउट हो गए। अश्विन ने विशाखापत्तनम में अच्छी गेंदबाजी करते हुए 72 रन देकर 3 विकेट लिए और अब वह 500 टेस्ट विकेट तक पहुंचने से केवल एक विकेट दूर हैं।

रोहित ने मैच के बाद कहा, बुमराह हमारे लिए एक चैंपियन खिलाड़ी है। जब आप इस तरह का मैच जीतते हैं तो आपको ओवरऑल परफॉर्मेंस देखना होगा। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में टेस्ट मैच जीतना आसान नहीं है, लेकिन हमारे गेंदबाजों ने मोर्चा संभाला और जीत पक्की की। वहीं, बल्ले से युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में 209 रन बनाए और रोहित ने उनके प्रयासों की सराहना की। भारतीय कप्तान ने कहा, जायसवाल एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। यह युवा बल्लेबाज अपने खेल को समझता है। निश्चित रूप से उसे अभी लंबा रास्ता तय करना है। यह एक शानदार पारी थी।

उनके पास टीम को देने के लिए बहुत कुछ है, मुझे उम्मीद है कि वह अपनी लय को बनाए रखेंगे। विशाखापत्तनम में श्रृंखला बराबर करने के बाद भारत हैदराबाद में 28 रन की हार से उबरने में कामयाब रहा। सीरीज का अगला मैच 15 फरवरी को राजकोट के एससीए स्टेडियम में होगा, जिससे दोनों टीमों को दस दिन का ब्रेक मिलेगा।

## बैडमिंटन



# सतीशा-आद्या ने किया कमाल, ईरान फजर अंतरराष्ट्रीय चैलेंज में मिश्रित युगल का जीता खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वारियाथ की जोड़ी ने अनुभवी भारतीय जोड़ी एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी को 22-20, 21-14 से खिताबी मुकाबले में पराजित किया। सतीश कुमार करुणाकरन और आद्या वारियाथ की जोड़ी ने 32वें ईरान फजर अंतरराष्ट्रीय चैलेंज टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीत लिया।

दोनों ने अनुभवी भारतीय जोड़ी एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी को 22-20, 21-14 से खिताबी मुकाबले में पराजित किया। भारत के लिए ईरान के याज्द में खेला जा रहा यह टूर्नामेंट शानदार रहा। के साई प्रतीक और कृष्ण प्रसाद की जोड़ी ने पुरुष युगल का खिताब भी अपने नाम किया। इस भारतीय जोड़ी ने फाइनल में मेक्सिको के जोब कैस्टिलो और लुइस अरमांडो मोंटोया को 21-18, 21-19 से पराजित किया।

हालांकि सतीश दोहरा खिताब जीतने से चूक गए। उन्होंने पुरुष एकल के फाइनल में भी जगह बनाई, जहां उन्हें हांगकांग के एनगुएन हाईदांग के हाथों 17-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। सतीश ने अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 का खिताब बीते वर्ष दिसंबर में ओडिशा ओपन के रूप में जीता था। भारत की तस्नीम मीर ने महिला एकल के फाइनल में भी जगह बनाई, लेकिन उन्हें भी हांगकांग की प्रतिद्वंद्वी सिन यान हैपी लो से पराजय मिली। मीर यह मुकाबला 14-21, 12-21 से हारीं।

# संगकारा बोले- टी-20 जैसी लीग से क्रिकेट फेमस हुआ



**कोलंबो, एजेंसी।** कुमार संगकारा श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर हैं। वह फिलहाल साउथ अफ्रीका में हैं। कुमार संगकारा ने कहा कि साउथ अफ्रीका की टी-20 लीग शानदार प्रोग्रेस कर रही है। मैच देखने के लिए दर्शक ग्राउंड तक पहुंच रहे हैं।

इस तरह की लीग से क्रिकेट फेमस हो रहा है और खिलाड़ी भी पैसे की समस्या से नहीं जूझ रहे। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर संगकारा मेरिलबोन क्रिकेट कमेटी में वर्ल्ड क्रिकेट कमेटी के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि टी-20 में सभी 6 टीमों को दर्शकों से बहुत ज्यादा सपोर्ट मिल रहा है। यही लीग की सबसे बड़ी ताकत है।

फैंस अपनी लोकल टीमों को सपोर्ट करने के लिए ग्राउंड तक पहुंच रहे हैं। प्लेयर्स, उनकी फैमिली और बच्चे तक स्टेडियम में मैच देख रहे हैं। क्रिकेट या किसी लीग को बढ़ाने के लिए दर्शकों का ग्राउंड तक पहुंचना बहुत जरूरी है।

# मोहम्मद शमी का पाकिस्तान को दो टूक जवाब- किसी में दम नहीं जो मुझे सजदा करने से रोक सके

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया। पाकिस्तान के लोगों ने शमी के सजदा करने पर सवाल उठाए थे। वर्ल्ड कप 2023 के दौरान ऐसा हुआ था, लेकिन मोहम्मद शमी ने कहा है कि किसी में इतना दम नहीं है, जो उन्हें सजदा करने से रोक सके। उन्होंने ये भी कहा कि उन्होंने सबसे ज्यादा पाकिस्तान को धोया है। मोहम्मद शमी ने वर्ल्ड कप 2023 फाइनल को लेकर भी बात की। मोहम्मद शमी से न्यूज18 के शो में




पूछा गया कि पाकिस्तान में अपके सजदा करने को लेकर सवाल उठाए गए। इस पर उन्होंने कहा, मैंने सबसे ज्यादा पाकिस्तानियों को धोया है। किसी में दम है जो मुझे सजदा करने से रोक सके। मैंने ग्राउंड पर तो कभी किया ही नहीं सजदा। मैंने पांच विकेट पहले भी लिए हैं, लेकिन कभी सजदा नहीं किया। मैं इंडिया का हूं फक्र से कहता हूं। मैं मुस्लिम हूं ये भी मैं फक्र से कहता हूं। इसी शो में मोहम्मद शमी ने आगे कहा, वर्ल्ड कप में जो परफॉर्म किया है उस पर सब बात करते हैं, लेकिन 2013-2014 से हमने ये जर्नी स्टार्ट की। ऐसा लग रहा है हमने अच्छा प्लेटफॉर्म सेट किया। मुझे लगता है कि बीते साल-आठ सालों में हमने हर कंट्री को उसके घर में मारा है। वर्ल्ड कप 2023 में भी हम अच्छा खेले, लेकिन फाइनल में नहीं जीत पाए, जिसका दुख था। हर कोई अब तेज गेंदबाजों की बात करता है।

# न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 21 फरवरी से टी20 सीरीज खेली जानी है। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान मिचेल मार्श संभालेंगे। टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया ने फुल स्ट्रैंथ वाली टी20 टीम मैदान में उतारी है। तीन-तीन मैचों की यह श्रृंखला अमेरिका में टी20 विश्व कप से पहले अंतिम द्विपक्षीय श्रृंखला होगी।

ऑस्ट्रेलिया ने ब्लैककैप्स के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए अनुभवी खिलाड़ियों को वापस बुला लिया है। तेज गेंदबाज पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क के साथ-साथ बल्लेबाज ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ न्यूजीलैंड दौरे के लिए टी20 टीम में वापसी कर रहे हैं, जिन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार से होबार्ट में शुरू होने वाली घरेलू श्रृंखला से आराम दिया गया है। इन दिनों ऑस्ट्रेलियाई टीम खिलाड़ियों के चोट से काफी परेशान है, लेकिन अब उन्हें इससे राहत मिलती नजर आ रही है। वे विंडीज और




ब्लैककैप्स के खिलाफ छह मैचों की टी20 श्रृंखला में प्रवेश कर रहे हैं जो विश्व कप से पहले इस प्रारूप में उनका अंतिम द्विपक्षीय मुकाबला होगा।

टीम चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा- अगले छह मैच हमें यह तय करने का अवसर प्रदान करेंगे कि हम क्या सोचते हैं और हमारी विश्व कप टीम कैसी होगी। हम विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नज़र रखने और देखने के अवसर का भी पूरा उपयोग करेंगे।

### ऑस्ट्रेलिया टीम:

डेविड वॉर्नर, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श (कप्तान), जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, टिम डेविड, मैथ्यू वेड, स्टीव स्मिथ, मैट शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क, नाथन एलिस और एडम जम्पा।

# 6 महीने पहले शोएब अख्तर उड़ा रहे थे बुमराह का मजाक, अब मुंह पर तमाचा लग गया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अपनी बेहतरीन गेंदबाजी से इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में छा गए। बुमराह ने टीम इंडिया के लिए दोनों पारियों को मिलाकर 6 विकेट अपने नाम किए। बुमराह पिछले कुछ समय से चोटिल होने के कारण टीम से अंदर-बाहर होने लगे थे। कई क्रिकेट एक्सपर्ट्स मानने लगे थे कि उनका करियर अब खत्म हो गया है। इसमें पाकिस्तान के पूर्व पेसर शोएब अख्तर का भी नाम शामिल है। शोएब ने पिछले साल जुलाई में जब बुमराह को चोट लगी थी तो उन्होंने कहा था कि बुमराह का एक्शन लंबे समय तक नहीं चलने वाला है। शोएब का मानना था कि बुमराह का एक्शन फ्रंट-ऑन है। इसका मतलब यह हुआ कि जब बुमराह गेंद फेंकते हैं तो उनका उनका शरीर सामने की ओर आ जाता है, जबकि शोएब समेत ज्यादातर पेसर साइन ऑन रहते हैं। शोएब अख्तर ने कहा था कि फ्रंट ऑन एक्शन वाले गेंदबाजों की पीठ में एक बार चोट लग जाए तो फिर कितनी भी कोशिश कर लें, वह पहले जैसे गेंदबाजी नहीं कर पाता है, लेकिन भारत के इस धाकड़ गेंदबाज ने जिस तरह से वापसी की है उससे शोएब अख्तर को करारा जवाब मिल गया है।

### टेस्ट क्रिकेट में बुमराह के नाम सबसे तेज 150 विकेट

इंग्लैंड के खिलाफ जसप्रीत बुमराह को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। विशाखापत्तनम में खेले गए टेस्ट मैच में बुमराह ने एक से बढ़कर एक गेंद डाली जिसमें ओली पोप को किए गए उनकी यॉर्कर गेंद तो अद्भुत थी। इंग्लैंड के खिलाफ इस मैच में ही बुमराह भारत के लिए टेस्ट में सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने।

# भरत को टेस्ट सीरीज में खराब बल्लेबाजी के बाद भी मौका मिलेगा या नहीं, द्रविड़ ने दिए संकेत




**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में केएस भरत टीम इंडिया के लिए विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, लेकिन उनकी बल्लेबाजी ने दो मैचों की 4 पारियों में निराश किया है। इसकी वजह से केएस भरत की आलोचना हो रही है, लेकिन इसके बावजूद टीम इंडिया को मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने उनका बचाव किया। केएस भरत फिलहाल ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में भारत के लिए टेस्ट में नियमित रूप से विकेटकीपर की भूमिका निभा रहे हैं।

राहुल द्रविड़ ने दूसरे टेस्ट में मिली जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि निराश एक बड़ा शब्द है और मैं इसका इस्तेमाल भरत के लिए नहीं करूंगा। युवा खिलाड़ियों को विकसित होने के लिए समय चाहिए और वह अपनी गति से आगे बढ़ रहे हैं। एक कोच के रूप में आप ऐसे युवा खिलाड़ी चाहते हैं जो टीम में आकर अपनी जगह मजबूत कर सकें। द्रविड़ ने केएल भरत की तारीफ करते हुए कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में उनकी कीपिंग वास्तव में अच्छी रही है। हालांकि वह अपनी बल्लेबाजी में और ज्यादा बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। उन्होंने अब तक अलग-अलग ट्रैक पर खेला है और उन्हें बेहतर योगदान देने का अवसर मिला है।राहुल द्रविड़ ने आगे कहा कि केएस भरत को टीम के लिए बेहतर योगदान देने का मौका मिला है। निश्चित रूप से बल्लेबाजी एक ऐसा एरिया है जिसमें उन्होंने वास्तव में अच्छा किया है। इस स्तर तक इसलिए पहुंचे हैं क्योंकि उन्होंने ए लेवल पर भी शतक लगाए हैं। उन्होंने इससे पहले इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए के लिए शतक लगाया था और फिर टेस्ट सीरीज में उनकी एंट्री हुई। वह अच्छी फॉर्म के साथ आए थे, लेकिन कुछ मैचों में उनका यह फॉर्म क्लिक नहीं कर पाया। आपको बता दें कि भारत को अब इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट मैच राजकोट में 15 फरवरी से खेलना है।




# शारापोवा की सुंदर पोशाकों ने भारत की श्रीवल्ली को टेनिस खेलने के लिए प्रेरित किया

**मुंबई, एजेंसी।** आमतौर पर कुछ खास होता है, जो युवाओं को खेल के लिए प्रेरित करता है और भारत की होनहार महिला टेनिस खिलाड़ी श्रीवल्ली भामिदिपति के मामले में यह पूर्व विश्व नंबर 1 मारिया शारापोवा द्वारा पहनी गई खूबसूरत पोशाकें थीं, जिसने उनके खेल के प्रति जुनून जगाया।

मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में सबसे होनहार भारतीय महिला टेनिस खिलाड़ियों में से एक, श्रीवल्ली ने क्वालीफाइंग दौर में दो बहुत प्रभावशाली गेम जीतकर टूर्नामेंट की सनसनीखेज शुरुआत की। हैदराबाद का 22 वर्षीय खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित आयोजन में एक ठोस छाप छोड़ने का इच्छुक है, जो छह साल के अंतराल के बाद मुंबई लौट रहा है और प्रतिष्ठित क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में खेला जा रहा है। हालांकि, एकल और युगल दोनों में मौजूदा भारतीय राष्ट्रीय चैंपियन को प्रेरित और प्रेरित करने वाली बात पूर्व विश्व नंबर 1 मारिया शारापोवा थीं, जिनकी पोशाक ने उनका ध्यान खींचा। उन्होंने कहा, मैं मारिया शारापोवा की तस्वीरें देखता था और मुझे उसके सुंदर कपड़े बहुत पसंद आते थे।

मैं भी ऐसी सुंदर पोशाकें पहनना चाहती थी और यही कारण है कि मैंने 11 साल की उम्र में टेनिस खेलना शुरू किया और इस खेल से जुड़ गई। टेनिस खेलने से मुझे सुंदर पोशाकें पहनने का मौका मिला। इसलिए, मेरे लिए खेलों में आना काफी आकस्मिक था। एक खेल परिवार से आने वाली, जहां उनकी मां एक बास्केटबॉल खिलाड़ी थीं और उनके पिता क्रिकेट और कराटे खेलते थे, श्रीवल्ली ने खेल से परिचित होने के कुछ वर्षों के भीतर ही टेनिस को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया। उन?होंने आगे कहा, ÷मेरे लिए, यह हमेशा एक रोलर-कोस्टर सवारी थी।

# टी-20 लीग में हिस्सा ले रहे फैबियन एलन के साथ बंदूक की नोक पर हुई लूटपाट, सदमे में है क्रिकेटर

साउथ अफ्रीका टी20 लीग में हिस्सा ले रहे वेस्टइंडीज के खिलाड़ी के फैबियन एलन के साथ गन पॉइंट पर लूटपाट का मामला सामने आया है। हालांकि फैबियन सुरक्षित है लेकिन इस घटना से सुरक्षा पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। नई दिल्ली, एजेंसी। वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर फेबियन एलन को हाल ही में जोहान्सबर्ग में बंदूक की नोक पर लूट लिया गया था। यह घटना उनके लिए बहुत ही भयानक थी। 28 साल के इस ऑलराउंडर को उनके होटल के बाहर ही लूटा गया, जिससे वे काफी परेशान हैं।



लुटेरों ने बंदूक दिखाकर उनका फोन, बैग और बाकी सामान छीन लिया। इस घटना के बाद साउथ अफ्रीका टी20 लीग में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। कई सूत्रों ने इस घटना की पुष्टि की है। क्रिकेट वेस्टइंडीज के एक सूत्र ने बताया कि एलन को कोई चोट नहीं आई है। उन्होंने यह भी बताया कि उनसे संपर्क हो गया है और वह ठीक हैं। हालांकि, अभी तक इस घटना के बारे में और अधिक जानकारी नहीं मिल पाई है। लुटेरों का अभी तक कोई पता नहीं चला है और खिलाड़ी से भी संपर्क नहीं हो पाया है। यह लीग के दूसरे सीजन में दूसरी बार है जब खिलाड़ियों के साथ सुरक्षा से जुड़ी कोई घटना हुई है। लीग अभी प्ले-ऑफ्स के दौर में है। फाइनल 10 फरवरी को खेला जाएगा।




# एमएस धोनी से जुड़े केस में पूर्व आईपीएस को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर लगाई रोक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने न्यायालय की अवमानना के एक मामले में सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी जी. संपत कुमार को बड़ी राहत दी है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की याचिका पर मद्रास उच्च न्यायालय की ओर से सुनाई गई 15 दिन की कैद की सजा पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पूर्व आईपीएस अधिकारी कुमार की याचिका पर उनकी सजा पर अंतरिम रोक का आदेश पारित किया। पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले की वैधता को चुनौती देने और अंतरिम राहत की गुहार वाली कुमार की याचिका पर धोनी को नोटिस जारी किया। मद्रास उच्च न्यायालय ने मैच फिक्सिंग के एक कथित मामले में जांच से संबंधित कुछ सामग्री के प्रकाशन के बाद धोनी द्वारा दायर सिविल मुकदमे और अवमानना याचिका पर अपना आदेश पारित किया था।

न्यायालय ने दिसंबर 2023 में धोनी द्वारा दायर अवमानना याचिका पर सेवानिवृत्त आईपीएस कुमार को 15 दिन के कारावास की सजा सुनाई थी। न्यायालय ने अपने इस फैसले के खिलाफ अपील करने के लिए पूर्व पुलिस अधिकारी को 30 दिन का समय दिया और तब तक सजा स्थगित कर दी थी। धोनी ने शुरू में इंडियन प्रीमियर लीग सट्टेबाजी मामले में उनके खिलाफ मैच फिक्सिंग के आरोप लगाने पर 2014 में तमिलनाडु पुलिस के सीआईडी विभाग के पुलिस अधिकारी कुमार और एक टेलीविजन चैनल के खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper
औरंगाबाद

## एक नजर

### सोन नदी से महुआ शराब हुआ बरामद

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** नवीनगर के बड़ेम ओपी क्षेत्र के न्यू नगर मझियांव सोन दियारा से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान थानाध्यक्ष सिमरन राज एवं सशस्त्र बल के द्वारा 50 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को देख शराब धंधेबाज महुआ शराब छोड़कर भागने में सफल रहा। महुआ शराब को जप्त कर थाना लाया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मना आरएलजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का 64वां जन्मदिन

**गोह (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** गोह स्थित रालोजद कार्यालय में मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा का 64वां जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू कुशवाहा की अध्यक्षता में एक बैठक भी की गई। बैठक का संचालन जिला महासचिव सतीश शर्मा ने किया। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन पर निर्णय लिया कि आनेवाले लोकसभा चुनाव में उपेन्द्र कुशवाहा को काराकाट लोक क्षेत्र से रिकॉर्ड मतों से जिताने के लिए गांव-गांव जाकर प्रचार प्रसार करेंगे। बैठक में युवा रालोजद के प्रदेश महासचिव चितरंजन वर्मा, पार्टी नेता राकेश रौशन, विनय सिंह, धनंजय वर्मा, विनोद शर्मा, चितरंजन ठाकुर, रामदीप साव, रामप्यारे शर्मा, अनील वर्मा, कामता प्रसाद, अनुज महतो एवं पार्टी के पंचायत अध्यक्ष तथा प्रखंड पदाधिकारी शामिल रहे।

### रफीगंज में हाई मास्क लाइट लगाने का कार्य

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह की अनुशंसा पर रफीगंज विधानसभा क्षेत्र में रफीगंज शहर के बस स्टैंड चौराहा, जाखिम रेल्वे स्टेशन रोड़, कजपा के दुर्गा चौक एवं कासमा बाजार के महुआइन मोड़ पर हाई मास्क लाइट लगाने का शुभारंभ अलका कंट्रक्शन द्वारा पूजन पाठ एवं नारियल फोड़कर किया गया। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष संतोष साव, व्यावसायिक प्रकोष्ठ के संयोजक अरविंद कुमार शौंडिक, कजपा में भाजपा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष सह पंचायत समिति प्रतिनिधि डॉ. गोपाल प्रसाद, कासमा में मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया सहित अन्य ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए सांसद के प्रति धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

### बेटी ने निभाया बेटे का फर्ज, पिता की अर्थी को दिया कंधा

**गोह(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** केंद्र सरकार की बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान से प्रेरित होकर बेटियां न सिर्फ पढ़-लिखकर जॉब हासिल करने का दम दिखा रही है बल्कि सामाजिक मर्यादाओं के निर्वहन में आगे आकर परंपरागत रुढ़िवादी रीति-रिवाजों को तोड़ने का भी साहस दिखा रही है। ऐसी ही साहस बिहार के औरंगाबाद के गोह के जमुआईन गांव की एक बेटी ने भी दिखाई है। समाज की रूढ़िवादी परंपरा से आगे बढ़कर इस बेटी ने न केवल अपने पिता की अर्थी को कंधा देकर शमशान घाट तक पहुंचाया बल्कि रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार भी किया। इस बेटी ने इस कारण दिया पिता की अर्थी को कंधा*-पिता की अर्थी को कंधा देनेवाली सुमन कुमारी गोह प्रखंड के जमुआईन गांव निवासी दिनेश महतो व उनकी पत्नी पुष्पा देवी की इकलौती संतान है। वह इंटर की छात्रा है। दिनेश महतो करीब 15 वर्षों से सिकंदराबाद शहर में रहकर निजी कंपनी में काम करते थे। पिछले 2 वर्ष से वे लगातार बीमार चल रहे थे। जब डॉक्टरों से जांच कराई गई तो उन्हें चिकित्सकों ने हार्ट का ऑपरेशन करने की सलाह दी। लगभग आठ माह पूर्व उनका ऑपरेशन भी हुआ। इस दौरान उनकी माली हालत खराब हो गई। किसी तरह दवा के साथ-साथ घर का गुजारा होने लगा। इस दौरान कई लोगों से लिए कर्ज के बोझ से परिवार दब गया। आखिरकार दिनेश महतो का सोमवार को देर रात निधन हो गया। सबने की बेटी द्वारा बेटे का फर्ज निभाने की सराहना*-निधन के बाद दाह संस्कार के लिए अर्थी शमशान ले जाने के लिए पिंड देने, कंधा देने और मुखाग्नि की बात शुरू हुई तो रूढ़िवादी परंपरा के अनुसार मृतक के भतीजों से यह सब कराने पर चर्चा होने लगी।

# घरेलू विवाद में 30 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** एक महिला ने घरेलू विवाद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला सलैया थाना क्षेत्र के सदोसराय गांव की है। मृतिका की पहचान उस गांव निवासी अनुज शर्मा की 30 वर्षीय पत्नी मीरा देवी के रूप में हुई है। मृतिका का मायका मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव में पड़ता है जिसके तीन छोटे-छोटे बच्चे है। इस घटना से बच्चें और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार मामूली विवाद में महिला ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष अंकित कुमार ने बताया कि मृतिका का पति सूरत के किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता है, देर शाम पति और पत्नी के बीच फ़ोन पर बातचीत हुई , इसी क्रम में किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गई जिसमें पत्नी ने थोड़ी देर बाद फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। वहीं मंगलवार को सूचना मिलने पर एसआई दयाशंकर चौबे एवं प्रभु शंकर राम दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि मामले में अब तक कोई आवदेन प्राप्त नहीं हुआ है। प्राप्त होने पर संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई की जाएंगी।

## सड़क हादसा में आशा वर्कर की मौत, परिवार मे मचा कोहराम

निज संवाददाता




**कुटुंबा (औरंगाबाद)।** जिले मे सड़क हादसा में एक आशा वर्कर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना अंबा थाना क्षेत्र के चौक के पास की है। मृतक महिला की पहचान कुटुंबा के दाधपा निवासी अनीता देवी के रूप में की गई है। मृतक महिला के परिजनों ने बताया कि महिला आशा के काम करती थी और मंगलवार की सुबह बैंक में पैसा निकालने के लिए घर से गई थी। तभी तेज रफ्तार हाईवे ने अपने चपेट में ले लिया जिससे कि महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद आकर्षित लोगों ने सड़क को जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर मामले को शांत कराया और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुड़ गई है।

## संयुक्त कृषि भवन के प्रांगण में दो दिवसीय किसान मेला-सह-कृषि प्रदर्शनी का आयोजन

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** मंगलवार को संयुक्त कृषि भवन, औरंगाबाद के प्रांगण में आत्मा योजनान्तर्गत दो दिवसीय ''किसान मेला-सह-कृषि प्रदर्शनी'' कार्यक्रम 2023-24 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उदघाटन प्रमिला देवी, जिला परिषद्, अध्यक्ष, ललित भुषण रंजन, अपर समाहर्त्ता, औरंगाबाद, राम ईश्वर प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं वरिय वैज्ञानिक-सह-प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरीस के द्वारा किया गया। ''किसान मेला-सह-कृषि ्रदर्शनी'' में विभिन्न प्रखंड से आये प्रगतिशिल किसानों के द्वारा कृषि प्रदर्शनी लगाया गया है। कृषि प्रदर्शनी में संजय कुमार सिंह, ग्राम-बेलाड़ी के द्वारा फुलगोभी, बन्दागोभी, पपीता, सलजम, परसबिन एंव ब्रौकली, शशारदा कुमारी, कदु, बैगन, टमाटर ब्रजेश कुमार, ग्राम-कदिआही, ओबरा के द्वारा सोंठ, लहसुन, चुकन्दर, अंजीर, आम एवं पुष्प, सत्यनारायण सिंह, ग्राम-बेरी, मदनपुर के द्वारा शिमला मिर्च, करैला रेखा कुमारी, ग्राम-दधपी, गोह के द्वारा पपीता, शलजम, ब्रौकली, गाजर ब्रजकिशोर मेहता, ग्राम-चिल्लहकी विगहा अम्बा के द्वारा स्ट्रा बेरी आदि के साथ जैविक खेती से किये गये खेती का यथा सब्जी, फल एंव फूल का कृषि प्रदर्शनी लगाया गया। साथ ही कृषि वैज्ञानिक के द्वारा गरमा मौसम में उगाई जाने वाली फसलों की वैज्ञानिक खेती किसान भाई कैसे करें, ताकि फसलों की उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ायी जा सके। अपर समाहर्त्ता द्वारा बताया गया कि परम्परागत कृषि के अतिरिक्त नई तकनिकी आधारित विशेष फसलों पर यथा सरसो, मक्का, स्ट्राबेरी, पपीता आदि की खेती करने हेतु विशेष जोड़ दिया गया। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा गराम बीज वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, पी. किसान एवं अनुदान प्रत्यक्षण के बारे में जिला कृषि पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा बताया गया। सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण द्वारा रबी एवं गराम फसलों में लगने वाले किट व्याधी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं पौधा संरक्षण विभाग से संचालित होने वाले योजनाओं यथा ड्रोन, खेती बाड़े कृषि क्लिनिक के बारे में सभी किसान भाईयों को जानकारी दी गई।

## शादी डांस में हत्या का आरोपी दोषी करार, नौ फरवरी को सुनाई जाएगी सजा

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** मंगलवार को व्यवहार न्यायालय में एडीजे-10 रत्नेश्वर सिंह ने ओबरा थाना कांड संख्या -97/19 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन बंदी अभियुक्त अभिषेक कुमार उर्फ अभिषेक गिरी रामपुर ओबरा को भादंवि धारा -302/34 और आर्म्स एक्ट की धारा -25(1- बी)ए,26 और 27 के अंतर्गत दोषी पाते हुए जेल भेज दिया। वहीं सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई की तिथि 09/02/24 निर्धारित किया गया है। अभियोजन की ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी सूचक चितरंजन दुबे रामपुर अरंडा ओबरा ने 17/04/19 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा था कि गांव में बराती आई थी। रात 10 बजे कुछ ग्रामीणों के साथ मेरा पुत्र बबलू दूबे भी नाच रहा था। अभियुक्त के साथ नाचते समय बबलू का विवाद हो गया तो अभियुक्त ने देशी कट्टा से गोली मारकर बबलू दूबें को बुरी तरह से ज़ख्मी कर दिया। सदर अस्पताल से जमुहार अस्पताल गए। जहां बेहतर इलाज के लिए बनारस जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। जाब्ती सूची मनोज कुमार पांडेय पु .अ. नि.ओबरा ने बनाया था।

## डाक विभाग के पत्र लेखन प्रतियोगिता में जीत सकेंगे 50 हजार

**पटना (नि.सं.)।** डाक विभाग युवाओं के लिए यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। प्रतियोगिता 29 फरवरी को होगी। इसमें भाग लेकर अपनी बेहतरीन लेखनी से 50 हजार रुपये तक की पुरस्कार राशि जीत सकते हैं। इसमें 9 से 15 साल के बच्चे भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता 150 वर्षों से यूपीयू ने आठ पीढ़ियों से अधिक समय से दुनिया भर के लोगों की सेवा की है। तब से दुनिया बहुत बदल गई है। आने वाले पीढ़ियों को उस दुनिया के बारे में एक पत्र लिखें जिसके बारे में आप आशा करते हैं कि वे उन्हें विरासत में मिलेगी विषय पर आयोजित होगी। प्रतिभागियों को 23 फरवरी तक संबंधित प्रभाग के जरिये आवेदन करना होगा।

## उमगेश्वरी महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर डीएम ने की बैठक

निज संवाददाता



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में मदनपुर प्रखंड में उमगेश्वरी महोत्सव के सफल आयोजन की तैयारी से संबंधित एक बैठक आहूत की गई। उमगेश्वरी महोत्सव का आयोजन सर्वसम्मति से महाशिवरात्रि के दिन अर्थात 8 एवं 9 मार्च को 2024 को कराने का निर्णय लिया गया। दिनांक 8 मार्च 2024 को महोत्सव का उद्घाटन 10:30 बजे पूर्वाह्न में किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में ख्याति प्राप्त कलाकार एवं स्थानीय कलाकार के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। कलाकारों के चयन के संबंध में उपस्थित लोगों से विचार विमर्श किया गया। स्थानीय एवं बाहरी कलाकारों का चयन कर बिहारी संस्कृति एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया है। यह भी निर्णय लिया गया कि यथासंभव जाने-माने स्थानीय जिले के कलाकारों एवं राज्य स्तरीय राष्ट्रीय कलाकारों को समिति के माध्यम से समिति के सदस्यों द्वारा का चयन किया जाएगा। कलाकारों के चयन के लिए अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में एक समिति गठन करने का निर्देश दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भजन का कार्यक्रम शाम 4:00 बजे तक सुरक्षा की दृष्टिकोण से समाप्त करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एवं छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। जिसकी जिम्मेदारी प्रखंड विकास पदाधिकारी मदनपुर को दी गई। कार्यक्रम स्थल एवं आवश्यक स्थलों को सुसज्जित एवं लेवलिंग करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रोग्राम पदाधिकारी मदनपुर को दिया गया साथ ही साथ संपर्क पथ की मरमती कराने हेतु कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य प्रमंडल औरंगाबाद निर्देश दिया गया। इसके अलावा महोत्सव स्थल पर चिकित्सा,पेयजल फायर ब्रिगेड की गाड़ी एवं एंबुलेंस की व्यवस्था करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। महोत्सव को आकर्षक बनाने हेतु पूरे महोत्सव क्षेत्र पहुंचने वाले सभी रास्तों पर जगह-जगह आकर्षक तोरण द्वार एवं लाइट की व्यवस्था की जाएगी। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरे महोत्सव क्षेत्र को सुसज्जित ढंग से लाइट एवं डेकोरेटेड किया जाएगा ताकि दूर से ही उमगेश्वरी महोत्सव का भव्य स्वरूप नजर आए। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत, वरीय उप समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शनी,वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मदनपुर, जिला परिषद सदस्य मदनपुर,मंदिर न्यास समिति के सदस्य गण एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रेडकॉस सोसाईटी ने ब्लड बैंक में लगाया रक्तदान शिविर

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाईटी, द्वारा मंगलवार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन रक्त अधिकोष में रक्त की कमी को देखते हुए रेडक्रॉस की प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य अजीत चंद्रा के नेतृत्व में किया गया। शिविर में दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया। श्री चंद्रा ने बताया कि रक्त अधिकोष में रक्त की भारी कमी हो गई थी। इसे देखते हुए रेडक्रॉस द्वारा रक्तदान शिविर लगाकर रक्त की कमी की पूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है। अलग-अलग स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें स्वेच्छा से लोगों को रक्तदान करने की अपील की जाएगी। जितनी ज्यादा जरूरत है, उतना ज्यादा रक्त ब्लड बैंक में नहीं रहने के कारण औरंगाबाद में मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। इसी को देखते हुए रक्तदान शिविर लगाया, गया जिसमें लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में राहुल विक्रम, सागर कुमार, राजेश कुमार, रौशन सिंह, अभिषेक रवि, अजीत कुमार, सुजीत सिंह, राजीव कुमार, नवीन कुमार, ओम प्रकाश, सोनू सिंह, राकेश कुमार, अनिल कुमार, मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह एवं पैक्स अध्यक्ष अमित रंजन आदि शामिल है। रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने बताया कि रेडक्रॉस ब्लड बैंक में रक्त खर्च होने से खून की कमी हुई है। अब रेडक्रॉस रक्तदान करने को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाएगा ताकि ज्यादा ज्यादा लोग रक्तदान करें। रक्त अधिकोष में रक्त की कमी होने से जिले के अलग-अलग प्राईवेट और सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को काफी दिक्कत आती है और उन्हें इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता है। इसे देखते हुए रक्त की कमी को दूर करने के लिए अलग-अलग स्थान पर रक्तदान करने को लेकर अपील की जा रही है। रेडक्रॉस लगातार रक्तदान कराएगी ताकि रक्त की कमी को दूर किया जा सके। इस अवसर पर रेडक्रॉस के सचिव दीपक कुमार, आदित्य श्रीवास्तव, चंदन कुमार, रक्त अधिकोष के कर्मचारी द्वारिका जायसवाल, चंदन कुमार, विकास कुमार एवं गुड्डू आदि मौजूद रहे।

## केवाईपी सेंटर पर प्रशिक्षणार्थियों को मिला प्रशिक्षण प्रमाण पत्र



निज संवाददाता

**हसपुरा(औरंगाबाद)।** बिहार सरकार द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र के हसपुरा ब्लॉक कैम्पस में मंगलवार को प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर केंद्र संचालक शम्भू शरण सिंह ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना से साधारण परिवार के लड़के लड़कियां भी निःशुल्क प्रशिक्षण लेकर लाभ उठा रहे हैं।इसी योजना के तहत स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से चार लाख रुपये की राशि टेक्निकल एजुकेशन के लिए सरकार मुहैया करा रही है। इसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। समारोह की अध्यक्षता एलएफ शहबाज मिनहाज ने की जबकि संचालन मंटू कुमार ने किया। इस अवसर पर आदित्य कुमार एवं जेबा आरा भी उपस्थित रहे।

## एचओपीसी की सदस्या ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान



निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** सामाजिक संगठन हैंड्स ऑफ प्रकाश चंद्रा(एचओपीसी) की सदस्य शहर के वार्ड-14 महावीर चबूतरा निवासी पिंकी कुमारी ने मौलाबाग निवासी स्व. रामशरण तांती की पत्नी गिरिजा कुंवर के लिए रक्तदान कर जान बचाई। गिरिजा कुंवर के लिए रक्त की जरूरत की जानकारी एचओपीसी के सदस्य डॉ. हैदर अली के माध्यम से भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, दाउदनगर के सचिव, राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष, एचओपीसी के संरक्षक एवं लोजपा(रामविलास) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश चंद्रा को मिली। जानकारी मिलते ही डॉ. चंद्रा ने अपने साथियों से मदद के लिए आगे आने का आग्रह किया। आग्रह पर एचओपीसी की सदस्य पिंकी कुमारी ने अस्पताल पहुंच कर गिरिजा कुंवर के लिए रक्तदान कर उनकी जीवन रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस नेक कार्य के दौरान चिंटू मिश्रा, सुनील कुमार, मिस्टर खान, संदीप कुमार, पंकज कुमार, विकास कुशवाहा एवं डब्लू यादव मौजूद रहे। वही डॉ. चंद्रा ने पिंकी कुमारी की सेवा भावना को प्रणाम किया है। तारीफ करते हुए कहा कि पिंकी जैसी युवती नारी शक्ति की प्रतीक हैं। हमारे समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने गिरिजा कुंवर के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की है।

## सांसद सुशील सिंह के प्रयास से एएन रोड स्टेशन पर कालका मेल ट्रेन के ठहराव की स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार के प्रयास से अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर ट्रेन नंबर-12311/12312 हावड़ा कालका नेताजी एक्सप्रेस के ठहराव की स्वीकृति मिल गई है। यह ट्रेन हावड़ा जंक्शन से कालका तक जाएगी। ट्रेन के ठहराव पर सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। सांसद शीघ्र ही हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को स्टेशन से रवाना करेंगे। गौरतलब है कि सांसद ने प्रयास कर औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव कराया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगातार विकास का कार्य तेजी से हो रहा है। अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन बहुत ही आकर्षक और सुविधाजनक हो रहा है। इस नेक कार्य के लिए लोकसभा क्षेत्र और जिलावासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद सुशील कुमार सिंह को भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, कर्नल सुधीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शुभेंदु शेखर सिंह, रमन सिंह, लोकसभा संयोजक अनिल शर्मा, अंजली सिंह, सारिका शेखर, गुड़िया सिंह, केदार सिंह, जिला परिषद धनंजय सिंह, प्रदीप चौरसिया, सुबोध सिंह, रवि सिंह, आशु अभिनव, अमिताभ सिंह उर्फ मुन्ना सिंह लोगो ने धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है।

## बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर आएंगे मुख्य चुनाव आयुक्त

**पटना (नि.सं.)।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग की पूरी टीम 19 फरवरी की शाम को बिहार दौरे पर पटना आएगी। इस टीम में चुनाव आयुक्त अनुपचंद्र पांडेय एवं अरूण गोयल सहित चुनाव आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे। आयोग ने अपने बिहार दौरे की सूचना बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय को भेजी है। आयोग की टीम तीन दिवसीय दौरे के क्रम में 20-21 फरवरी को राज्य के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, आलाधिकारियों एवं जिलों में तैनात जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ चुनाव तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक करेगी। टीम लोकसभा चुनाव के पूर्व सभी राज्यों के दौरे के क्रम में बिहार में पहुंचेगी।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष स्वर्ण जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433

बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
बिहार के किसानों के लिए महत्वपूर्ण सूचना
(i) विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था अंतर्गत खरीफ विपणन मौसम, 2023–24 में धान साधारण का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपया प्रति क्विं0 तथा धान ग्रेड ए0 का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2203 रुपया प्रति क्विं0 निर्धारित है।
(ii) खरीफ विपणन मौसम, 2023–24 में दिनांक 01.11.2023 से उत्तर बिहार तथा दिनांक 15.11.2023 से दक्षिण बिहार के जिलों में धान की अधिप्राप्ति प्रारंभ की गयी है, जो 15.02.2024 तक प्रभावी है।
(iii) धान अधिप्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 15.02.2024 निकट भविष्य में समाप्त हो रहा है तथा इसमें किसी प्रकार की वृद्धि संभावित नहीं है।
(iv) किसान भाइयों से अनुरोध है कि दिनांक 15.02.2024 तक निकटतम पैक्स/व्यापार मंडल द्वारा स्थापित क्रय केन्द्रों के माध्यम से धान अधिप्राप्ति कराकर भारत सरकार द्वारा निर्धारित उपरोक्त न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठावें।
सरकार के सचिव
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना
PR- 016899 ( Food ) D. 2023-24